CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 11-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFP User: cci Time: 01-11-2026 00:36 Color:

कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित) › रविवार, 11 जनवरी 2026 › पौष 22 शक संवत 1947, माघ कृष्ण नवमी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG पेज 18* › मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow twitter.com/nbtlucknow Vol 8 no. 11

सुप्रीम कोर्ट पहुंची ED और ममता की तकरार ▸p9

NBT नवभारत टाइम्स

भारत vs न्यूज़ीलैंड
पहला वनडे आज
1:30pm से, वडोदरा, टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर ▸p11

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

सोना लॉकर में सो रहा है?
सोना लीज़ पर दें
प्रति वर्ष 5% तक अधिक सोना पाएं
myGold
For more details: +91-90 4445 4178

WPL आज के मैच

दिल्ली कैपिटल्स vs गुजरात जॉयंट्स
7:30pm से, नवी मुंबई में

गुजरात जायंट्स ने यूपी वॉरियर्ज को 10 रन से हराया

उधर मुंबई इंडियंस ने भी दिल्ली कैपिटल्स को 50 रन से हराया।

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर ▸▸पेज 11

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 11

फटाफट खबरें

डॉक्टरों के 2,391 पदों के लिए इंटरव्यू 19 से

स्वास्थ्य विभाग डॉक्टरों के 2,391 पदों पर वॉक इन इंटरव्यू के जरिए भर्ती शुरू करेगा। इंटरव्यू 19 से 21 जनवरी तक चलेंगे। विभाग ने पिछले महीने विशेषज्ञ चिकित्सक के 601 और एमबीबीएस चिकित्सक के 1,790 पदों के लिए आवेदन मांगे थे। दोनों कैटिगरी के लिए कुल 2500 आवेदन आए हैं।

वरिष्ठ प्रवक्ता के 126 पदों पर होगी भर्ती

डायट में वरिष्ठ प्रवक्ता के 126 पदों पर तीन साल बाद भर्ती प्रक्रिया शुरू होने वाली है। शिक्षा निदेशालय की ओर से UPPSC को भर्ती का अधियाचन भेजा जा चुका है। पीसीएस 2026 के विज्ञापन में इन पदों को भी शामिल किए जाने की उम्मीद है।

UPSC की परीक्षाओं में फेस वैरिफिकेशन

UPSC द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्रों पर फेस वैरिफिकेशन किया जाएगा। UPSC की वेबसाइट पर इसकी जानकारी दी गई है। UPSC भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS), भारतीय विदेश सेवा (IFS) और भारतीय पुलिस सेवा (IPS) जैसी परीक्षाएं करवाता है।

हैपी मॉर्निंग

पत्नी: सुनो जी, डॉक्टर ने मुझे एक महीना आराम के लिए स्विट्जरलैंड या पैरिस जाने को कहा है, हम कहां जाएंगे?
पति: दूसरे डॉक्टर के पास...

सराफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
लखनऊ ₹1,42,075
चांदी .999 टंच प्रति किलो
लखनऊ ₹2,60,000

मौसम

अधि.तापमान 22.8 डिग्री
न्यून.तापमान 6.6 डिग्री
सूर्यास्त रविवार 5:32 बजे
सूर्योदय सोमवार 6:57 बजे

*14+4 Lucknow Times

धर्मनिरपेक्षता के ठेकेदार बांग्लादेश हिंसा पर चुप:योगी

कहा- हिंदुओं को बांटने की हो रही साज़िश

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को लेकर विपक्षी दलों पर बड़ा हमला बोला। संतोष दास सतुआ बाबा के शिविर में शनिवार को जगद्गुरु रामानंदाचार्य के 726वें प्राकट्योत्सव पर आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि आज हिंदुओं को बांटने की साजिश हो रही है। जाति, मत, संप्रदाय के नाम पर विभाजन हम लोगों के लिए उसी तरह सर्वनाश का कारण बन जाएगा, जैसे हम बांग्लादेश में देख रहे हैं। बांग्लादेश में जो हो रहा है, उस पर कोई बोल नहीं रहा। धर्मनिरपेक्षता के नाम पर ठेका चलाने वाले लोगों के मुंह बांग्लादेश के नाम पर बंद हैं। ऐसा लगता है कि किसी ने इनके मुंह पर फेविकोल चिपका दिया है।

योगी ने कहा कि हिंदुओं को बांटने वाले लोगों को पनपने न दें। इन लोगों को किसी भी स्थिति में आगे नहीं बढ़ने देना है। सब लोग इस संकल्प के साथ आगे बढ़ेंगे तो आने वाला समय सनातन धर्म का ही होगा। पूरी दुनिया में सनातन झंडा दिखाई देगा। तब कोई बांग्लादेश में हिंदू को काटने का दुस्साहस नहीं कर पाएगा।

योगी ने कहा कि मोदी पहले पीएम हैं जो राम मंदिर दर्शन करने के लिए गए। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि जो लोग आपको बांट रहे हैं। वे आपके हितैषी नहीं हो सकते हैं।

सीएम योगी ने प्रयागराज में संगम नोज पहुंचकर स्नान व पूजा-अर्चना की (इनसेट)। इसके बाद लेटे हनुमान मंदिर में विधि-विधान से पूजा की।

राम मंदिर परिसर में नमाज़ की कोशिश का आरोप, कश्मीरी अरेस्ट

■ NBT न्यूज, अयोध्या : राम जन्मभूमि परिसर स्थित सीता रसोई के पास शनिवार को एक कश्मीरी मुस्लिम को नमाज पढ़ने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। सीओ आशुतोष तिवारी ने बताया कि पकड़े गए कश्मीरी का नाम अब अहद शेख (55) है। वह शोपियां जिले का रहने वाला है। उसके पास से ड्राई फ्रूट के सैंपल मिले हैं। यह भी आरोप है कि पकड़े जाने के बाद अहद ने सांप्रदायिक नारे लगाए। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने कहा कि अहद अकेला ही आया था। अभी जांच में कोई बड़ी संदिग्ध गतिविधि नहीं पता चली है।



अब अहद शेख

38 बांग्लादेशी सजा काटने के बाद आगरा जेल से पश्चिम बंगाल भेजे गए। इन्हें बांग्लादेश प्रत्यर्पित किया जाएगा। दो साल पहले पकड़ा गया था। इनके पास से फर्जी आधार और पैन कार्ड भी बरामद हुए थे। ▸▸पेज 8

चीन-रूस की मज़बूत मौजूदगी की संभावना जताते हुए ट्रंप ने दोहराया-

'मुश्किल हो या आसानी, ग्रीनलैंड लेंगे'

■ आईएएनएस, वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की बात फिर दोहराई है। ट्रंप ने चेतावनी दी, हम ग्रीनलैंड पर कुछ करने जा रहे हैं। उन्हें पसंद हो या न हो। अमेरिका पहले बातचीत के जरिए समाधान चाहता है, लेकिन बात नहीं बनी तो दूसरे विकल्प भी खुले हैं। मैं आसान तरीके से समझौता करना चाहता हूं, लेकिन अगर आसान तरीका नहीं चला, तो हमें मुश्किल तरीका अपनाना पड़ेगा। अगर अमेरिका ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, तो चीन या रूस वहां अपनी मजबूत मौजूदगी बना सकते हैं, जो अमेरिकी सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा होगा।

रिपोर्टरों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि ग्रीनलैंड की भौगोलिक स्थिति अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद अहम है। उन्होंने कहा, 'जब हम किसी जगह के मालिक होते हैं, तभी हम उसकी सही तरीके से रक्षा करते हैं। लीज पर ली गई जगह की सुरक्षा वैसी नहीं होती। मालिक होना जरूरी है।' ट्रंप ने यह भी आरोप लगाया कि ग्रीनलैंड के आसपास पहले से ही रूस और चीन की सैन्य गतिविधियां दिख रही हैं, इसलिए हम ग्रीनलैंड चाहिए। ▸▸पेज 12

> ग्रीनलैंड के आसपास देखें, तो वहां रूसी, चीनी युद्धपोत हैं, और रूसी पनडुब्बियां हर जगह हैं। रूस या चीन को ग्रीनलैंड में पड़ोसी नहीं बनने देंगे। -डॉनल्ड ट्रंप

ट्रंप के खिलाफ लंदन में प्रदर्शन। वेनेजुएला पर हमले की कर रहे निंदा।

ग्रीनलैंड ने कहा, हमें अमेरिकी नहीं बनना

ग्रीनलैंड की राजनीतिक पार्टियों ने ट्रंप के उस बयान को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए बल प्रयोग की बात कही है। पार्टियों ने कहा, हम न अमेरिकी बनना चाहते हैं, न डेनिश, हम ग्रीनलैंडर रहना चाहते हैं। डेनमार्क और यूरोपीय देशों ने ट्रंप की धमकियों पर चिंता जताई है।

ओडिशा में निजी विमान दुर्घटनाग्रस्त, 6 यात्री घायल

■ भाषा, राउरकेला/भुवनेश्वर : राउरकेला के पास नौ सीटों वाला एक निजी विमान शनिवार को आपातकालीन स्थिति में उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में कम से कम छह लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

हादसा शहर से लगभग 10 किलोमीटर दूर जलदा में हुआ। उड़ान योजना के तहत संचालित विमान भुवनेश्वर से राउरकेला जा रहा था। खुले इलाके में उतारने से पहले चालक दल ने पास के हवाई अड्डे पर 'मेडे' कॉल जारी की थी। वाणिज्य और परिवहन मंत्री बीबी जेना ने कहा कि ईश्वर की कृपा से बड़ा हादसा नहीं हुआ।

ईरान ने चेताया, प्रदर्शन करने पर मिलेगा मृत्युदंड

- ईरान में इंटरनेट और टेलिफोन सेवा पर प्रतिबंध के बीच शनिवार को भी विरोध प्रदर्शन जारी रहे। अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है।
- ईरान में अटॉर्नी जनरल मोहम्मद मोवाहेदी आजाद ने चेतावनी दी कि प्रदर्शनों में शामिल होने पर खुदा का दुश्मन माना जाएगा, जो मृत्युदंड योग्य अपराध है।
- अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने ईरान को चेताया। कहा, राष्ट्रपति ट्रंप के साथ खेल न खेलें, जब वह कुछ कहते हैं तो कर गुजरते हैं।

▸▸विस्तृत खबर : पेज 12

जब पुलिस ने स्कैमर बन पकड़े स्कैमर्स

5 देशों में फैला था टेररिजम नेटवर्क, पुलिस ने 100 करोड़ के स्कैम का खोला SIMBOX

Vishal.Sharma3@timesofindia.com

नई दिल्ली : दिल्ली पुलिस की स्पेशल यूनिट IFSO ने विदेश से भारत में साइबर टेररिज्म का खुलासा करते हुए एक विदेशी नागरिक समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। करीब दो महीने चले सीक्रेट ऑपरेशन में दिल्ली, मोहाली, कोयंबटूर और मुंबई से 22 SIMBOX सेटअप जब्त किए गए। इसके अलावा 22 सिम बॉक्स, आठ मोबाइल फोन, तीन लैपटॉप, सात सीसीटीवी कैमरे, पांच राउटर, तीन पासपोर्ट, कंबोडिया के दो एम्प्लॉयमेंट कार्ड, 10 भारतीय सिम और 120 चाइनीज सिम भी बरामद हुए। गैंग पांच देशों में लोगों से करीब 100 करोड़ हड़प चुका है।

डीसीपी (IFSO) विनीत कुमार ने बताया कि 'डिजिटल अरेस्ट' के सिंडिकेट का पर्दाफाश करने के लिए यूनिट ने अक्टूबर 2025 में सीक्रेट ऑपरेशन शुरू किया। जांच में पता चला कि एक इंटरनैशनल सिंडिकेट सिमबॉक्स टेक्नॉलजी का इस्तेमाल कर रहा है। रियल-टाइम लोकेशन ट्रैकिंग से बचने के लिए कॉल को लो-फ्रीक्वेंसी (2G) नेटवर्क पर रूट किया जाता था। इसके लिए अपराधी SIMBOX सिस्टम का उपयोग कर रहे थे। इसके जरिए वे इंटरनैशनल कॉल को भारतीय नंबरों के जैसा डायवर्ट करते थे। ये कॉल खासकर कंबोडिया से आ रही थीं। IFSO ने सबसे पहले SIMBOX ऑपरेशन के पहले फेज में इंस्टॉलेशन के साथ चार एक्टिव लोकेशन की पुष्टि की। इसके बाद रेड की। रेड में पांच SIMBOX सेटअप बरामद हुए और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार लोगों से पता चला कि SIMBOX डिवाइस विशेष रूप से ताइवानी नागरिक द्वारा सप्लाई और इंस्टॉल किए जा रहे थे। भारतीय हैंडलर्स और विदेशी मास्टरमाइंड टेलीग्राम के जरिए टच में थे। वे एन्क्रिप्टेड चैट का यूज करते थे। जब्त किए गए डिजिटल डिवाइस की फॉरेंसिक जांच से ताइवानी नागरिक आई-त्सुंग चेन (30) की पहचान हुई। टीम ने खुद को स्कैमर बताते हुए विदेशी हैंडलर के साथ एन्क्रिप्टेड ऑनलाइन बातचीत शुरू की। कई हफ्तों की मशक्कत के बाद टीम चेन का भरोसा जीतने में कामयाब रही। टीम ने उसे नेटवर्क विस्तार का झांसा देकर भारत बुलाया और 21 दिसंबर को दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर उतरते ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और डिजिटल डिवाइस की फॉरेंसिक जांच में पता चला कि वह सिंडिकेट में ऑपरेशनल चीफ था। वह अवैध रूप से SIMBOX डिवाइस को भारत में तस्करी करता था और उन्हें अलग-अलग जगहों पर सेट करवाता था। उससे पूछताछ में पूरे गैंग का खुलासा हो गया।

20,000 ई-सिम और 120 फिजिकल सिम कार्ड जब्त किए गए हैं इनके नेटवर्क से।

जयपुर में ऑडी से 17 को कुचला, एक की मौत

■ पीटीआई, जयपुर: जयपुर की पत्रकार कॉलोनी में शुक्रवार रात तेज रफ्तार ऑडी कार सड़क किनारे लगे खाने-पीने के ठेलों में घुस गई। हादसे में एक शख्स की मौत हो गई और 16 लोग घायल हो गए।



पुलिस ने बताया कि ऑडी चालक कथित तौर पर दूसरी गाड़ी से रेस लगा रहा था। इसी दौरान ड्राइवर का नियंत्रण खो गया। ऑडी पहले डिवाइडर से टकराई और फिर सड़क किनारे 17 लोगों को रौंदते हुए एक पेड़ से टकराकर रुक गई। ऑडी व्यवसायी दिनेश रिनवा चला रहा था। वह मौके से भाग निकला।

महराजगंज: ₹50 हजार घूस लेते दरोगा गिरफ्तार

केस में धारा कम करने को मांगे थे पैसे

■ NBT न्यूज, महराजगंज: ऐंटी करप्शन, गोरखपुर की टीम ने शनिवार को सदर कोतवाली में तैनात दरोगा मोहम्मद अशरफ खान को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

खुर्द निवासी सहदुल्लाह ने शिकायत की थी कि उसके खिलाफ दर्ज मुकदमे में धारा कम करने के एवज में दरोगा मोहम्मद अशरफ खान 50 हजार रुपये घूस की मांग कर रहा है। शनिवार दोपहर सहदुल्लाह ने दरोगा को चाय की दुकान पर बुलाया और रकम दी। इसी दौरान ऐंटी करप्शन टीम ने उसे दबोच लिया।

अशरफ खान

अवैध खनन में लेखपाल और कानूनगो सस्पेंड

■ NBT रिपोर्ट, रामपुर: जिला प्रशासन ने शुक्रवार को अवैध मिट्टी खनन में सचिन सक्सेना और कानूनगो अजय सागर की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें निलंबित कर दिया। साथ ही संबंधित खनन कंपनी पर 3.63 करोड़ के जुर्माने का नोटिस जारी किया। मामला जिले की स्वार तहसील के गांव भगवत नगर का है। प्रशासन को मैसर्स गाबर रुद्रपुर हाइवे प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से साधारण मिट्टी के अवैध खनन की शिकायत मिली थी।

वंदे भारत एक्सप्रेस से कट गए, प्रेमी थे

तालकटोरा में पटरी पर मिले दोनों के शव

■ NBT न्यूज, लखनऊ: तालकटोरा इलाके में शनिवार को प्रेमी जोड़े ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर जान दे दी। घटनास्थल से दो सुसाइड नोट भी मिले हैं। परिवारीजनों ने तीन दिन पहले युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

पुलिस के मुताबिक सूर्यकांत (40) पत्नी सविताकांत और बेटे कृष्णाकांत के साथ नीलमथा इलाके में रहते थे। वह सदर स्थित एक निजी कंपनी में फील्ड वर्कर थे। इसी दफ्तर में दीपाली (25) कैशियर थीं। पुलिस के मुताबिक दोनों के बीच छह माह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दीपाली का परिवार सुशांत गोल्फ सिटी अर्जुनगंज ग्राम शाहखेड़ा में रहता है। दीपाली के परिवार ने बताया कि वह 8 जनवरी को ऑफिस लिए घर से निकली पर लौट कर नहीं आईं। देर रात परिवारीजनों ने दीपाली की गुमशुदगी की रिपोर्ट सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज करवाई। शनिवार दोपहर 1:45 बजे दीपाली और सूर्यकांत के शव तालकटोरा जलालपुर फाटक के सामने रेलवे ट्रैक पर मिले। एसीपी चौक राजकुमार सिंह ने बताया कि दोनों वंदे भारत ट्रेन से कट गए। शवों की पहचान आधार कार्ड के जरिए हुई। ▸▸पेज 5

सूर्यकांत

दीपाली

पहल | यूपी के चार जिलों में 'टाइगर आउटसाइड टाइगर रिजर्व' प्रॉजेक्ट शुरू होगा

...तो बाघ आया-बाघ आया का शोर मचेगा चहुंओर

Deep.Singh@timesofindia.com

लखनऊ: जंगल से सटे इलाकों में मानव-वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश के चार जिलों में 'टाइगर आउटसाइड टाइगर रिजर्व' प्रॉजेक्ट शुरू होगा। इसके तहत संवेदनशील इलाकों में हाई टेक कैमरे लगाए जाएंगे। ये कैमरे इलाके के प्रमुख लोगों के मोबाइल फोन और सायरन से कनेक्ट होंगे। जैसे ही टाइगर या अन्य खतरनाक वन्य जीव कैमरे के 100 मीटर के दायरे में आएंगे, सेंसर के जरिए कैमरा मोबाइल फोन पर अलर्ट भेज देगा। साथ ही प्रमुख स्थानों पर लगे सायरन भी बजने लगेंगे। इससे लोग सचेत हो जाएंगे।

भारतीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) के सहयोग से 'टाइगर आउटसाइड टाइगर रिजर्व' प्रॉजेक्ट शुरू किया जा रहा है। देश के 10 राज्यों के 80 वन प्रभागों से शुरुआत होगी। इनमें यूपी के चार जिले बिजनौर, पीलीभीत, लखीमपुर और बहराइच शामिल हैं। वन विभाग के मुताबिक योजना का मुख्य मकसद मानव-वन्य जीव संघर्ष और वन्य जीवों के अवैध शिकार को रोकने के लिए बेहतर निगरानी तंत्र तैयार करना है। योजना के तहत NTCA विभागों को संसाधन मुहैया कराएगा। प्रॉजेक्ट के तहत वन्य जीवकर्मियों को प्रशिक्षित करने के साथ ही आम लोगों को जागरूक किया जाएगा।

ऐसे करेगा सचेत

AI Image



1 टाइगर रिजर्व से सटे संवेदनशील इलाकों में हाई क्वॉलिटी कैमरे और सायरन लगाए जाएंगे।

2 कैमरे में वन्यजीव की तस्वीर कैप्चर होते ही लोगों को सचेत करने के लिए सायरन बजने लगेंगे।

3 ये कैमरे इलाके के प्रमुख लोगों जैसे वन अधिकारियों, वन रक्षकों, ग्राम और पंचायत प्रतिनिधियों के मोबाइल फोन से अटैच होंगे। टाइगर दिखने पर तुरंत अलर्ट का मैसेज आएगा।

> टाइगर आउटसाइड टाइगर रिजर्व प्रॉजेक्ट प्रदेश में पहले सबसे ज्यादा संवेदनशील चार जिलों में शुरू होगा। अर्ली वॉर्निंग सिस्टम से वन्य जीव को ट्रेस करने और रेस्क्यू करने में मदद मिलेगी। हम हर हाल में मानव-वन्य जीव संघर्ष रोकना चाहते हैं। -डॉ. अरुण सक्सेना- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री

फटाफट खबरें

अमिताभ पर हमले के आरोप की रिपोर्ट तलब

■ भाषा, देवरिया : एक अदालत ने पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर की गिरफ्तारी के दौरान हमले के आरोप वाली याचिका पर पुलिस से रिपोर्ट तलब की है। मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट मंजू कुमारी ने कोतवाली पुलिस से रिपोर्ट मांगी। याचिका सिरसन चौहान ने दायर की है, जिसमें एडीजी अमिताभ यश समेत छह अधिकारियों पर मामला दर्ज करने की मांग है। अगली सुनवाई 19 जनवरी को होगी। वहीं, अमिताभ ठाकुर लखनऊ के SGPGI से उपचार के बाद देवरिया जिला कारागार लौट आए हैं। उन्हें सीने में दर्द और हृदय संबंधी शिकायत के बाद गोरखपुर से SGPGI भेजा गया था।

तीन पुलिसकर्मियों समेत छह पर केस

■ NBT न्यूज, गोरखपुर : भूमि विवाद को लेकर महिला व उसके परिवार पर हुए हमले के मामले में विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) गोरखपुर के आदेश पर गुलरिहा पुलिस ने तीन पुलिसकर्मियों समेत छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिसकर्मियों में चौकी प्रभारी अजनी कुमार तिवारी, कॉन्स्टेबल हिमांशु सिंह, कॉन्स्टेबल प्रदीप यादव और अन्य नामजद आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

बीएएमएस की फर्जी डिग्री बनाने वाला अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : स्पेशल टास्क फोर्स ने बीएएमएस की फर्जी डिग्री और मार्कशीट बनाकर ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह के मुख्य सरगना मोहम्मद तारिक को करेली से गिरफ्तार किया गया है। आरोपित लंबे समय से फर्जी आयुर्वेदिक डिग्रियों के सहारे न केवल युवाओं को गुमराह कर रहा था, बल्कि खुद को डॉक्टर बताकर मरीजों का इलाज भी कर रहा था। एएसपी एसटीएफ शैलेंद्र सिंह ने बताया कि 9 जनवरी की रात करीब 11 बजे करेली स्थित आरोपित के कार्यालय व क्लीनिक 'सावित्रीबाई फुले मेडिकल रिसर्च सेंटर' पर छापा मारकर गिरफ्तार किया गया।

प्रेमी के लिए मां-बाप को दी नींद की दवा

■ NBT न्यूज, गोरखपुर: गुलरिहा इलाके में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि 15 वर्षीय किशोरी प्रेमी से मिलने के लिए माता-पिता के खाने में नींद की दवा मिलाती थी। किशोरी के व्यवहार में बदलाव पर शक होने पर एक रात माता-पिता ने भोजन नहीं किया और उसका पीछा किया। युवक रंगे हाथ पकड़ा गया, जो धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने मां की तहरीर पर पॉक्सो सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

330 किमी के विंध्य एक्सप्रेस-वे का सर्वे शुरू

■ NBT न्यूज, वाराणसी : पूर्वांचल में 330 किलोमीटर लंबा विंध्य एक्सप्रेस-वे बनेगा। यह बनारस, चंदौली होते हुए सोनभद्र को पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जोड़ेगा। इसके सर्वे का काम शुरू हो गया है। चेन्नै की अलमोडज कंपनी इसी महीने सर्वे पूरा कर शासन को रिपोर्ट सौंपेगी। एक्सप्रेस-वे के प्रस्तावित मार्ग पर हर 20 किलोमीटर पर एक सैटलाइट कनेक्टिंग डिवाइस लगाकर पूरे रूट का एक साथ सर्वे किया जा रहा है। सर्वे में जुटे अलमोडज कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक विंध्य एक्सप्रेस-वे वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग के समानांतर बनेगा।

जूलरी की दुकानों में बुर्का-घूंघट में आने पर रोक

■ NBT न्यूज, वाराणसी : वाराणसी में जूलरी की दुकानों पर बुर्का, हिजाब, घूंघट, हेलमेट और मास्क पहन आने वालों पर रोक लगाने की मुहिम शुरू हुई है। इसे लेकर व्यापारियों ने अपनी दुकानों के बाहर पोस्टर लगाए हैं, जिसमें लिखा है, मास्क, बुर्का, हेलमेट और नकाब पहनकर दुकान में आना मना है। उत्तर प्रदेश स्वर्णकार संघ की वाराणसी इकाई के जिलाध्यक्ष कमल सिंह ने बताया कि जूलरी की दुकानों में चोरी, लूट और ठगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए व्यापारियों ने बुर्का, हिजाब, मास्क और हेलमेट पहन आने वाले ग्राहकों को आभूषण नहीं बेचने का फैसला लिया है।

बेवजह बंद न की जाएं सड़कें, ज़रूरतमंदों को दें कंबल : योगी

सीएम ने प्रयागराज में स्नान पर्वों की तैयारियों की समीक्षा की

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रयागराज मेला प्राधिकरण स्थित ICCC सभागार में मकर संक्रांति और मौनी अमावस्या समेत अन्य स्नान पर्वों को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड को ध्यान में रखते हुए शहर व मेला क्षेत्र में पर्याप्त अलाव की व्यवस्था की जाए और जरूरतमंदों को कंबल दिए जाएं।

मेला व शहर क्षेत्र की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखा जाए और बेवजह सड़कों को बंद न किया जाए। बैठक में मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने पावर प्रेजेंटेशन के जरिए माघ मेला को लेकर की गई तैयारियों के बारे में जानकारी दी। सीएम ने कहा कि 14 से 18 जनवरी के बीच कम समय में दो अहम स्नान पर्वों को सकुशल पूरा करवाना बड़ी चुनौती है। सीएम ने कहा कि प्रयागराज अनेक ऋषिमुनि-महात्माओं की धरती है। इसलिए जगद्गुरु रामानन्दाचार्य जी का भव्य स्मारक बनाए जाने के लिए प्रशासन जमीन चिह्नित करे।

सीएम योगी ने शनिवार को संगम में नौकायन किया और पक्षियों को दाना भी खिलाया।

सीएम ने निर्देश दिए

साफ-सफाई उच्चस्तरीय हो

साफ सफाई व्यवस्था उच्च स्तर की रहनी चाहिए। श्रद्धालुओं के स्नान के लिए घाटों के स्नान क्षेत्र व सर्कुलेटिंग एरिया और बढ़ाया जाए, जिससे ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु एक साथ स्नान कर सकें। उन्हें स्नान करने में कोई समस्या न हो। कोई भी श्रद्धालु कपड़े, प्लास्टिक थैली को गंगा में न फेंके।

पुलिसकर्मियों की पेट्रोलिंग नियमित हो

पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए नियमित पेट्रोलिंग करें। मेले में कहीं पर भी मादक पदार्थ की बिक्री न होने पाए। मेले में आने वाले संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों से पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी अच्छा व्यवहार करें। मेले में शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जाए।

सेवा ऐप का विमोचन किया

मुख्यमंत्री ने माघ मेला के लिए बनाए गए मेला सेवा ऐप का विमोचन किया। इस ऐप से क्यूआर कोड स्कैन कर श्रद्धालु मेला प्रशासन को अपनी शिकायतें एवं सुझाव दे सकते हैं। बैठक में महामंडलेश्वर संतोषदास उर्फ सतुआ बाबा, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्त नंदी समेत कई नेता और अधिकारी मौजूद रहे।

दलित महिला की हत्या और बेटी के अपहरण का मुख्य आरोपित अरेस्ट

■ NBT न्यूज, मेरठ: सरधना के कपसाड़ गांव में तीन दिन पहले हुई दलित महिला की हत्या और उनकी बेटी के किडनैपिंग मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित पारस सोम को शनिवार शाम गिरफ्तार कर लिया। एसपी विपिन ताडा ने बताया कि पुलिस ने किडनैप की गई युवती को भी सुरक्षित बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार आरोपित की गिरफ्तारी हरिद्वार से हुई है। युवती की तलाश और आरोपित की धरपकड़ के लिए पुलिस ने 10 से अधिक टीमें लगाई थीं।

शनिवार को पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे सपा सांसद रामजी लाल सुमन और सपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने परतापुर स्थित काशी टोल प्लाजा पर रोक लिया। इसे लेकर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। हालात बिगड़ते देख अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा। सांसद को रोके जाने की सूचना मिलते ही सरधना विधायक अतुल प्रधान समर्थकों के साथ काशी टोल पहुंचे और पुलिस कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान धक्का-मुक्की भी हुई। बीजेपी के पूर्व विधायक संगीत सोम पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया।

राजनीतिक हलचल के बीच नाकेबंदी कर दी गई है।

आगरा जेल में सजा काट चुके 38 बांग्लादेशी नागरिक वापस भेजे

■ अनिल शर्मा, आगरा : आगरा की जिला जेल में सजा पूरी कर चुके 38 बांग्लादेशी नागरिकों को शनिवार दोपहर कड़ी सुरक्षा के बीच उनके देश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

सभी को पुलिस एस्कॉर्ट के साथ आगरा से पश्चिम बंगाल के लिए रवाना किया गया है, जहां से उन्हें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के समन्वय से बांग्लादेश भेजा जाएगा। आगरा पुलिस के अनुसार, इन सभी बांग्लादेशी नागरिकों को 5 फरवरी 2023 को थाना सिकंदरा क्षेत्र के आवास विकास सेक्टर-14 स्थित प्रधान की बगीची से गिरफ्तार किया गया था। जांच में सामने आया था कि ये लोग भारत में बिना वैध यात्रा और निवास दस्तावेज के अवैध रूप से रह रहे थे। जिला कारागार में सजा की अवधि पूरी होने के बाद, उत्तर प्रदेश शासन और संबंधित न्यायालय के आदेश पर इन सभी के डिपोर्टेशन की कार्रवाई की गई।

भारत विश्व गुरु और हिंदू राष्ट्र बनकर रहेगा: भागवत

■ भाषा, मथुरा : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि आने वाले 20-30 साल में भारत विश्व गुरु बनेगा और हिंदू राष्ट्र बनकर रहेगा। मोहन भागवत ने वृंदावन में सुदामा कुटी आश्रम द्वारा रामानंदी संप्रदाय के प्रवर्तक रामानंदाचार्य की 726वीं जयंती एवं सुदामा कुटी के संस्थापक संत सुदामा दास के वृंदावन आगमन के सौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित समारोह में यह बात कही।



यमुना किनारे कुंभ मेला स्थल पर आयोजित 'शताब्दी समारोह' में विशाल संत-विद्वत सम्मेलन में रामानंदी संप्रदाय के अनुयायियों के अलावा देश भर के संत-महात्मा शामिल हुए। भागवत ने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनने से कोई रोक नहीं सकता क्योंकि भारत का जन्म ही इसीलिए हुआ है। उन्होंने कहा कि इसके लिए बस हमारी तैयारी की देरी है। हमें इसके लिए एकजुट हो जाना चाहिए। इस मौके पर मंच पर साध्वी ऋतंभरा और कई संत मौजूद थे।

वीबी-जीरामजी पर मंत्रियों ने रखे मत

'रोजगार के लिए ऐतिहासिक कदम'

■ NBT न्यूज, गोंडा : कैबिनेट और कारागार विभाग के मंत्री दारा सिंह चौहान ने विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जीरामजी अधिनियम) को ग्रामीण भारत के लिए ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम बताया। शनिवार को सर्किट हाउस के सभागार में मंत्री ने कहा कि यह अधिनियम ग्रामीण परिवारों की आजीविका को मजबूत आधार देगा। इससे अब ग्रामीणों को 100 की जगह 125 दिनों का गारंटी रोजगार मिलेगा।

'मनरेगा की खामियां होंगी दूर'

■ NBT न्यूज, रायबरेली : सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने वीबी-जी राम जी अधिनियम की विशेषताएं बताईं। उन्होंने कहा कि यह योजना मनरेगा की कमियों को दूर करने के उद्देश्य से लाई गई है। योजना आपूर्ति आधारित मॉडल पर आधारित होगी, जिसमें पूर्व-अनुमोदित ग्राम पंचायत योजनाओं के जरिए रोजगार दिया जाएगा। कृषि के चरम मौसम में 60 दिन तक कार्य बंद रहेगा, ताकि खेतों में मजदूर मिल सकें।

बनारस में पहली बार

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के बाद फुटबॉल स्टेडियम भी

AI Image

■ NBT न्यूज, वाराणसी : धर्म-संस्कृति की नगरी काशी अब खेल का हब बन रही है। गंजारी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनने के बाद अब शहर के बीच आधुनिक सुविधाओं से लैस अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल स्टेडियम के निर्माण की ओर कदम बढ़े हैं। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल स्टेडियम के लिए इंटर काशी फुटबॉल क्लब और सीएम एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज प्रबंधन के बीच करार हुआ है।

कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. अनुराग मिश्र ने बताया स्टेडियम का निर्माण कॉलेज के पिछले हिस्से में खाली पड़ी करीब साढ़े तीन बीघे जमीन पर होगा। निर्माण पर करीब 60 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इंटर काशी फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष पृथ्विनीत दास ने बताया कि स्टेडियम का निर्माण अक्टूबर 2026 तक पूरा कराने का लक्ष्य है।

बरमूडा घास बिछाई जाएगी : स्टेडियम के मैदान में बरमूडा घास बिछाई जाएगी। खिलाड़ियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त जिम बनेगा तो अलग-अलग फिजियो खिलाड़ियों के फिटनेस और पावर का प्रशिक्षण देंगे। वाराणसी में शहर से दूर गंजारी (राजातालाब) में 400 करोड़ की लागत से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण अंतिम दौर में है।

संस्कृत गांव बनेगा, बोर्ड भी उसी भाषा में होंगे

AI Image

■ NBT न्यूज, वाराणसी: काशी में प्रदेश के पहले पांच संस्कृत गांव तैयार होंगे। इसकी पहल संस्था संस्कृत भारती ने की है। संस्कृत भारती की काशी प्रांत टीम ने गांव के चयन के लिए सर्वे का काम शुरू कर दिया। 14 जनवरी के बाद गांवों के नाम की घोषणा की जाएगी। संस्कृत भारती काशी प्रांत के अध्यक्ष प्रो. रामनारायण द्विवेदी ने बताया कि संस्कृत गांव की अवधारणा प्रतीकात्मक नहीं बल्कि पूरी तरह व्यावहारिक होगी। चयन प्रक्रिया में उन गांवों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनकी आबादी एक हजार है।

पहले चरण में चयनित किए जाने वाले पांच गांवों में ग्रामीणों को सरल और बोलचाल की संस्कृत का प्रशिक्षण देने के लिए एक वर्ष तक संस्कृत भारती की टीम गांव में ही प्रवास करेगी। गांव के अलावा शहरी स्तर पर भी संस्कृत को व्यापक पहचान देने के लिए रेलवे स्टेशनों और एयरपोर्ट पर संस्कृत में घोषणाएं करवाए जाने की योजना है। पीएम नरेंद्र मोदी को प्रस्ताव भेज काशी को संस्कृत नगरी घोषित करने की मांग भी की जाएगी।

गोरखपुर में राज्य कर विभाग के दफ्तर में आग, 12 घंटे बाद काबू

■ NBT न्यूज, गोरखपुर : गोरखपुर-देवरिया बाइपास स्थित गोरखपुर विकास प्राधिकरण के वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स में शुक्रवार देर रात लगी भीषण आग ने राज्य कर विभाग के कार्यालयों को पूरी तरह तबाह कर दिया। भवन के दूसरे तल पर स्थित राज्य कर विभाग के सभी दफ्तर जलकर राख हो गए। 12 घंटे 40 फायर फाइटरों ने आग पर काबू पाया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी संतोष राय ने बताया कि शुक्रवार रात 12:20 बजे गोलघर अग्निशमन केंद्र को आग लगने की सूचना मिली। आग की लपटें बगल में स्थित सुंदरम सर्विसेज पेट्रोल पंप की ओर तेजी से बढ़ रही थीं। पंप को बचाने के लिए फायर कर्मियों ने पंप कार्यालय की छत पर चढ़कर आग पर काबू पाया। प्रशासनिक अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि दूसरे तल पर स्थित एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1 व 2, जॉइंट कमिश्नर रेंज ए व बी, एसआईबी रेंज, डिप्टी कमिश्नर, सेक्टर कार्यालय खंड 2, 3, 5 से 10 सहित सभी कार्यालय पूरी तरह नष्ट हो गए।

पीलीभीत में नेपाल से आए हाथियों ने मचाया उत्पात, फसलें उजाड़ीं

■ भाषा, पीलीभीत : पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) से सटे गांवों में नेपाल की गैरी फंटा सेंचुरी से आए हाथियों के झुंड ने महुआ, गोयल कॉलोनी और सिरसा सरदाह सहित कई गांवों में सैकड़ों बीघा फसलें नष्ट कर दीं। अधिकारियों ने कहा कि गन्ना, गेहूं, धान, सरसों और मसूर की खड़ी फसलें हाथियों ने रौंदकर किसानों को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया है।

वन दरोगा अमित तिवारी और डिप्टी रेंजर शेर सिंह ने बताया कि टीमें मशाल और पटाखों की मदद से हाथियों को भगाने का प्रयास कर रही हैं। महुआ गांव के प्रभावित किसानों श्रीकृष्ण और प्रेम प्रकाश ने बताया के खेतों में सिंचाई के लिए लगे पंपसेट को हाथियों ने पलट दिया और करीब 50 मीटर तक घसीट ले गए। प्रेम प्रकाश ने बताया कि एक जनवरी से लगातार हाथी उनकी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसान गौरीशंकर ने कहा कि फसल बर्बाद होने से बच्चों की स्कूल फीस भरने तक की समस्या खड़ी हो गई है।

मजदूर पर बाघ ने किया हमला

■ NBT न्यूज, लखीमपुर खीरी : दुधवा टाइगर रिजर्व के महुलाई रेंज अंतर्गत बेला कला क्षेत्र में बाघ के हमले से दहशत फैल गई। शनिवार को गन्ना छील रहे 60 वर्षीय मजदूर वाजिद अली पर बाघ ने झाड़ियों से निकलकर हमला कर दिया। शोर-शराबा और किसानों के साहस से बाघ जंगल की ओर भागा। घायल मजदूर को पलिया सीएचसी में भर्ती करवाया गया है।

केरल-रेलवे में खिताबी भिड़ंत

■ NBT न्यूज, वाराणसी: डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में सीनियर नैशनल वॉलिबॉल चैंपियनशिप के सातवें दिन फाइनल लाइनअप तय हुआ। महिला वर्ग में रेलवे और केरल फाइनल में पहुंचीं। रेलवे ने राजस्थान को 3-1 और केरल ने हरियाणा को 3-0 से हराया। पुरुष वर्ग में रेलवे ने सर्विसेज को 3-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल 11 जनवरी को होंगे। केंद्रीय खेल मंत्री और उपमुख्यमंत्री मुख्य अतिथि रहेंगे और विजेताओं को पुरस्कार देंगे।

अयोध्या/बाराबंकी

मिलों को तिगुने रेट पर फोर्टिफाइड राइस कर्नेल दे रहीं अधिकृत फर्में

FRK की कालाबाजारी से अटकी धान खरीद

■ NBT न्यूज, बाराबंकी

AI Image



फोर्टिफाइड राइस कर्नेल (FRK) के कृत्रिम अभाव पैदाकर हो रही कालाबाजारी ने जिले में धान खरीद की रफ्तार रोक दी है। आलम यह है कि राइस मिलर्स को 4,500 रुपये प्रति क्विंटल मिलने वाला एफआरके अधिकृत फर्म अब 11000-12000 रुपये प्रति क्विंटल बेच रही हैं। अडवांस लेकर भी मिल संचालकों को FRK नहीं मिल रहा है। नतीजतन जिले के धान खरीद केंद्रों पर धान के ढेर लगे हैं और मिल संचालकों को भेजा गया धान से एफआरके युक्त चावल तैयार किया जाना बाधित हो गया है। इससे भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) तक तैयार चावल न पहुंचने से प्रशासन के समक्ष भी संकट पैदा हो गया है।

दरअसल धान खरीद के बाद मिलर्स दराई के बाद प्रति 99 किलो में एक किलो एफआरके मिलाकर उसे एफसीआई के गोदाम तक पहुंचाते हैं। मिलर्स को सप्लाई मिलने के बाद 25 दिन में चावल की आपूर्ति करनी होती है। इस सत्र में एफआरके उपलब्ध करवाने के लिए अधिकृत कंपनियां समय से आपूर्ति नहीं कर रही हैं। अब तक मिल संचालकों ने 9596.20 क्विंटल एफआरके के ऑर्डर दिए, जबकि उन्हें अब तक 2947.25 क्विंटल ही मिला है। बाराबंकी राइस मिल असोसिएशन के अध्यक्ष अमृत सिंह के मुताबिक एफआरके न मिलने से धान की दराई रुक गई है। इसका फायदा उठाकर तीन गुना ज्यादा दामों पर एफआरके बेचा जा रहा है। एफआरके की अनुपलब्धता के कारण मिलों पर पेनल्टी लगने का खतरा पैदा हो गया है। उनका कहना है कि एफआरके उपलब्ध करवाने के लिए कोई पारदर्शी नीति नहीं है। अलग से पैसा मिलने पर आपूर्ति पहले की जा रही है जबकि 'पहले आओ, पहले पाओ' की तर्ज पर आपूर्ति की जानी चाहिए।

धान खरीद व चावल आपूर्ति

65.54% धान की हो चुकी है खरीद

धान खरीद का लक्ष्य	175,000 एमटी
अब तक हुई खरीद	114,686.8 एमटी
राइस मिलर्स के ऑर्डर	9596.20 क्विंटल
डिस्पैच	2947.25 क्विंटल
लंबित आपूर्ति	6648.95 क्विंटल

दो मिलों को एक क्विंटल भी नहीं मिला FRK

बाराबंकी के कमपुर दरियाबाद के जम्बूद्वीप उद्योग को विभाग ने अब तक 472.50 एमटी व सिद्धौर के नवाबपुर कोठरी के श्रीनारायण इंडस्ट्रीज को 151.64 एमटी धान की आपूर्ति की है। इन दोनों मिलों को एक भी दाना एफआरके नहीं उपलब्ध करवाया गया है जबकि इनकी ओर से एफआरके का ऑर्डर दिए एक महीने से ज्यादा समय बीत चुका है।

एफआरके का कृत्रिम अभाव पैदा कर कालाबाजारी की जा रही है। यह घातक स्तर तक पहुंच चुकी है। -राजीव कुलश्रेष्ठ, जिला खाद्य विपणन अधिकारी

सड़क हादसों में छात्र समेत तीन की मौत

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: जिले में शनिवार को हुए अलग-अलग हादसों में छात्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। सीतापुर के थाना रामपुर कला क्षेत्र के तेजनी गांव निवासी शोबित (20) साथी अतिक के साथ बीएससी का पेपर देने जा रहा था। लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर पैगंबरपुर गांव के सामने उनकी बाइक तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आ गई। हादसे में शोबित की मौत हो गई।

वहीं, देवा थाना के सफीपुर मार्ग के भवानीबाग के पास शुक्रवार देर रात बाइक की चपेट में आकर साइकल सवार देवा के जोलिया बनारसपुर निवासी पुनीता (18) की मौत हो गई। बाराबंकी के थाना व कस्बा दरियाबाद के इंटर कॉलेज के पास शुक्रवार रात बाइकों की भिड़ंत में मोहल्ला चड़ियालो के सोनू व नोहरेपुर के रोहित व आकाश घायल हो गए। तीनों को सीएचसी मथुरानगर ले जाया गया जहां शनिवार को सोनू की मौत हो गई।

दिनेश पांडेय बने प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: जैदपुर के नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज परिसर में शनिवार को हुए प्रधानाचार्य परिषद की जिला इकाई के चुनाव में डॉ.दिनेश चंद्र पांडेय को जिलाध्यक्ष, श्याम नारायण को कार्यकारी अध्यक्ष, आलोक नाथ श्रीवास्तव को मंत्री व इंद्रकुमार वर्मा को कोषाध्यक्ष चुना गया। जिला मुख्यायुक्त व संरक्षक डॉ.रामकुमार गिरि, मंडलीय मंत्री डॉ.विनोद सिंह की देखरेख में हुए चुनाव में प्रांतीय संगठन मंत्री अशोक कुमार त्रिपाठी और संतोष शुक्ला भी मौजूद रहे।

अयोध्या विकास प्राधिकरण की परियोजनाओं की समीक्षा

काम की दिखी सुस्त रफ्तार, कार्यदायी संस्थाओं को फटकार

■ NBT न्यूज, अयोध्या : अयोध्या विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक में एडीए अधिकारियों के साथ राइट्स लिमिटेड सहित विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं ने भाग लिया। बैठक में शहर में वर्षा ऋतु के दौरान जलभराव की समस्या के समाधान के लिए निर्माणाधीन पांच नालों के कार्यों की समीक्षा की गई। फतेहगंज सब्जी मंडी से चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग के पठान टोला तक बनने वाले नाले के प्रथम व द्वितीय चरण का कार्य प्रगति पर है। एडीए उपाध्यक्ष ने कार्यदायी संस्था एजेंसी को कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए मैनपावर बढ़ाकर 31 मार्च तक गुणवत्तापूर्वक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

कौशलपुरी फेज-1 व 2, अवध विहार, ट्रांसपोर्ट नगर, जालप और तेलाई नालों के विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। कौशलपुरी और साकेतपुरी आवासीय योजनाओं के सामुदायिक पार्कों के सौंदर्यीकरण की प्रगति भी असंतोषजनक पाई गई। बैठक में सुग्रीव झील के संरक्षण, शहर की 15 सड़कों व नालियों, फैजाबाद चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग, शवदाह स्थलों पर जनसुविधाएं, रामपथ के दोनों ओर सौंदर्यीकरण, सरयू में फ्लोटिंग बाथिंग कुंड, कार्यालय भवन, यात्री निवास और वशिष्ठ कुंज व फ्रिजेनस आवासीय योजनाओं की समीक्षा की गई। उपाध्यक्ष ने तय समयसीमा में कार्य पूर्ण न होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

किडनैपर्स के चंगुल से भाग आया बच्चा, एक गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, हैदरगढ़: कोतवाली क्षेत्र के कस्बा हैदरगढ़ में एक सुनसान जगह पर बने मकान में बंधक बनाया गया 13 वर्षीय बच्चा अपहरणकर्ताओं के चंगुल से भाग निकलने में सफल रहा। बच्चे के गांव पहुंचकर आपबीती सुनाने पर ग्रामीणों ने मकान को घेर लिया। इस दौरान एक अपहरणकर्ता छत से कूदकर भागने लगा, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। उसका एक साथी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

कार्तिक पांडेय

अमेठी के बैसनपुरवा निवासी राजेश पांडेय का बेटा कार्तिक पांडेय शनिवार दोपहर घर पर था। तभी उसकी बहन सपना का फोन आया और वोटर लिस्ट की एसआईआर फॉर्म में गड़बड़ी बताकर बाजार पर के पास बुलाया गया। वहां दो युवक बोलेरो जीप के साथ मिले और बहाने से कार्तिक को हैदरगढ़ ले आए। बारा टोल प्लाजा से आगे शाहपुर मोड़ स्थित मकान में उसे बंद कर दिया गया। करीब तीन घंटे बाद शाम छह बजे कार्तिक वहां से भागकर सुल्तानपुर हाइवे स्थित चाय की दुकान पर पहुंचा और ग्रामीणों को सूचना दी। इंस्पेक्टर अभिमन्यु ने बताया कि पकड़े गए आरोपित की पहचान मूसेन निवासी आजादनगर, थाना इन्हौना के रूप में हुई है, जबकि उसका साथी फैसल फरार है। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

फटाफट खबरें

'सनातन धर्म नहीं करता भेद'

■ NBT न्यूज, बाराबंकी : बंकी ग्राम के रसूलपुर में आरएसएस की ओर से आयोजित हिंदू सम्मेलन में क्षेत्र सामाजिक सद्भाव प्रमुख अशोक बेड़िया ने कहा कि वैदिक काल से सनातन धर्म को मानने वाले सभी हिंदू एक हैं। कार्य, भाषा और जाति भले अलग हो, लेकिन सभी का जुड़ाव सनातन धर्म से है। सम्मेलन में डॉ. विवेक वर्मा, स्वामी चेतनानंद, विजय कुमार मौजूद रहे। वहीं, बड्डूपुर क्षेत्र के शिवमंदिर में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में प्रांत महाविद्यालयीन विद्यार्थी कार्य प्रमुख पवन पटवा, विहिप के जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य, आरएसएस के जिला प्रचारक रवि प्रकाश शामिल हुए।

IIT व NEET में चयनित 52 छात्र सम्मानित

■ NBT न्यूज, बाराबंकी आईआईटी, एनआईटी व नीट उत्तीर्ण करने वाले बड़ेल के श्री साईं इंटर कॉलेज के 52 छात्र-छात्राओं शनिवार को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि खाद्य व रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, पूर्व डीजीपी सूर्य कुमार शुक्ला, पूर्व राज्य सलाहकार पीसी ओझा, सहकारी न्यायाधिकरण सलाहकार लालता प्रसाद द्विवेदी व कुंज बिहारी शुक्ला रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को एक-एक लाख रुपये का चेक व स्मृति चिह्न दिया। इसके अलावा यूपी बोर्ड परीक्षा में राज्य स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 10-10 हजार रुपये की सम्मान राशि के साथ पुरस्कृत किया गया।

'हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन'

■ NBT न्यूज, अयोध्या : अयोध्या में जगद्गुरु रामानंदाचार्य की 726वीं जयंती पर राम मंदिर परिसर के जगद्गुरु रामानंदाचार्य द्वार पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राम जन्मभूमि मंदिर में दिल्ली से आए 100 से ज्यादा वाल्मीकि समाज के लोगों ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। सभी वीएचपी के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार के साथ अयोध्या पहुंचे थे। वीएचपी के अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू नरसंहार के खिलाफ भारत के हर जिले और विश्व की 100 से ज्यादा राजधानियों में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

SIR के नोटिस व जांच के लिए प्रशिक्षण

■ NBT न्यूज, बाराबंकी : SIR के तहत अनमैप्ड लोगों को नोटिस देने और जवाब की जांच के लिए शनिवार को लोक सभागार में डीएम शशांक त्रिपाठी, एडीएम निरंकार सिंह व एसडीएम रामसनेहीघाट अनुराग सिंह ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का विशेष प्रशिक्षण दिया।

फटाफट खबरें

विरासत पर रोहिणी ने 'अपनों' को घेरा

■ भाषा, पटना: राष्ट्रीय जनता दल (RJD) के अध्यक्ष लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने कहा कि विरासत को खत्म करने के लिए बाहरी लोगों की जरूरत नहीं, अपने ही काफी हैं। शनिवार को उन्होंने किसी का नाम लिए बिना लिखा एक्स पर लिखा, उन लोगों के निशान मिटाने की कोशिश की जा रही है जिन्होंने एक विरासत को पहचान और अस्तित्व दिया।

सबरीमला का अरेस्ट तंत्री अस्पताल में भर्ती

■ पीटीआई, तिरुवनंतपुरम: सबरीमला मंदिर में सोने के गायब होने के मामले में गिरफ्तार किए गए तंत्री (मुख्य पुजारी) कंदरारु राजीवरु की शनिवार को तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के अनुसार, डॉक्टरों को उनके दिल की धड़कन में कुछ गड़बड़ी नजर आई, जिसके चलते उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है।

तीनो राज्यसभा सीटों पर लड़ेंगे: हिमंता

■ भाषा, गुवाहाटी: असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि बीजेपी और उसके सहयोगी दल असम में इस साल अप्रैल में खाली होने जा रही राज्यसभा की तीनों सीट पर चुनाव लड़ेंगे। सरमा ने दावा किया कि दो सीट पर उनके उम्मीदवारों की जीत पक्की है, जबकि तीसरी सीट भी उनके खाते में जा सकती है।

अलमोंट सिरप पर तेलंगाना में रोक

■ भाषा, हैदराबाद: केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की चेतावनी के बाद तेलंगाना औषधि नियंत्रण प्रशासन (डीसीए) ने अलमोंट-किड सिरप के इस्तेमाल पर तुरंत रोक लगाने का नोटिस जारी किया है। यह सिरप बच्चों में एलर्जी, एलर्जिक बुखार और अस्थमा के इलाज में आम तौर पर यूज किया जाता है। डीसीए ने बताया कि लैब रिपोर्ट में इस सिरप में एथिलीन ग्लाइकॉल की मिलावट पाई गई है। यह एक बेहद जहरीला पदार्थ है।

घने कोहरे के बीच 17 उड़ानें रद्द

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुबह के घने कोहरे के अलर्ट के बीच दिल्ली एयरपोर्ट आने-जाने वाली 17 उड़ानें रद्द हुईं। इनमें दिल्ली को आने वाली ज्यादा थीं। हालांकि, कुछ उड़ानें लेट भी हुईं। घने कोहरे के अलर्ट के बीच पालम इलाके में सुबह विजिबिलिटी 100 मीटर ही थी। हालांकि, 10 बजे के बाद कोहरा हटा तो उड़ानों का संचालन भी सामान्य हुआ। दिल्ली समेत पूरी नॉर्थ दिल्ली में छाए घने कोहरे का असर तीन हफ्ते से उड़ानों पर पड़ रहा है।

सुप्रीम कोर्ट पहुंची ED और ममता की रार

पक्ष सुने बिना कोई आदेश न दे कोर्ट: TMC

■ पीटीआई, नई दिल्ली

ईडी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। आरोप लगाया कि गुरुवार को पॉलिटिकल कंसलटेंसी फर्म I-PAC के ऑफिस पर छापेमारी के दौरान ममता सरकार की ओर से रुकावट डाली गई। ED ने केस की CBI जांच की मांग की है।

इधर, पश्चिम बंगाल सरकार ने भी शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल की। सरकार ने मांग की है कि उसका पक्ष सुने बिना कोई आदेश पारित न किया जाए। ईडी ने शुक्रवार को कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया था, लेकिन कोर्ट परिसर में हंगामे की वजह से सुनवाई नहीं हो सकी। ईडी का आरोप है कि छापेमारी के दौरान ममता ने पुलिस की मदद से एजेंसी के पास से जरूरी दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए। इस बीच, ममता बनर्जी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि वोटर लिस्ट की SIR प्रक्रिया रेकॉर्ड सही करने के बजाय वोटरों के नाम हटाने की कवायद बना दी गई है। बनर्जी ने अपने पत्र में निर्वाचन आयोग पर राजनीतिक पक्षपात और चुनाव प्रक्रिया के दौरान मनमानी करने का आरोप लगाया।

उन्होंने तीन पन्नों के पत्र में कहा, सुनवाई की प्रक्रिया काफी हद तक मशीनी हो गई है, जो पूरी तरह से तकनीकी आंकड़ों द्वारा संचालित है और इसमें विवेक, संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण का पूरी तरह अभाव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य न तो सुधार करना है और न ही नाम जोड़ना...बल्कि केवल नाम काटना है। बनर्जी ने दावा किया कि वर्तनी या उम्र संबंधी मामूली गलतियों के कारण आम लोगों को जबरन सुनवाई, उत्पीड़न और वेतन हानि का सामना करना पड़ रहा है।

बंगाल में चुनाव अधिकारी का इस्तीफा

पश्चिम बंगाल में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) में एक असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (AERO) ने इस्तीफा दे दिया। बागनान विधानसभा क्षेत्र के AERO ने आरोप लगाया कि कई असल वोटरों के नाम गलत तरीके से वोटर लिस्ट से हटाने की कोशिश की जा रही है।

ED-EC के दबाव में झुकेंगे नहीं: अभिषेक

■ पीटीआई, साल्टोरा : तृणमूल कांग्रेस (TMC) के नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि बीजेपी प्रवर्तन निदेशालय (ED) और चुनाव आयोग के जरिए उनकी पार्टी को रोक नहीं सकती। उन्होंने कहा कि टीएमसी किसी भी दबाव के आगे नहीं झुकेगी। आरोप लगाया कि SIR के नाम पर बंगालियों पर अत्याचार हो रहा है।

TMC ने जारी किया चुनावी गीत

तृणमूल कांग्रेस ने आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए अपना चुनावी गीत जारी किया। दावा किया कि पार्टी लगातार चौथी बार सत्ता में वापसी करेगी। चुनाव प्रचार गीत की मुख्य पंक्ति कहती है, अपने ऊपर होने वाले सभी हमलों के बावजूद बंगाल फिर से जीतेगा। हम एक हर रास्ते पर एक नई दिशा के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तुम्हारा अहंकार नई सुबह के सामने हार जाएगा।

ममता की शिकायत पर अज्ञात ED अफसरों के खिलाफ जांच शुरू

■ भाषा, कोलकाता : कोलकाता पुलिस ने I-PAC प्रमुख प्रतीक जैन के आवास और सलाहकार फर्म के ऑफिस से दस्तावेजों की कथित चोरी में शामिल प्रवर्तन निदेशालय (ED) के अधिकारियों की पहचान करने की प्रक्रिया शनिवार को शुरू कर दी। एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि पुलिस की कार्रवाई में दोनों जगहों पर मौजूद केंद्रीय एजेंसी के अन्य कर्मियों की पहचान करने का भी कोशिश हो रही है। अधिकारी ने बताया कि शनिवार सुबह शेक्सपियर सरणी थाने के अधिकारी जैन के आवास पर गए और सीसीटीवी फुटेज और डीवीआर रिकॉर्डिंग इकट्ठी की। अधिकारी ने कहा, घरेलू कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों के बयान भी दर्ज किए गए। एक बार पहचान की प्रक्रिया पूरी हो जाने पर नोटिस जारी किया जाएगा।

अफसरों पर छापेमारी के दौरान पार्टी की योजना चोरी करने का आरोप है

डंपर पर रोड टैक्स नहीं : SC

■ NBT, रिपोर्ट, नई दिल्ली : एक्सकावेटर, डंपर, लोडर और डोजर जैसी हैवी मशीनरी गाड़ियों पर रोड टैक्स लागू नहीं होगा। क्योंकि, मोटर वाहन अधिनियम की धारा 2 (28) के तहत ये मोटर वाहन नहीं माने जाएंगे। एक सीमेंट कंपनी की याचिका स्वीकार करते हुए जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस की बेंच ने गुजरात हाई कोर्ट के उस निर्णय को रद्द कर दिया, जिसमें इस प्रकार के वाहनों पर सरकार की करोड़ों रुपये के रोड टैक्स की मांग को सही ठहराया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों की ओर से उपयोग किए गए वाहन विशेष प्रकार के हैं।

एक सीमेंट कंपनी की याचिका स्वीकार कर कोर्ट की टिप्पणी

ओवैसी बोले, कभी हिजाब वाली महिला PM होगी, BJP ने घेरा

■ भाषा, मुंबई



महाराष्ट्र के सोलापुर में एक जनसभा में शुक्रवार को ओवैसी ने ये बात कही।

AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि एक दिन हिजाब पहनने वाली महिला भारत की प्रधानमंत्री बनेगी। बीजेपी ने कहा कि भारत का संविधान सभी समुदायों के लोगों को समान दर्जा देता है जबकि पाकिस्तान का संविधान शीर्ष संवैधानिक पदों के लिए केवल एक ही समुदाय तक सीमित है। बीजेपी ने इसपर कहा, अपने 'गैरजिम्मेदाराना' बयान के माध्यम से हैदराबाद के सांसद 'आधा सच' पेश कर रहे हैं क्योंकि मुस्लिम महिलाएं हिजाब नहीं पहनना चाहतीं।

बीजेपी ने कहा, ये बयान गैरजिम्मेदाराना, महिलाएं हिजाब नहीं पहनना चाहतीं

AIMIM के प्रमुख ओवैसी ने 15 जनवरी को होने वाले नगर निकाय चुनावों से पहले महाराष्ट्र के सोलापुर में शुक्रवार को एक जनसभा में कहा, भारत का संविधान सभी को बराबरी का अधिकार देता है, पाकिस्तान के संविधान की तरह नहीं जो शीर्ष संवैधानिक पदों के लिए केवल एक ही समुदाय तक सीमित है।

'एंजेल की स्पाइनल कॉर्ड में भी गंभीर चोट'

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

त्रिपुरा के स्टूडेंट की डिटेल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे

त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में कई बातें सामने आई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, उस पर चाकू से वार किया गया था। इसके एंजेल की गर्दन, रीढ़ और स्पाइनल कॉर्ड में गहरी चोट आई। उसकी रीढ़ की हड्डी में भी फ्रैक्चर मिला है।

रिपोर्ट के मुताबिक, एंजेल चकमा की गर्दन के दाहिने हिस्से में 12.5 सेंटीमीटर लंबा घाव था, जिसमें 13 टांके लगे थे। एंजेल चकमा के पेट के निचले हिस्से में 3 सेंटीमीटर का घाव था, जिसमें तीन टांके लगे थे। इसके अलावा दाहिने कंधे पर एक सेंटीमीटर का घाव भी दर्ज किया गया है। एंजेल की रीढ़ और स्पाइनल कॉर्ड को गंभीर चोटें पहुंची थीं। बे एंजेल चकमा की हत्या के मामले में कुल छह आरोपी हैं। इनमें से अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एक आरोपी नेपाल का रहने वाला यज्ञराज अवस्थी अभी फरार है। यह हमला 9 दिसंबर 2025 की शाम को हुआ था। कई दिनों तक इलाज चलने के बाद 26 दिसंबर की सुबह एंजेल की मौत हो गई थी।

गैंगस्टर की रिहाई का जश्न, जेल का वॉर्डन सस्पेंड

■ भाषा, पणजी : गोवा में एक गैंगस्टर की जेल से रिहाई के बाद उसके साथ जश्न मनाने का विडियो सामने आने पर कोलवाले केंद्रीय जेल के एक वार्डन को सस्पेंड कर दिया गया है।

पणजी से करीब 20 किलोमीटर दूर केंद्रीय जेल के वॉर्डन लक्ष्मण पैडलीस्कर का एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। विडियो में वह गैंगस्टर अमोघ नाइक की रिहाई के बाद जश्न मनाते दिख रहे हैं। जांच पूरी होने तक वॉर्डन को सस्पेंड किया गया है।

BJP पार्षद बना बदलापुर रेप केस का सह-आरोपित

■ भाषा, ठाणे: बीजेपी ने बदलापुर में एक स्कूल में यौन उत्पीड़न से संबंधित मामले में सह-आरोपी तुषार आप्टे को ठाणे जिले की कुलगांव-बदलापुर नगर परिषद में शनिवार को मनोनीत पार्षद नियुक्त किया, लेकिन आलोचना के बाद 24 घंटे में ही इस्तीफा दे दिया। उद्धव ठाकरे और संजय राउत ने इसका कड़ा विरोध किया था।

कथित यौन उत्पीड़न की घटना के समय तुषार आप्टे स्कूल का सचिव था

शुक्रवार को नगर परिषद में पांच मनोनीत पार्षदों के चयन की प्रक्रिया पूरी हुई। इनमें से दो बीजेपी, दो शिवसेना और एक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) की ओर से मनोनीत किए गए। कथित यौन उत्पीड़न की घटना के समय आप्टे स्कूल का सचिव था। आप्टे पर आरोप है कि उसने इस अपराध की सूचना नहीं दी।

बच्चियों के यौन शोषण के मामले में शिकायत दर्ज न करने पर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (POCSO) की धारा 21(2) के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना के 44 दिन बाद आप्टे को गिरफ्तार किया गया और 48 घंटे में जमानत मिल गई।

'सरकारी संस्थान से कोर्स करने भर से नियुक्ति नहीं'

■ NBT, रिपोर्ट, नई दिल्ली : सरकारी संस्थान से कोई कोर्स कंप्लीट कर लेना, अपने आप में किसी सरकारी पद पर नियुक्ति की वैध अपेक्षा नहीं हो सकती है। वह भी तब, जब नीति और भर्ती ढांचे में परिवर्तन हो चुका हो।

सुप्रीम कोर्ट ने यूपी राज्य की उस याचिका को स्वीकार करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने प्रतिवादियों को केवल इस आधार पर नियुक्ति देने का निर्देश दिया था कि उन्हें ट्रेनिंग कोर्स में प्रवेश मिलने के बाद रोजगार की वैध अपेक्षा थी।

पश्चिम बंगाल में नाबालिग से गैंग रेप, दो अरेस्ट, दो की तलाश

■ भाषा, कोलकाता : हुगली जिले में सुनसान पड़े एक कारखाने में एक नाबालिग लड़की से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार, गुरुवार शाम को 16 साल पीड़िता अपनी एक सहेली के साथ बंद पड़ी 'हिंद मोटर' फैक्टरी में गई थी। आरोप है कि आरोपितों ने अपने साथियों के साथ मिलकर फैक्ट्री में लड़की का यौन उत्पीड़न किया। गिरफ्तार आरोपितों में से एक की पहचान दीपांकर अधिकारी उर्फ सोनाई के रूप में हुई है, जो कथित तौर पर इलाके का तृणमूल कांग्रेस का युवा नेता है। वहीं, दूसरा आरोपित नाबालिग है और कथित तौर पर लड़की का दोस्त है। पुलिस आरोपित के दो और साथियों की तलाश कर रही है।

छत्तीसगढ़: सामूहिक दुष्कर्म में पुलिसकर्मी सहित दो हिरासत में

■ भाषा, कोरबा : छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में 19 वर्षीय युवती से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने 'डायल-112' वाहन के चालक सहित दो लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, यह घटना आठ जनवरी की रात बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, पांच आरोपितों में से एक को पीड़िता का परिचित बताया जा रहा जिसने उसे फोन कर बुलाया और बांकीमोंगरा इलाके में एक सुनसान घर ले गया। आरोप है कि वहां वाहन चालक और चार अन्य ने युवती से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपित युवती को बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गए। बाद में वह किसी तरह अपने घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई।

शिमला में 15 परिवार रातोंरात हुए बेघर, इमारतों में आईं दरारें

■ भाषा, शिमला: शिमला के चलौंठी क्षेत्र में दो आवासीय इमारतों और एक होटल में दरारें आने के बाद ठंड में करीब 15 परिवार रातोंरात बेघर हो गए। प्रभावित परिवारों ने आरोप लगाया कि भट्टाकुफर और चलौंठी के बीच सड़क को चार लेन करने के लिए सुरंग खोदने के वास्ते चट्टानों में किए जा रहे विस्फोट के कारण इमारतों में दरारें पड़ीं।

प्रभावित परिवारों ने सुरंग निर्माण को जिम्मेदार ठहराया

यह परियोजना भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा शुरू की गई है और इसे एक निजी कंपनी क्रियान्वित कर रही है। प्रभावितों ने कहा कि कई शिकायतें की गईं, लेकिन प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया और अब विस्फोट के कारण उनके मकान जोखिम में हैं। प्रभावित परिवारों ने सुरंग निर्माण करने वाली कंपनी पर दुर्व्यवहार करने का भी आरोप लगाया। शिमला के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) (ग्रामीण) ने कहा, "चलौंठी क्षेत्र में दो इमारतों में रह रहे 15 परिवारों के 40 से अधिक लोग तथा एक होटल के पर्यटक और कर्मचारी दरारें आने के बाद शुक्रवार रात इमारतों से बाहर निकल गए। अधिकतर परिवारों को ठहरने के लिए स्थान उपलब्ध कराया गया है।

भजनलाल सरकार ने पेपर लीक के सिलसिले को खत्म किया: शाह

■ भाषा, जयपुर

गृह मंत्री ने कहा, राजस्थान में बीते दो साल में अपराध में 14 फीसदी की कमी आई है

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि कोई राज्य तभी विकास कर सकता है जब वहां कानून व्यवस्था की स्थिति अच्छी हो। उन्होंने कहा कि राज्य की भजनलाल सरकार ने कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू किए गए प्रश्नपत्र लीक के सिलसिले को खत्म कर दिया है। कहा कि राज्य की भजनलाल सरकार के दो साल के कार्यकाल में कुल अपराध में लगभग 14 फीसदी की कमी आई है। वे यहां राजस्थान पुलिस अकादमी में नए चुने आरक्षकों को नियुक्ति पत्र देने के लिए आयोजित 'आरक्षक नवनियुक्ति समारोह' को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, मैं आज राजस्थान की जनता से कहना चाहता हूं कि इन नौ हजार युवाओं को बिना किसी खर्चे के, बिना सिफारिश के, उनके दम-खम के बल पर नौकरी देने का काम राजस्थान की बीजेपी सरकार ने किया है। इसमें पारदर्शिता भी है, इसमें भ्रष्टाचार का उन्मूलन भी है और इसमें योग्यता का सम्मान भी है।

शाह ने कहा, कोई भी राज्य तभी आगे आ सकता है जब वह प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ाए। कोई भी प्रदेश तभी आगे आ सकता है जब वहां लोकसेवकों की भर्ती पारदर्शी तरीके से हो, उसमें कोई भ्रष्टाचार न हो। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश के निवेशक राजस्थान आना चाहते हैं और राजस्थान का भविष्य बहुत उज्ज्वल है।

कार्बेट में सफारी के समय मोबाइल साथ ले जाना बैन

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : कॉर्बेट नैशनल पार्क में रात्रि विश्राम और जंगल सफारी के दौरान अब पर्यटक, जिप्सी ड्राइवर और नेचर गाइड अपने साथ मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे। पार्क प्रशासन ने यह फैसला सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुपालन में लिया है।

सफारी पर जाने से पर्यटन गेट पर जमा कराने होंगे मोबाइल, कैमरे पर रोक नहीं

इस नियम के लागू होने के बाद सफारी पर जाने से पहले सभी को अपने मोबाइल पर्यटन गेट पर ही जमा कराने होंगे। सफारी और रात्रि विश्राम से लौटने पर मोबाइल वापस कर दिए जाएंगे। कॉर्बेट के उपनिदेशक राहुल मिश्रा ने साफ किया कि यह नियम केवल जंगल के अंदर जिप्सी में सफारी करने वालों पर लागू होगा। हालांकि, मोबाइल फोन पर रोक के बावजूद पर्यटकों को कैमरा साथ ले जाने की इजाजत रहेगी। यानी पर्यटक डीएसएलआर या अन्य कैमरों से फोटो और विडियो बना सकेंगे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द "खुली निविदा" वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है :-

निविदा नोटिस सं. : 05 वर्ष 2026, **कार्य का विवरण :** लखनऊ जंक्शन स्टेशन प्लेटफॉ- 1, 2, 3, 4, 5 और 6 में पुरानी कोच गाइडेंस और अन्य यात्रियों की सुविधाओं की प्रणाली को नवीनतम संस्करण के नए आईपीआईएस आधारित सिस्टम से बदलना, एलजेएन डिवीजन में, **अनुमानित लागत :** ₹ 3,70,08,238.44, **बयाना राशि :** ₹ 3,35,100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 00.00, **कार्य समापन अवधि :** 180 दिन।

(1) **निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समय :** 29.01.2026 को 15.00 बजे।

नोट :- 1. इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण एवं निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

मं.रे.प्र. (सि. एवं दूर.सं.)/ लखनऊ

पुजासं/सिगनल-86

देशों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कानपुर नगर

पत्रांक:-मुअचि0अ0/संविदा प्रकाशन/2025-26/ दि0

-::संविदा भर्ती विज्ञप्ति::-

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र लखनऊ के पत्र सं0 179/एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./डिस्ट्रिक्ट वॉक इन इन्टरव्यू/2023-24/4150 दिनांक 18.08.2023 के अनुपालन के क्रम में जनपद कानपुर नगर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, के अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों में रिक्त संविदा पदों हेतु चिकित्सकों (एम.बी.बी.एस.) की नियुक्ति वॉक इन इन्टरव्यू के माध्यम से की जानी है। जिसका विवरण निम्नवत है।

क्रम सं.	कार्यक्रम का नाम	पद नाम	अर्ह शैक्षिक योग्यता	वांछित अनुभव (यदि आवश्यक हो)	रिक्त पदों की संख्या (आरक्षण सहित)					कुल पद	अनुमोदित मानदेय
					अ.	पि.	अनु.	एस.टी.	ई.डब्लू.एस.		
1	मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम	महिला चिकित्सा अधिकारी	एम.बी.बी.एस., उ.प्र. मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत एवं कार्य का अनुभव	-	1	-	-	-	-	1	100000
2	टेलीमेडिसिन	एम.बी.बी.एस. चिकित्सक	एम.बी.बी.एस., उ.प्र. मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत	-	-	1	1	-	-	2	100000
3	मातृ स्वा0 कार्यक्रम मेडिकल कालेज	एम.बी.बी.एस. चिकित्सक	एम.बी.बी.एस., उ.प्र. मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत	-	-	-	1	-	-	1	100000
4	राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित नगरीय प्रा.स्वा.के.	चिकित्साधिकारी	एम.बी.बी.एस., उ.प्र. मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत	-	-	5	2	-	-	7	80000+ PBI (20000)
5	15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत नगरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर हेतु	चिकित्साधिकारी	एम.बी.बी.एस., उ.प्र. मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत	-	5	3	3	-	1	12	80000+ PBI (20000)
6	बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम	एम.बी.बी.एस. चिकित्सक	एम.बी.बी.एस., उ.प्र. मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत	-	-	2	-	-	-	2	100000
7	जिला चिकित्सा सुदृढ़ीकरण	एम.बी.बी.एस. चिकित्सक	एम.बी.बी.एस., उ.प्र. मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत	-	2	-	1	-	2	5	100000
8	एन.सी.डी. क्लीनिक सामु.स्वा.के.	एम.बी.बी.एस. चिकित्सक (General physician)	एम.बी.बी.एस., उ.प्र. मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत	At least 2 years experience of working in a hospital	2	-	-	-	-	2	100000

नियम/शर्तें:-

1. उपरोक्त समस्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि 02 फरवरी 2026 (सायंकाल 05 बजे तक) तक होगी। आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट kanpurnagar.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।
2. आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से ही स्वीकार किये जायेगें। आवेदन पत्र नीचे दिये गये प्रारूप पर "मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय 100 गांधी ग्राम जी0टी0 रोड रामादेवी, कानपुर नगर 208007 के पते पर स्वीकार किये जायेगे।
3. प्राप्त आवेदन की स्क्रीनिंग 04 एवं 06 फरवरी 2026 तक की जाएगी।
4. स्क्रीनिंग के पश्चात अर्ह अभ्यर्थियों का वाक् इन इन्टरव्यू दिनांक 16 एवं 17 फरवरी 2026 तक 11 बजे से 2 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रामादेवी कानपुर नगर में सम्पन्न कराया जायेगा। जिसकी सूचना कॉल लेटर/दूरभाष/ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा।
5. यह पद पूर्णतया: नियत मानदेय पर संविदा शर्तों के अधीन है तथा इस पर स्थायीकरण का कोई दावा स्वीकार नहीं होगा। भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
6. उपरोक्त पदों पर नियुक्ति एक वित्तीय वर्ष तक के लिये मान्य होगी, जिसे भारत सरकार से अनुमोदनोपरान्त आगे बढ़ाया जा सकता है।
7. कोई भी प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर जिला स्वास्थ्य समिति/राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा एक महीने का नोटिस या नोटिस के बदले एक महीने के वेतन/मानदेय के बराबर राशि देकर चयनित अभ्यर्थी की संविदा/सेवा समाप्त करने का अधिकार होगा।
8. साक्षात्कार हेतु किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
9. एम0बी0बी0एस0 चिकित्सक हेतु इच्छुक अभ्यर्थी की आयु विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि पर 65 वर्ष से अधिक न हो।
10. संविदा नियुक्ति हेतु गठित चयन समिति का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।
11. चयन प्रक्रिया में उ0प्र0 शासन द्वारा लागू आरक्षण नीति का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी/
संयोजक, जिला स्वास्थ्य समिति
कानपुर नगर।

UPID-243788/09.01.2026 www.upgov.nic.in

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद

आजाद भवन, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली 110002

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर), विदेशों में स्थित भारतीय सांस्कृतिक केंद्रों के निदेशकों के पैनल में सूचीबद्ध होने के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। अधिक जानकारी के लिए कृपया क्यूआर कोड स्कैन करें या आईसीसीआर की वेबसाइट: https://iccr.gov.in/ देखें।

परिषद द्वारा प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी और केवल संक्षिप्त सूची में शामिल उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उम्मीदवारों का चयन आईसीसीआर का विशेषाधिकार होगा और इस संबंध में कोई पूछताछ स्वीकार नहीं की जाएगी।

इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन निर्धारित प्रारूप में संबंधित दस्तावेजों के साथ ईमेल: panel-iccdir@iccr.gov.in पर या रजिस्टर्ड डाक द्वारा महानिदेशक, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, आजाद भवन, आई.पी.एस्टेट, नई दिल्ली-110002, को 1800 hrs (IST) 02 फरवरी 2026 तक प्राप्त हो जाने चाहिए।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 11-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG10 User: cci Time: 01-10-2026 22:54 Color:

Gen-Z की रहस्यमयी दुनिया डिकोड

जंग, क्रांति, Nothing Ever Happens

2026 की शुरुआत ट्रंप की वेनेजुएला पर स्ट्राइक से हुई। जहां दुनिया का एक बड़ा हिस्सा इसे वर्ल्ड वॉर-3 की शुरुआत मान रहा था, वहीं इंटरनेट पर Nothing Ever Happens मीम्स की बाढ़ आ गई। इस फिलॉसफी को मानने वालों को लगता है कि जंग हो या किसी देश में क्रांति या तख्तापलट या फिर कोरोना जैसी महामारी का आना, आखिर में कुछ नहीं बदलता। इसी से जुड़ा है Billions Must Die का विचार और Chudjak कैरेक्टर। सोशल मीडिया पर स्क्रॉलिंग के दौरान हमें यह मीम कल्चर दिखता है, लेकिन समझ नहीं आता। आखिर Gen-Z के इस मीम कल्चर का असली मतलब क्या है और इसकी शुरुआत कैसे हुई? इस रोमांचक और रहस्यमयी दुनिया से पर्दा उठा रहे हैं वरुण आनंद

मीम नहीं, खास नज़रिया

Nothing Ever Happens (NEH) का आसान शब्दों में मतलब है कि कभी कुछ नहीं होता, लेकिन असल में इसका मतलब कहीं गहरा है। डिजिटल युग में यह केवल इंटरनेट मुहावरा या मीम नहीं रह गया है बल्कि यह आज के दौर की राजनीति और वैश्विक घटनाओं को देखने का एक खास नजरिया बन गया है। इसे मानने वाले खासकर Gen-Z का कहना है कि दुनिया आज ऐसे दौर में पहुंच चुकी है, जहां बड़ी से बड़ी घटना चाहे वह कितनी भी क्रांतिकारी या विनाशकारी क्यों न लगे, आखिर में मौजूदा हालात को बदलने में नाकाम ही रहती है। सब कुछ वही रहता है।

It's Happening के जवाब में हुई शुरुआत

Nothing Ever Happens की शुरुआत It's Happening के जवाब में हुई। यह सोच किसी भी घटनाक्रम को बड़े बदलाव से जोड़ती है। इसकी शुरुआत 21वीं सदी के पहले दशक में पूर्व अमेरिकी पॉलिटिशियन और डॉक्टर रॉन पॉल से मानी जाती है। वह इंटरनेट पर इतने ज्यादा लोकप्रिय हुए कि मीम्स में उनकी फोटो के साथ It's Happaening लिखकर फैलाया गया यानी अगर रॉन पॉल राष्ट्रपति बने तो अमेरिका में बहुत बड़ा बदलाव होगा, लेकिन भारी ऑनलाइन सपोर्ट के बावजूद उन्हें उनकी पार्टी ने उम्मीदवार ही नहीं बनाया। मतलब उम्मीद तो बहुत थी, पर नतीजा कुछ नहीं निकला। इसी It's Happening की ओवरहाइप के जवाब में तंज करते हुए Nothing Ever Happens की शुरुआत हुई।

Nothing Burger इतिहास इंटरनेट से भी पुराना

इस सोच की जड़ें इंटरनेट से भी पहले की हैं। अंग्रेजी मुहावरे Nothing Burger का मतलब है कोई ऐसी चीज या घटना जिसे बहुत ज्यादा प्रचारित किया गया, लेकिन असल में वह बेकार या उम्मीद से बहुत कम निकली यानी खोदा पहाड़, निकला चूहा। Nothing Burger का इस्तेमाल 1950 के दशक में हॉलिवुड गॉसिप कॉलमिस्ट लौएला पार्सन्स ने किया, जिसका मकसद ऐसी अफवाहों को खारिज करना था, जिनमें कोई दम नहीं होता था। फिर यह वाशिंगटन डी.सी. के राजनीतिक हलकों में पॉपुलर हुआ, जहां इसका यूज उन विवादों या जांचों के लिए हुआ जो बड़े लेवल पर शुरू हुईं, पर आखिर में कोई ठोस रिजल्ट नहीं निकला।

...ताकि नया समाज बने

Billions Must Die को सीधे शब्दों में लिखें तो इसका मतलब होता है 'अरबों को मरना होगा', लेकिन इसका भाव अरबों लोगों के मरने से नहीं बल्कि बड़े विनाश की जरूरत से है। Gen-Z जो कि बदलाव की बातों से थक चुके हैं, उनका साफ कहना है कि आज सामाजिक और राजनीतिक सिस्टम इतना खराब हो चुका है कि इसे सुधारना नामुमकिन है। इसलिए इसके विनाश की प्रक्रिया को तेज कर देना चाहिए, ताकि एक नया समाज जन्म ले सके। नया समाज पुराने समाज के खत्म होने से ही बन सकता है।

The West has fallen से जुड़ा

इस विचारधारा का जन्म भी गुमनाम इंटरनेट फोरम 4chan पर हुआ था। यह इंटरनेट का ऐसा कोना है जहां अक्सर बहुत ही तीखी पॉलिटिकल चर्चाएं और विवादित मीम्स बनते हैं। इसकी शुरुआत और प्रसार को इस तरह से देखा जा सकता है।



2019 में मिला चेहरा

इस मीम का मुख्य चेहरा Chudjak है। कहा जाता है कि यह कार्टून फेस 2019 में अमेरिका के एल पासो में हुई गोलीबारी की घटना को अंजाम देने वाले पैट्रिक क्रूसियस पर आधारित था।

2021 में जुड़ा

2021 के आसपास, 4chan पर यूजर्स ने पश्चिमी समाज के कथित पतन का मजाक उड़ाने के लिए The West has fallen (पश्चिम का पतन हो चुका है) कहना शुरू किया। इसके साथ ही Billions Must Die का नारा जुड़ गया।

ध्यान खींचने के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल

Billions Must Die को पहली नजर में देखें तो एकदम से लगता है कि अरबों लोगों की मौत! दरअसल, ऐसे शब्दों को इस्तेमाल करने के पीछे का मकसद ही लोगों का ध्यान खींचना है।

दिखती है ग्लोबल रीसेट की भावना

इस सोच को मानने वाले निराशा के उस चरम पर पहुंच चुके हैं, जिनका मानना है कि इस दुनिया का अब कुछ नहीं हो सकता। आज की दुनिया, सरकारों और सिस्टम को इतना जंग लग चुका है कि ग्लोबल रीसेट किए बिना सुधार या बदलाव मुमकिन ही नहीं है। यह क्रांति की वह दबी चिंगारी है जो ऐसी सोच वालों के अंदर ही अंदर धधक रही है।

ये है प्लैटफॉर्म

कहा जाता है कि इस सोच का आधुनिक और डिजिटल अवतार इंटरनेट पर सबसे पहले गुमनाम इंटरनेट फोरम 4chan पर आया। समय के साथ 4chan के यूजर्स ने महसूस किया कि It's Happening के कई दावे फेल हुए। तब It's Happening कहने वालों का मजाक उड़ाने और उन पर तंज कसने के लिए Nothing Ever Happens (NEH) की शुरुआत हुई। इसके बाद यह Reddit और X (पहले ट्विटर) पर फैलते चले गए और आज भी जब हम किसी सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म को स्क्रॉल करते हैं तो एक अजीब से एक्सप्रेशन में सफेद चेहरे वाला कैरेक्टर हमारे सामने आ जाता है।

आज भी जारी है जंग

आज भी दुनिया में जब कोई बड़ी घटना होती है तो सोशल मीडिया पर उसके रिएक्शन आने लगते हैं। एक वर्ग कहता है कि कुछ हो रहा है, कुछ बड़ा होने वाला है, कोई बड़ा बदलाव होगा, जबकि इसका जवाब Nothing Ever Happens (NEH) मानने वाले अपनी बातों से देते हैं। इंटरनेट पर दोनों विचारधाराओं की जंग आज भी हर मुद्दे पर देखने को मिलती है।

...यानी यह सोच काफी हद तक सही

अभी तक हम दुनिया में ऐसी कई बातें और घटनाएं सुन और देख चुके हैं, जिनसे लग रहा था कि इनके बाद तो बहुत बड़ा बदलाव आ जाएगा, लेकिन आखिर में वही ढाक के तीन पात। कुछ नहीं बदला।

ऐतिहासिक घटना	It's Happening का दावा	NEH के मुताबिक कुछ नहीं बदला
Y2K बग (2000)	दुनियाभर के कंप्यूटर सिस्टम साल 2000 में खराब हो जाएंगे।	आखिर में यह बात सिर्फ अफवाह साबित हुई, कुछ भी नहीं निकला।
रॉन पॉल अभियान (2012)	अमेरिकी राजनीति में क्रांतिकारी बदलाव आएगा, देश पर होगा असर।	रॉन को उनकी पार्टी ने ही टिकट नहीं दिया और कुछ नहीं बदला।
दुनिया का अंत (21 दिसंबर 2012)	माया कैलेंडर के मुताबिक दुनिया खत्म हो जाएगी, प्रलय होगी।	न कोई प्रलय आई, न दुनिया खत्म हुई। यह तो आज भी वैसी की वैसी है।
कोविड-19 (2020)	यह महामारी दुनिया की तस्वीर पूरी तरह से बदल कर रख देगी।	कुछ समय बाद हम वापस अपने-अपने पुराने रुटीन पर लौट आए।
साउथ कोरिया मार्शल लॉ (2024)	देश बड़े संघर्ष की ओर बढ़ता दिखा, कई इलाकों में सेना तैनात की गई।	कुछ ही घंटों में बिना किसी बड़े बदलाव के चीजें सामान्य हो गईं।

नोट: हालांकि, इन घटनाओं का सामना कर चुके लोगों का तर्क हो सकता है कि बदलाव आया है। कोरोना में अपनों को खोने वाले कह सकते हैं कि सब कुछ पहले जैसा नहीं रहा, लेकिन देखा जाए तो हर कोई आज अपनी जिंदगी वैसे ही जी रहा है जैसे कोविड से पहले जी रहा था। भले ही किसी अपने को खो दिया हो।

छिपी क्रांति की तरह: NEH की सोच वालों की निराशा को एक छिपी क्रांति के रूप में भी देखा जा सकता है, जो हर बार किसी बदलाव की बातें सुन-सुन कर इतने ऊब चुके हैं कि बदलाव की उम्मीद ही छोड़ चुके हैं। इससे उनके अंदर धधक रही है बड़े बदलाव की आग जिसे Billions Must Die के रूप में देख सकते हैं।

यह तो सदियों से सुन रहे

कभी कुछ नहीं बदलता और बड़े विनाश के बिना बदलाव नहीं आ सकता, ये विचार नए नहीं बल्कि हम सदियों से सुन रहे हैं।

मूल स्थिति तो वही रहती है

ज्यादातर दर्शन भी यही कहते हैं कि संसार चक्र में घूमता रहता है, जहां घटनाएं घटती तो हैं, लेकिन मूल स्थिति वही रहती है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि आत्मा न जन्म लेती है, न मरती है यानी बाहरी बदलाव के बावजूद मूल सत्य स्थिर रहता है। इसे आइंस्टाइन के ऊर्जा के सिद्धांत से भी जोड़ सकते हैं, जिसके मुताबिक ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती, बस अपना रूप बदलती है।

प्रलय की बात हर धर्म में है

लगभग हर धर्म और सभ्यता में प्रलय या संसार के अंत की अवधारणा मिलती है। हालांकि, उसके रूप और कारण अलग-अलग बताए गए हैं। सनातन धर्म में प्रलय को सृष्टि के चक्र का हिस्सा माना गया है, जहां सृष्टि, स्थिति और संहार बार-बार होते हैं। ईसाई और इस्लाम धर्म में प्रलय को एक अंतिम दिन (Judgement Day/कयामत) के रूप में देखा गया है। यही तो Gen-Z कहना चाहते हैं Billions Must Die.

उम्मीद लाते हैं Billions Must Try जैसे विचार

कहते हैं रोशनी से पहले का अंधेरा सबसे घना होता है यानी हर अंधेरे के बाद रोशनी आती ही आती है। इसी तरह निराशा की एक्सट्रीम भावना Billions Must Die के जवाब में Billions Must Try, Billions Must Love/Smile, Billions Must Heal, Billions Must Hope/Live जैसे पॉजिटिव और उम्मीद भरे विचारों के मीम्स आते हैं। Billions Must Try का विचार कहता है कि भले ही कामयाब होने की गारंटी न हो, लेकिन अरबों लोगों को कोशिश जरूर करनी चाहिए क्योंकि कोशिश करना ही इंसान की ताकत को दिखाता है और कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। Billions Must Love/Smile में अक्सर Chudjack को गुस्से के बजाय एक बड़ी मुस्कान के साथ दिखाया जाता है। Billions Must Hope/Live का विचार कहता है कि दुनिया अभी खत्म नहीं हुई है और अरबों लोगों को जीने की उम्मीद बनाए रखनी चाहिए। वहीं, The West Has Risen तो The West Has Fallen का सीधा जवाब है, जो यह बताता है कि सभ्यता का पतन नहीं हुआ है बल्कि वह नए सिरे से ऊपर उठ रही है।

कब से इंटरनेट पर

कहा जाता है कि Nothing Ever Happens की शुरुआत 2014 में 4chan पर हुई और करीब 2019 में Billions Must Die का विचार दुनिया में सोशल मीडिया पर फैला। हालांकि, भारत में 2020 के बाद ये विचार बदले हुए मीम्स के साथ फैलने शुरू हुए और अब हर जगह दिखाई देते हैं।

दोनों विचार आपस में जुड़े

Nothing Ever Happens और Billions Must Die दोनों ही एक-दूसरे को पूरा करते हैं। ये फिलॉसफी आज के डिजिटल युग के खालीपन, हताशा और दुनिया की बड़ी घटनाओं के प्रति अलग नजरिया पेश करती है। जहां Nothing Ever Happens बोरियत और स्थिरता की बात करता है, वहीं Billions Must Die उस स्थिरता को खत्म करने की इच्छा है।

...और भी हैं विचारधाराएं

Nothing Ever Happens और Billions Must Die के अलावा ऐसी तमाम फिलॉसफी हैं, जो इंटरनेट पर अपनी भावनाएं दिखाने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं। इनमें से कुछ खास ये हैं-

We Live in a Society
यह उन नियमों और सामाजिक हालात पर तंज कसने के लिए इस्तेमाल किया जाता है जो बहुत अजीब या बेतुके लगते हैं। जब कोई बहुत ज्यादा गंभीर बनकर दुनिया को कोसता है तो लोग मजाक में कहते हैं कि भाई रहने दे, पता है कि हम एक समाज में रहते हैं।

This Is Fine
जब चारों तरफ आग लगी हो यानी मुसीबतें हों तब कोई शांति से बैठकर कॉफी पीते हुए कहे कि सब ठीक है। यह हार मानने की भावना को दिखाता है। अक्सर एग्जाम्स प्रेशर, वर्क लोड या बड़ी मुसीबतों में मजबूरी दिखाने के लिए इसे यूज किया जाता है।

Touch Grass
इसका मतलब है कि फोन, कंप्यूटर छोड़ो और बाहर जाकर असली दुनिया को देखो। जब कोई इंटरनेट पर किसी बात को लेकर बहुत ज्यादा गुस्सा हो जाए या बेतुकी बहस करने लगे तो लोग उसे रियलिटी चेक देने के लिए कहते हैं कि गो, टच ग्रास।

Clown World
दुनिया को एक पागलखाने या सर्कस की तरह देखना जहां कुछ भी लॉजिकल नहीं हो रहा। बस तमाशा चल रहा है। जब खबरें या सरकारी फैसले बहुत ही अजीब और बेतुके लगते हैं तो लोग कहते हैं कि Welcome to the clown world.

Let It Rot
जब हालात इतने खराब हों कि उन्हें सुधारना नामुमकिन लगे तो कोशिश करना छोड़ देना और उसे ज्यादा खराब होने देना। यह चीन के युवाओं से शुरू हुआ एक विचार (Bai Lan) है। इसका मतलब है कि इसे सड़ने दो।

Dead Internet Theory
करीब 2021 में पॉपुलर हुई इस सोच के मुताबिक, इंटरनेट अब इंसानों का नहीं रहा। बॉट्स (bots) और AI से जनरेटेड कॉन्टेंट से भरा है। लोग इससे अपने अकेलेपन की भावना दिखाते हैं, जहां उन्हें लगता है कि वे इंसानों के बजाय मशीनों से बात कर रहे हैं।

वे कैरेक्टर जो बनाते हैं डिजिटल थिएटर: चेहरे जो बिन बोले कह जाते हैं सब कुछ

Nothing Ever Happens और Billions Must Die की सोच को दिखाने के लिए एक खास चेहरे का इस्तेमाल किया जाता है। कहा जाता है कि यह Chudjak है जो अपने चेहरे के एक्सप्रेशन से ही कई बार ऐसी बातें कह जाता है जो शब्द बयां नहीं कर पाते। इंटरनेट पर यह एकदम से नहीं आ गया। जिस तरह से ऊपर बताए दोनों विचार किसी न किसी से प्रेरित हुए, किसी का जवाब देने के लिए जन्मे और डिवेलप होते चले गए, उसी तरह से Chudjak भी पुराने मीम का विकसित हुआ रूप माना जाता है।

जानें, इन मीम्स की विकास यात्रा

2009 का वोयाक है पूर्वज

इन मीम्स को समझने के लिए इनके चेहरे के पूर्वज वोयाक (Wojak) को समझना जरूरी है। कहा जाता है कि वोयाक की शुरुआत 2009 में एक पोलिश इमेजबोर्ड विचान (Vichan) पर हुई थी। शुरुआत में यह केवल एक उदास चेहरे का स्केच था जो सहानुभूति और दुख को दिखाने के लिए इस्तेमाल किया जाता था। समय के साथ वोयाक के कई वेरिएंट बने। विचान 4chan की तरह था और कहा जाता है कि उससे प्रेरित था, लेकिन अब वह पूरी तरह से बंद हो चुका है।

वोयाक के चर्चित वेरिएंट और उनके मतलब

Soyjak (2017)
यह चश्मे और दाढ़ी वाला वोयाक है जो अक्सर किसी चीज पर उत्साहित होता है। इसकी आंखों में चमक दिखती है। यह कमजोर समझे जाने वालों का मजाक उड़ाने के लिए इस्तेमाल होता है।



NPC (2018)
NPC यानी नॉन प्लेयर कैरेक्टर। यह बिना किसी खासियत वाले चेहरे का वोयाक है, जो उन लोगों को दिखाता है जो खुद नहीं सोचते और केवल भेड़चाल में चलते दिखते हैं।



Doomer (2018)
काली कैप पहनकर सिगरेट पीता हुआ वोयाक, जो निराशा, डिप्रेशन और दुनिया के अंत पर भरोसा दिखाता है। इसके मुताबिक भविष्य अंधेरे में है और सिस्टम नहीं बदलेगा और मेहनत का फल नहीं मिलेगा।



Bloomer (2018)
यह डूमर के उलट है जो पॉजिटिव है। इसे Hopecore भी कहते हैं। इसमें लोग इस बात पर जोर देते हैं कि भले ही दुनिया में कितनी भी मुश्किलें हों, जीने की खुशी और उम्मीदें नहीं छोड़नी चाहिए।

Chudjak (2019-21)
यह एल पासो शूटर से प्रेरित है। इसे अक्सर गंभीर, चश्मा पहने हुए शख्स के रूप में दिखाया जाता है। यह उन लोगों का प्रतिनिधित्व करता है जो एक्सट्रीम विचारधाराओं की ओर झुकाव रखते हैं।

Disclaimer: आमतौर पर मीम्स को सिर्फ हंसी-मजाक की चीज समझा जाता है, लेकिन इसमें कई तरह की भावनाएं शामिल हैं। मीम्स इमोशंस को दुनिया के सामने रखने का तरीका है, न कि उसका विश्लेषण। ये हमारी रोजमर्रा की थकान, गुस्से और बेबसी को भी दुनिया के सामने रखते हैं। लेकिन याद रखें कि ये किसी घटना की साइंटिफिक रिपोर्ट या फैक्ट-बेस्ड एनालिसिस नहीं हैं। मीम्स एक 'इमोशनल ब्रिज' की तरह काम करते हैं, जो हमें अहसास दिलाते हैं कि अपनी परेशानियों में हम अकेले नहीं हैं। हमारे जैसे दूसरे लोग भी हैं। वैसे मीम्स बातों को बहुत ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर दिखाते हैं। इनका काम कुछ ही सेकंड में फीलिंग्स को दूसरों तक पहुंचाना होता है। ये भावनाओं को 'शॉर्टकट' में समझाने का तरीका है, इसलिए इनमें पूरी सच्चाई या हर पहलू की जानकारी नहीं होती।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 11-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG11 User: cci Time: 01-11-2026 00:28 Color:

टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारत में खेलना बहुत बड़ा फायदा है। हम इन परिस्थितियों में खेलने का अनुभव हासिल करना चाहते हैं। हम निश्चित रूप से अभी वनडे सीरीज पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। -माइकल ब्रेसवेल, कप्तान, न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम

51 विकेट लिए हैं जवागल श्रीनाथ ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में। वह न्यूजीलैंड और भारत के बीच हुए वनडे मैच में सर्वाधिक विकेट लेने वाले प्लेयर हैं

न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज का पहला मुकाबला आज, कोहली और रोहित पर होगा पूरा फोकस

भारत के सामने कीवियों पर काबू पाने का चैलेंज

भारत Vs न्यूजीलैंड
वनडे सीरीज, पहला मैच

■ एजेंसियां, वडोदरा: न्यूजीलैंड की टीम पिछली बार साल 2024 में जब भारत दौरे पर आई थी तब उसने घरेलू धरती पर टेस्ट फॉर्मेट में भारत के बरसों से चले आ रहे दबदबे को समाप्त किया था। अब वनडे फॉर्मेट में भारत में भारत के दबदबे को चुनौती देने के लिए कीवी टीम एक बार फिर भारत में है। हालांकि न्यूजीलैंड टीम ने भारत में अभी तक न कोई वनडे सीरीज जीती है और ना ही कोई वनडे टूर्नामेंट जीता है। इसके बावजूद वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी कर रही सितारों से सजी भारतीय टीम को अपनी पूरी ताकत के साथ नए चेहरों और युवा जोश के साथ भारत में नई उड़ान भरने पहुंची कीवी टीम की चुनौती का सामना करना होगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ आज खेले जाने वाले सीरीज के पहले वनडे में भारतीय टीम विराट कोहली और रोहित शर्मा की शानदार लय के साथ आगे बढ़ने की उम्मीद करेगी। न्यूजीलैंड की टीम नए और युवा खिलाड़ियों की भरमार है लेकिन पूरी ताकत के साथ उतर रही भारतीय टीम के लिए रोहित और कोहली के नजरिए से सीरीज अहम है। अगले महीने वाली टी20 वर्ल्ड कप के कारण वनडे सीरीज की अहमियत थोड़ी कम है लेकिन अगले सात दिनों में होने वाले तीन वनडे मैचों में कोहली और रोहित आकर्षण का केंद्र रहेंगे। दोनों दिग्गजों को हाल ही में विजय हजारे ट्रॉफी के लीग चरण में अच्छा मैच अभ्यास मिला है।

आमने-सामने



संभावित प्लेइंग XI

भारत: शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, रविंद्र जाडेजा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज

न्यूजीलैंड: डेवोन कॉन्वे (विकेटकीपर), निक केली, विल यंग, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), क्रिस्टियन क्लार्क, काइल जेमीसन, माइकल रे और आदित्य अशोक

पिच व मौसम: वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में यह पहला मेंस वनडे इंटरनैशनल मुकाबला खेला जाएगा। यहां खेले गए दो डे-नाइट विमिंस वनडे मैचों में फ्लडलाइट्स के नीचे भारतीय पेसर्स को मदद मिली थी और भारत ने दोनों मुकाबले 100 से ज्यादा रन के अंतर से जीते थे। मौसम खेल के अनुकूल रहेगा। तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा और बारिश की कोई संभावना नहीं है।

टेलिकास्ट: दोपहर 1:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

श्रेयस प्रयोग पर लगाएंगे लगाम: पिछले साल के अंत में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में वह चोट के कारण बाहर रहे थे। गिल की वापसी से यशस्वी जायसवाल को शीर्ष क्रम से बाहर बैठना पड़ सकता है। जायसवाल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में अपना पहला वनडे शतक जमाया था। श्रेयस अय्यर की वापसी से बल्लेबाजी क्रम में चल रहे प्रयोगों पर विराम लगने की उम्मीद है और 31 वर्षीय इस बल्लेबाज का एक बार फिर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करना लगभग तय है। केएल राहुल की विकेटकीपर-बैटर के रूप में भूमिका जारी रहने से ऋषभ पंत के इलेवन में शामिल होने की संभावना कम है।

1 शतक लगाते ही विराट कोहली भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे मैचों में सर्वाधिक सेंचुरी का रेकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे। फिलहाल वह और वीरेंद्र सहवाग 6-6 शतक के साथ टॉप पर हैं

15 फिफ्टी प्लस पारियां खेली हैं विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में खेली 33 पारियों में। ये सर्वाधिक है। सचिन तेंडुलकर (13) लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं

गिल को तकदीर पर पूरा भरोसा

कप्तान बनने के बाद यह गिल के लिए वनडे में सिर्फ दूसरी सीरीज होगी

प्रेस कॉन्फ्रेंस से

वडोदरा: टी20 वर्ल्ड कप टीम से बाहर किए जाने के बाद भारत के वनडे और टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने शनिवार को कहा कि वह चयनकर्ताओं के फैसले का सम्मान करते हैं और जब भी मौका मिलेगा अपनी पूरी क्षमता के साथ योगदान देने की कोशिश करेंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती वनडे से पहले गिल ने कहा, 'मेरा मानना है कि मैं वहीं हूं जहां मुझे होना चाहिए। मेरी तकदीर में जो लिखा है उसे कोई मुझसे नहीं छीन सकता। जाहिर है एक खिलाड़ी के तौर पर आपको यह विश्वास होता है कि अगर आप वर्ल्ड कप में खेलते हैं। तो आप अपनी टीम के लिए और अपने देश के लिए जीत हासिल करेंगे।' गिल ने कहा, 'मैं चयनकर्ताओं के फैसले का सम्मान करता हूं और टी20 टीम को मेरी शुभकामनाएं। मुझे पूरी उम्मीद है कि वे हमारे लिए वर्ल्ड कप जीतेंगे।'

जब उनसे पूछा गया कि क्या टीम से बाहर किए जाने का उन पर मानसिक रूप से बुरा असर पड़ सकता है, तो गिल ने कहा, 'एक खिलाड़ी होने के नाते सब कुछ वर्तमान में जीने के बारे में है। आप जितना अधिक वर्तमान में रहेंगे जीत की उतनी संभावनाएं बढ़ जाएंगी।'

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

खास रेकॉर्ड कर रहा इंतजार

साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछली वनडे सीरीज में दो शतक जमाने वाले विराट कोहली जब न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में उतरेंगे तो कई रेकॉर्ड उनका इंतजार कर रहे होंगे। विराट अभी तक दुनिया के 34 अलग अलग मैदान पर वनडे इंटरनैशनल में कुल 53 शतक लगा चुके। न्यूजीलैंड के खिलाफ आज से शुरू हो रही सीरीज के तीन वेन्यू वडोदरा, राजकोट और इंदौर हैं और इन तीनों ही मैदान पर विराट के बल्ले से वनडे में एक भी शतक नहीं आया है। फिलहाल विराट सर्वाधिक वेन्यू पर शतक लगाने के मामले में सचिन तेंडुलकर के साथ संयुक्त शीर्ष पर हैं। यदि वह इस सीरीज में एक भी शतक लगा लेते हैं तो सर्वाधिक वेन्यू पर वनडे शतक का इंटरनैशनल रेकॉर्ड अपने नाम कर लेंगे।

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में न्यूजीलैंड टीम का कप्तान कौन है?
A) डेरिल मिचेल B) माइकल ब्रेसवेल C) मिचेल हे D) केन विलियमसन

2. भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए वनडे मैच में सर्वाधिक विकेट किस बोलर ने लिए है?
A) जसप्रीत बुमराह B) शेन बॉन्ड C) टिम साउदी D) जवागल श्रीनाथ

कल के जवाब
1. C) रांची 2. D) जापान

लकी WINNER



1. संगीता धुरिया, लखनऊ, यूपी
2. अयान तोमर, डाबड़ी गांव, दिल्ली
3. दिनेश वर्मा, जोगेश्वरी, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

हरमन, ब्रंट की फिफ्टी, मुंबई पहला मैच जीती

■ एजेंसियां, नवी मुंबई: हरमनप्रीत कौर (74* रन, 42 बॉल, 8 फोर, 3 सिक्स) और नैट सिवर-ब्रंट (70 रन, 46 बॉल, 13 फोर, 2/29) की तेजतर्रार फिफ्टी व निकोला कैरी (21 रन, 12 बॉल, 4 फोर, 3/37) के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत मुंबई इंडियंस ने विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के चौथे सीजन में अपना पहला मुकाबला जीता। मुंबई ने शनिवार को हुए मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 50 रन से हराया। मुंबई की टीम सीजन ओपनर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार गई थी। पहले बैटिंग करते हुए मुंबई इंडियंस ने खराब शुरुआत के बाद चार विकेट पर 195 रन बनाए। यह दिल्ली के खिलाफ WPL में सबसे बड़ा टोटल है। जवाब में दिल्ली कैपिटल्स की बैटिंग पूरी तरह विफल रही और टीम 19 ओवर्स में 145 रन पर ऑल आउट हो गई।

मिडल ओवर्स में बरसे रन: टॉस जीतकर गेंदबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरुआत शानदार रही। टीम के साथ इस सीजन जुड़ी शिनेल हेनरी (1/32) ने अपने पहले और मैच के दूसरे ओवर में ही अमेलिया केर (0) को उनकी पहली गेंद पर चलता किया। जिसके बाद मुंबई पावरप्ले में 6.6 रन रेट से 43 रन ही बना पाई। कमलिनी पावरप्ले के तुरंत बाद ही आउट हो गईं। यहां से कप्तान हरमनप्रीत और ब्रंट ने मोर्चा संभाला। दोनों छोर से मुंबई के लिए तेजी से रन आए, जिसकी बदौलत मुंबई ने मिडल ओवर्स में 10 रन रेट से 100 रन बना लिए। कैरी ने टीम को मजबूत फिनिश दिया।

हरमनप्रीत ने पारी में 3 सिक्स जमाए

सिर्फ शिनेल का बल्ला चला: जवाब में दिल्ली की शुरुआत खराब रही और टीम ने 33 रन पर ही चार विकेट गंवा दिए। यहां से टीम पूरी तरह से मैच में कभी उबर ही नहीं पाई। हालांकि, एक छोर पर हेनरी ने हार का अंतर कम करते हुए 33 गेंद पर 56 रन की पारी खेली और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जेमिमा रोड्रिग्स WPL में कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में सिर्फ 1 रन ही बना पाईं। मुंबई के लिए केर और कैरी ने 3-3 विकेट लिए।

जॉर्जिया के ऑलराउंड खेल से जायंट्स जीते

कप्तान एशले गार्डनर (65 रन, 41 बॉल, 6 फोर, 3 सिक्स) और जॉर्जिया वेयरहैम (27 रन, 10 बॉल, 1 फोर, 3 सिक्स, 2/30) की बदौलत गुजरात जायंट्स ने विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के रोमांचक मुकाबले में शनिवार को यूपी वॉरियर्स को 10 रन से मात दी। ऑस्ट्रेलिया की युवा बल्लेबाज फीबी लिचफील्ड की 40 गेंद में खेली गई 78 रन की शानदार पारी भी यूपी को जीत नहीं दिला सकी। गुजरात ने पहले बैटिंग करते हुए 207/4 स्कोर बनाया। जवाब में यूपी 20 ओवर्स में 197/8 स्कोर तक ही पहुंच सकी।

फटाफट खबरें

भारत पहुंची फीफा ट्रॉफी

■ नई दिल्ली: फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ट्रॉफी शनिवार को भारत पहुंची। राजधानी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और फीफा एंबेसडर और ब्राजील के पूर्व खिलाड़ी गिल्बर्टो सिल्वा ने ट्रॉफी का अनावरण किया। इस मौके पर ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष कल्याण चौबे भी मौजूद थे।

सबालेंका फाइनल में

■ ब्रिस्बेन: वर्ल्ड नंबर-1 आरिना सबालेंका ने ब्रिस्बेन इंटरनैशनल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में कैरोलिना मुखोवा को 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। मौजूदा चैंपियन सबालेंका ने चौथे मैच पॉइंट पर जीत पक्की की। फाइनल में उनका सामना यूक्रेन की मार्ता कोस्त्युक से होगा। मेंस सिंगल्स फाइनल डेनियल मेदवेदेव और ब्रेंडन नाकाशिमा के बीच होगा।

मोरक्को सेमीफाइनल में

■ रबात: ब्राहिम डियाज के गोल की बदौलत मोरक्को ने अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के क्वॉर्टर फाइनल में कैमरून को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। डियाज ने 27वें मिनट में बढ़त दिलाई, जबकि इस्माइल सैबरी ने 74वें मिनट में दूसरा गोल किया। अन्य क्वॉर्टर फाइनल में सेनेगल ने माली को 1-0 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

प्लेयर्स के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है असर: नजमुल

■ एजेंसियां, ढाका: बांग्लादेश के टेस्ट कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने अगले महीने भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप को लेकर बनी अनिश्चितता पर चिंता जताते हुए कहा है कि इसका असर खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, लेकिन टीम हालात को ऐसे संभालने की कोशिश कर रही है जैसे 'सब कुछ सामान्य है।' भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की भागीदारी उस वक्त विवादों में आ गई, जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए ICC से अपने मैच भारत से बाहर कराने की मांग की। शंटो ने कहा, 'आप देखेंगे कि हर वर्ल्ड कप से पहले कुछ न कुछ जरूर होता है। तीन वर्ल्ड कप खेलने के अनुभव से मैं कह सकता हूं कि इसका असर पड़ता है। मैं इतना जरूर कहूंगा कि ऐसी परिस्थितियों में अभिनय करना भी मुश्किल होता है। सही मानसिकता के साथ अगर हम वर्ल्ड कप में जाएं और कहीं भी खेलें, तो हमारा ध्यान इस पर होना चाहिए कि टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ कैसे दें।' शंटो ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के निदेशक एम नजमुल इस्लाम द्वारा पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को 'भारत का एजेंट' बताए जाने की कड़ी आलोचना की।

वर्ल्ड कप वेन्यू विवाद

बांग्लादेश टेस्ट कप्तान नजमुल शंटो

पाइपर्स का खिताब पर कब्जा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: एसजी पाइपर्स ने श्राची बंगाल टाइगर्स को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराकर विमिंस हॉकी इंडिया लीग (WHIL) का खिताब अपने नाम किया। नियमित समय में दोनों टीम के बीच 1-1 से मुकाबला ड्रॉ रहा था। यह इस सीजन तीसरा मौका था, जब पाइपर्स और बंगाल टाइगर्स के बीच मुकाबले का नतीजा पेनल्टी शूटआउट से निकला। लीग स्टेज के दौरान बंगाल टाइगर्स ने दोनों मुकाबले पेनल्टी शूटआउट में जीते थे।

विमिंस हॉकी इंडिया लीग

पाइपर्स की टीम पिछले सीजन पॉइंट्स टेबल में चौथे और आखिरी स्थान पर रही थी, लेकिन इस सीजन टीम ने खिताब जीतने का कमाल किया। वहीं, पिछली बार तीसरे स्थान पर रहने वाली बंगाल टाइगर्स इस साल रनर अप रही। एसजी पाइपर्स की गोलकीपर बंसरी सोलंकी को 'प्लेयर ऑफ द मैच चुना' गया।

टूर्नामेंट ट्रॉफी के साथ पाइपर्स की प्लेयर्स और स्टाफ जश्न मनाते हुए

बंगाल को शुरुआती बढ़त: फाइनल का दबाव दोनों टीमों पर बराबर दिख रहा था। दोनों टीमों ने खिताबी मुकाबले के पहले क्वॉर्टर में संयम दिखाया। इस क्वॉर्टर में एक भी गोल नहीं हुआ। हालांकि, दूसरा क्वॉर्टर बंगाल टाइगर्स के लिए लकी साबित हुआ, जहां उनकी ओर से लालरेमसियामी ने गोल दागा।

आखिरी क्वॉर्टर में राहत की सांस: पाइपर्स एक गोल से पीछे थी और उसके खेमे में बेचैनी बढ़ रही थी। बंगाल को जीतने के लिए सिर्फ लीड कायम रखनी थी, लेकिन प्रीति दुबे ने विपक्षी टीम के डिफेंस में सेंध लगाते हुए पाइपर्स को बराबरी पर ला खड़ा किया।

सेमीफाइनल में थम गया सिंधु का सफर

■ एजेंसियां, कुआलालंपुर: भारतीय शटलर पीवी सिंधु का सीजन के पहले टूर्नामेंट मलेशिया ओपन सुपर 1000 में सफर शनिवार को सेमीफाइनल में थम गया। दो बार की ओलिंपिक्स मेडलिस्ट सिंधु को विमिंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में चीन की वर्ल्ड नंबर-2 वांग झियी के खिलाफ सीधे गेम में 6-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही टूर्नामेंट में भारत का अभियान भी समाप्त हो गया। पैर की चोट के कारण पिछले साल अक्टूबर से कोर्ट से बाहर रहीं सिंधु इस टूर्नामेंट में वापसी कर रही थीं। अगले सप्ताह इंडिया ओपन सुपर 750 की तैयारी कर रही सिंधु ने मैच के बाद कहा कि वह अब आराम करने और टूर्नामेंट की तैयारी करने पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगी।

मलेशिया ओपन

शटलर पीवी सिंधु

नीरज ने कोच यान के साथ करार किया खत्म

■ एजेंसियां, नई दिल्ली: दो बार के ओलिंपिक्स मेडलिस्ट भारतीय स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने चेक रिपब्लिक के दिग्गज कोच यान जेलेज्नी के साथ अपनी साझेदारी को एक सीजन के बाद समाप्त करने का फैसला किया है। नीरज ने करार खत्म करने के पीछे की वजह नहीं बताई, लेकिन इस सफर को उन्होंने 'प्रगति, सम्मान और खेल के प्रति साझा जुनून' से भरा बताया। जैवलिन थ्रो में वर्ल्ड रेकॉर्ड धारी जेलेज्नी के मार्गदर्शन में ही नीरज ने पिछले सीजन में पहली बार 90 मीटर के मार्क को पार की थी। नीरज ने कहा कि बचपन से जिस ऐथलीट को वह अपना आदर्श मानते थे, उन्हीं से ट्रेनिंग लेना उनके लिए सपने के सच होने जैसा रहा। नीरज ने कहा, 'यान जेलेज्नी के साथ काम करने से मुझे कई नए विचार मिले। तकनीक, लय और मूवमेंट को लेकर उनकी सोच अद्भुत है। हर सेशन से मैंने बहुत कुछ सीखा।' 59 वर्षीय जेलेज्नी ने भी इस साझेदारी को सकारात्मक अनुभव करार दिया।

नीरज चोपड़ा और यान जेलेज्नी

सर्द रात के बीच बॉक्सर्स से खाली करवा दिए गए कमरे

■ पीटीआई, ग्रेटर नोएडा: नैशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल से एक दिन पहले मुकाबलों से लौटने के बाद शुक्रवार रात कई टीमों के बॉक्सर्स, कोचों और सपोर्ट स्टाफ को उनके आवंटित आवास खाली करने के लिए कह दिया गया, जिससे ठंड भरी रात में प्लेयर्स असहज स्थिति में पहुंच गए। यह समस्या लगातार दूसरे दिन सामने आई जिसमें कई अधिकारियों ने दावा किया कि उनके कमरों की बुकिंग की पुष्टि नहीं हुई है।

रिसेप्शन में रखा था सामान: टीम के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, 'जब हम प्रतियोगिता स्थल से लौटे तो हमें कमरे खाली करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि हमारी बुकिंग नहीं हुई थी।' एक अन्य अधिकारी ने आरोप लगाया कि दिन के मुकाबलों के बाद जब वे लौटे, तो उनका सामान पहले ही पैक कर रिसेप्शन में रख दिया गया था। दस डिग्री सेल्सियस से भी कम तापमान में रात के समय बाहर खड़े मुक्केबाजों और कोच की तस्वीरें मुक्केबाजी समुदाय में वायरल हुईं। एक कोच ने कहा, 'हमारे कमरों में ताले नहीं थे। जब हम इवेंट से लौटे, तो हमारे बैग पहले ही पैक कर रिसेप्शन में रख दिए गए थे।' उन्होंने यह भी कहा कि आयोजकों से बार-बार संपर्क करने के प्रयास व्यर्थ रहे।

नैशनल बॉक्सिंग में अव्यवस्था

कमरे से बाहर किए जाने के बाद आवास के बाहर नई व्यवस्था का इंतजार करते बॉक्सर्स

BAI ने की व्यवस्था: भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (BAI) ने कहा कि स्थिति की जानकारी मिलने के बाद उसने तुरंत कदम उठाए। BAI ने कहा, 'तत्काल कदम उठाए गए हैं ताकि प्रभावित खिलाड़ियों को आवास प्रदान किए गए।'

लखनऊ दरबार

ADG और DIG की भरमार, कैसे अडजस्ट होंगे सरकार

कहीं एडीजी के पद पर डीजी तो कहीं डीजी के पद पर एडीजी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

यूपी पुलिस में बीते साल के आखिर तक हुए रिटायरमेंट और प्रमोशन के बाद एडीजी और डीआईजी रैंक के अफसरों की भरमार हो गई है। वहीं, आईजी रैंक के अफसर पदों के मुकाबले काफी कम हो गए हैं। साल 2027 के प्रमोशन के बाद तो यूपी पुलिस में डीआईजी रैंक के अफसरों और भरमार हो जाएगी।

ADG के 21 पद, 36 अफसर

यूपी में एडीजी रैंक के कुल 21 पद हैं, जबकि वर्तमान में एडीजी रैंक के 36 अफसर हैं। वहीं, चार अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। यही नहीं, एडीजी की एक्स कैडर पोस्ट पर डीजी स्तर के अफसर तैनात हैं। 112 यूपी एडीजी की पोस्ट है, लेकिन वहां डीजी नीरा रावत की तैनाती है। एडीजी कार्मिक की पोस्ट पर आईजी स्तर के अफसर की तैनाती है, जबकि यह एडीजी की कैडर पोस्ट है। इसी तरह एडीजी पद्मजा चौहान के पास डीजी फायर का प्रभार है। वहीं, एडीजी कानून एवं व्यवस्था और आईजी एसटीएफ के पद पर एडीजी अमिताभ यश की तैनाती है। इसी तरह टेलीकॉम एडीजी की कैडर पोस्ट है, जबकि वहां डीजी की तैनाती है।

आईजी के 51 पद, अफसर सिर्फ 33

आईजी के कैडर के 51 पद हैं, लेकिन सिर्फ 33 अफसर हैं। इनमें हाल ही में आईजी पद पर प्रमोट हुए 2008 बैच के अफसर भी हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह कि यूपी की 18 रेंज में आईजी स्तर की कैडर ज्यादातर पोस्ट पर डीआईजी स्तर के अधिकारी तैनात हैं।

डीआईजी की 51 पोस्ट, अफसर 66

2012 बैच के अफसरों के प्रमोशन के बाद डीआईजी स्तर के 66 अफसर हो गए हैं, जबकि पदों की संख्या सिर्फ 51 है। माना जा रहा है कि अब बड़े जिलों में एसएसपी स्तर पर डीआईजी रैंक के अफसरों को तैनाती मिल सकती है। वहीं, आईजी कैडर की बड़ी रेंज में और डीआईजी को तैनाती दी जा सकती है।

AI वाला ऐप बताए, टीका कहीं छूट न जाए

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नवजात शिशु समेत छोटे बच्चों को अभिभावक टीका लगवाना न भूलें और हर बार समय से टीका लग सके, इसके लिए यूपी में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद ली जा रही है। फतेहपुर जिले में एआई आधारित स्मार्ट वैक्सीनेशन ट्रैकिंग सिस्टम ऐप विकसित किया गया है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर हथगाम ब्लॉक में ट्रायल शुरू हुआ तो टीकाकरण की दर 95% तक पहुंच गई। यह ऐप खुद जिले के डीएम रविंद्र सिंह ने तैयार किया है।

- फतेहपुर के डीएम ने डिवेलप किया AI बेस्ड ऐप
- 95% तक पहुंचा टीकाकरण का ग्राफ

फतेहपुर डीएम ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य सेवाओं को तकनीक से जोड़ने का सुझाव दिया था। इस पर बच्चों के टीकाकरण की निगरानी के लिए एआई आधारित ऐप बनाने का फैसला किया। इसके जरिए बच्चों के माता-पिता को वॉट्सऐप पर टीकाकरण का रिमाइंडर भेजा जा रहा है। साथ ही टीकाकरण की निगरानी भी हो रही है।

रियल टाइम एनालिसिस भी

रविंद्र सिंह ने बताया कि ऐप में एआई तकनीक के जरिए रियल टाइम मॉनिटरिंग और डाटा एनालिसिस की सुविधा भी है। इस ऐप से उन इलाकों की भी पहचान की जा सकती है, जहां टीकाकरण की दर कम है।

एएनएम के लिए अलग ऐप

डीएम ने बताया कि एएनएम के लिए अलग से मोबाइल ऐप तैयार किया गया है। इसमें उन्हें रियल टाइम ड्यू लिस्ट मिलेगी। इससे वे जान सकेंगी कि किस क्षेत्र में किन बच्चों का टीकाकरण बचा है।

बिना सहमति कनेक्शन प्रीपेड करने का विरोध

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : लोगों की सहमति के बिना बिजली कनेक्शन प्रीपेड करने के खिलाफ उपभोक्ता परिषद कोर्ट जाएगा। उपभोक्ता परिषद के मुताबिक, विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 47(5) के तहत उपभोक्ताओं का अधिकार है कि वे जैसा चाहें वैसा मीटर चुनें। उन्हें प्रीपेड कनेक्शन के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। परिषद ने चेक मीटर की रीडिंग की रिपोर्ट भी सार्वजनिक करने की मांग की है।

चेक मीटर मिलान की रिपोर्ट भी सार्वजनिक करने की मांग

परिषद अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार ने पांच प्रतिशत पुराने मीटरों को चेक मीटर के तौर पर छोड़ने और इनकी रिपोर्ट हर महीने सार्वजनिक करने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसका भी पालन नहीं हो रहा।

टेलिकॉम अफसरों की मिलीभगत से साइबर ठगों को बेचते थे फर्जी सिम

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी STF ने साइबर अपराधियों को फर्जी सिम कार्ड सप्लाई करने वाले गिरोह के सरगना शिहान शेख को मुंबई से गिरफ्तार किया गया है। इस गिरोह के लोग ग्राहकों के नाम से दो सिम कार्ड एक्टिवेट करवाते थे और दूसरा सिम 800 से 1200 रुपये में साइबर अपराधियों को बेच देते थे। इसमें टेलिकॉम कंपनियों के अधिकारियों की मिलीभगत भी सामने आई है। STF जल्द ही इस खेल में शामिल टेलिकॉम कंपनियों के अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी कार्रवाई करेगी।

बीते साल मई और जून में STF ने फर्जी सिम सप्लाई करने वाले गिरोह के आठ सदस्यों को चित्रकूट से गिरफ्तार किया था। इस गिरोह के सरगना शिहान शेख पर चित्रकूट पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। STF की गिरफ्त में आए शिहान ने पूछताछ में बताया कि उसने मुंबई और लखनऊ में मोबाइल शॉप खोलकर नेटवर्क खड़ा किया। साल 2022 में लखनऊ के एक रिटेलर से बात कर करीब 200 फर्जी सिम कार्ड खरीदे, फिर होटल और ट्रैवल सेक्टर के विदेशी निवेशकों को सिम बेचकर अच्छा मुनाफा कमाया। 2025 तक उसने मुंबई में खुद की टेलिकॉम ऐंड ट्रैवल एजेंसी खोल ली। उसके गिरोह ने अब तक करीब 800 फर्जी सिम कार्ड बेचे हैं। इनका इस्तेमाल ऑनलाइन ठगी, डिजिटल पेमेंट फ्रॉड और अंतरराष्ट्रीय कॉलिंग में किया जाता था। STF ने उसके खिलाफ लखनऊ साइबर थाने में FIR दर्ज करवाई है।

- STF ने मुंबई से गिरोह के सरगना को दबोचा
- ₹800 से ₹1200 में बेचता था एक सिम

कंपनियों के रजिस्ट्रेशन सिस्टम तक थी पहुंच

गिरोह के लोग टेलिकॉम कंपनियों के अफसरों से सांठगांठ कर दूसरे के दस्तावेज पर सिम ऐक्टिवेट करवाता था। ये सिम कार्ड साइबर अपराधियों को बेचते थे, जो OTP वेरिफिकेशन और डिजिटल फ्रॉड में इनका इस्तेमाल करते थे। गिरोह के पास टेलिकॉम कंपनियों के आईडी और रजिस्ट्रेशन सिस्टम तक पहुंच थी।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 11-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLBP User: cci Time: 01-11-2026 00:17 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब सिगरेट हुआ था जानलेवा घोषित

आज ही के दिन 1964 में US के डॉ. लूथर टेरी (Luther Terry) ने तंबाकू को कैंसर से जोड़ती एक रिपोर्ट जारी की। करीब 7,000 वैज्ञानिक लेखों की समीक्षा के बाद, रिपोर्ट ने पहली बार आधिकारिक रूप से माना कि धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर का मुख्य कारण है। इसके बाद ही सिगरेट पैकेटों पर चेतावनी अनिवार्य हुई और टीवी विज्ञापनों पर बैन लगा। इसने तंबाकू को 'ग्लैमरस' छवि से हटाकर 'जानलेवा' घोषित किया।

NBT

Front Page-2

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित)। रविवार, 11 जनवरी 2026 > पेज 12

भविष्य में बिना दर्द के कैंसर ठीक होगा

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में कैंसर जानलेवा बीमारी नहीं होगी। ज्यादातर मामलों में बीमारी शुरुआती स्टेज में ही पकड़ ली जाएगी। AI, जीन एडिटिंग और नैनो-टेक्नॉलजी से इलाज व्यक्ति के DNA के अनुसार होगा। इलाज दर्द के बिना होगा, बिना कीमो जैसी भारी तकलीफ के। शुरुआत में इलाज महंगा हो सकता है, लेकिन समय के साथ सस्ता और सबकी पहुंच में आएगा। सिगरेट लगभग खत्म हो जाएगी, धूम्रपान पर कड़ी पाबंदी होगी और यह इतिहास बन जाएगी।



AI Images

ईरान के पूर्व क्राउन प्रिंस ने कहा, शहरों पर कब्जे करें प्रदर्शनकारी

निर्वासन के 50 साल बाद ईरान वापसी की तैयारी में रजा पहलवी

■ NBT रिपोर्ट

ईरान में जारी व्यापक सरकार-विरोधी प्रदर्शनों के बीच देश के पूर्व क्राउन प्रिंस रजा पहलवी (Reza Pahlavi) ने संकेत दिया है कि वे लगभग पचास साल के निर्वासन के बाद स्वदेश लौटने की तैयारी कर रहे हैं। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में रह रहे पहलवी ने यह बात शनिवार को एक विडियो संदेश और सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए कही। उनके इस बयान को मौजूदा आंदोलन से सीधे जोड़कर देखा जा रहा है।

रजा पहलवी ने कहा कि मैं भी अपने वतन लौटने की तैयारी कर रहा हूं, ताकि हमारी राष्ट्रीय क्रांति की जीत के समय मैं आपके साथ, ईरान की महान जनता के बीच रह सकूं। मुझे विश्वास है कि वह दिन बहुत नजदीक है। उनके इस संदेश के बाद कई शहरों में प्रदर्शनकारियों के बीच उत्साह देखा गया, जहां खुले तौर पर उनकी वापसी की मांग की जा रही है।

हड़ताल और कब्जे की अपील, पहलवी का बड़ा ऐलान

अपने संदेश में पहलवी ने ईरानियों से आंदोलन को और तेज करने की अपील की। उन्होंने लोगों से कहा कि वे केवल सड़कों पर मौजूद रहने तक सीमित न रहें, बल्कि आर्थिक दबाव बनाएं और सार्वजनिक स्थलों पर दोबारा नियंत्रण हासिल करने की तैयारी करें। उन्होंने परिवहन, तेल, गैस और ऊर्जा जैसे अहम क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों से राष्ट्रव्यापी हड़ताल शुरू करने का आह्वान किया। पहलवी का कहना था कि अब लक्ष्य सिर्फ विरोध दर्ज कराना नहीं, बल्कि शहरों के केंद्रों पर पकड़ बनाना है।

उन्होंने उन लोगों की सराहना की जो धमकियों और दमन के बावजूद सड़कों पर डटे हुए हैं। पहलवी ने हालिया प्रदर्शनों को नेतृत्व के लिए 'करारा जवाब' बताया। साथ ही उन्होंने सशस्त्र और सुरक्षा बलों के उन सदस्यों को भी संबोधित किया, जिन्होंने प्रदर्शनकारियों के प्रति सहानुभूति जताई है।

AP

रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के एक अधिकारी ने चेतावनी दी कि पैरेंट्स अपने बच्चों को प्रदर्शनों से दूर रखें, अगर उन्हें गोली लगे तो शिकायत मत करना।

> राष्ट्रपति ट्रंप के साथ खेल मत खेलिए, जब वह कुछ कहते हैं तो कर गुजरते हैं। ईरान के बहादुर लोगों का अमेरिका समर्थन करता है। - मार्को रुबियो, US विदेश मंत्री

> विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लेने वाले किसी भी व्यक्ति को 'ईश्वर का शत्रु' माना जाएगा, जिसके लिए मृत्युदंड दिया जा सकता है। - अटॉर्नी जनरल, ईरान

कौन हैं रजा पहलवी?

रजा पहलवी ईरान के अंतिम शाह मोहम्मद रजा शाह पहलवी के बेटे हैं। 1979 की इस्लामिक क्रांति के समय वे अमेरिका में फाइटर पायलट प्रशिक्षण ले रहे थे और तभी से निर्वासन में हैं। अब 65 वर्षीय पहलवी का कहना है कि वे जबरन राजशाही बहाल नहीं करना चाहते, बल्कि शांतिपूर्ण बदलाव और राष्ट्रीय जनमत संग्रह के जरिए ईरान के भविष्य का फैसला होना चाहिए।

खामेनेई की जली फोटो से सिगरेट क्यों सुलगा रहीं महिलाएं?

■ NBT रिपोर्ट: ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें महिलाएं देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की जली हुई तस्वीरों से सिगरेट जलाती दिख रही हैं। ये दृश्य मौजूदा आंदोलन का सबसे तीखा और प्रतीकात्मक रूप माना जा रहा है। हालांकि टाइम्स ऑफ इंडिया ने इन तस्वीरों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की है। ईरान में खामेनेई की तस्वीर जलाना कानूनन गंभीर अपराध माना जाता है। इससे पहले नवंबर में एक कार्यकर्ता ने जब खामेनेई की तस्वीर जलाने का विडियो साझा किया था, तो उसके घर पर सुरक्षा बलों ने छापा मारा था, जिसके बाद उसे छिपना पड़ा। इसके अलावा, महिलाओं का सार्वजनिक रूप से सिगरेट पीना भी लंबे समय से प्रतिबंधित या हतोत्साहित किया जाता रहा है। मानवाधिकार संगठनों का आरोप है कि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की है।

ये आंदोलन का सबसे तीखा रूप माना जा रहा है

मादुरो की गिरफ्तारी के बाद संवाद की राह

वेनेज़ुएला-अमेरिका कूटनीति फिर से बहाल करने की तैयारी

Venezuela

■ एएफपी, काराकास

वेनेजुएला ने अमेरिका के साथ कूटनीतिक संबंधों को बहाल करने की दिशा में औपचारिक बातचीत शुरू करने की पुष्टि की है। यह पहल ऐसे समय सामने आई है, जब कुछ ही दिन पहले अमेरिकी बलों ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से हटाकर हिरासत में ले लिया था। काराकास में अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ वार्ता प्रस्तावित है, जिसे दोनों देशों के बीच सहयोग की दिशा में पहला ठोस कदम माना जा रहा है।

वेनेजुएला सरकार ने बताया कि अमेरिकी राजनयिक राजधानी में मौजूद हैं। विदेश मंत्री इवान गिल ने एक बयान में कहा कि अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज की सरकार ने अमेरिका के साथ कूटनीतिक प्रकृति की एक खोजी प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है, जिसका उद्देश्य दोनों देशों में राजनयिक मिशनों की पुनर्स्थापना है।

वेनेजुएला ने कहा, US राजनयिक राजधानी में मौजूद है

अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, कोलंबिया में तैनात शीर्ष अमेरिकी राजनयिक जॉन मैकनमारा और अन्य अधिकारी काराकास पहुंचे हैं ताकि चरणबद्ध तरीके से अमेरिकी मिशन की बहाली का प्रारंभिक आकलन किया जा सके। इसके जवाब में वेनेजुएला ने भी वॉशिंगटन एक प्रतिनिधिमंडल भेजने की घोषणा की है। हालांकि, रोड्रिगेज ने अमेरिका की सैन्य कार्रवाई की कड़ी निंदा भी की। उन्होंने इसे गंभीर, आपराधिक, अवैध और नाजायज हमला बताते हुए कहा कि वेनेजुएला इस आक्रमण का जवाब कूटनीतिक रास्ते से देता रहेगा। इसके बावजूद उन्होंने संवाद को देश की शांति, स्थिरता और संप्रभुता के लिए जरूरी बताया।

AFP

US दूतावास फिर से खोलने पर विचार

■ एपी, म्यामिरे (वेनेजुएला): ट्रंप प्रशासन का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को वेनेजुएला पहुंचा और काराकास में अमेरिकी दूतावास को फिर से खोलने की संभावनाओं का आकलन किया। 2019 में रिश्ते टूटने के बाद अमेरिका ने अपना दूतावास बंद कर दिया था। वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने कहा कि अमेरिका के साथ कूटनीतिक प्रकृति की खोजी प्रक्रिया शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य दोनों देशों में राजनयिक मिशनों की पुनर्स्थापना है। इस पहल को दोनों देशों के रिश्तों में अहम मोड़ माना जा रहा है।

ट्रंप बोले, मादुरो जैसा कदम पूतिन पर नहीं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



File

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पूतिन

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पूतिन को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए साफ कहा है कि वे पूतिन को वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो जैसी कार्रवाई का निशाना बनाने के पक्ष में नहीं हैं। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रंप ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इसकी जरूरत पड़ेगी।

ट्रंप का यह बयान उस सवाल के जवाब में आया, जिसमें उनसे पूछा गया था कि क्या अमेरिका रूस के राष्ट्रपति पूतिन को भी उसी तरह पकड़ने का आदेश दे सकता है, जैसे हाल ही में मादुरो को पकड़ा गया। ट्रंप ने कहा कि पूतिन के साथ अमेरिका के रिश्ते हमेशा अच्छे रहे हैं, लेकिन मौजूदा हालात से वे 'बहुत निराश' हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध का जिक्र करते हुए ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने पहले आठ युद्ध सुलझाए हैं और उन्हें उम्मीद थी कि यह संघर्ष अपेक्षाकृत आसान होगा।

बोले- मैं निराश हूं, लेकिन इसकी जरूरत नहीं

बैड डॉक्टर/गुड डॉक्टर

Q जब कोई शख्स दस्त और पेट में मरोड़ की वजह से डॉक्टर के पास पहुंचता है तो...

बैड डॉक्टर: आपको कुछ दवाएं दे रहा हूं। इसमें पावरफुल ऐंटिबायोटिक भी है और एक पेनकिलर भी। इसे खाने से अगर फायदा न हुआ तो आपका खर्चा बढ़ जाएगा। मामला गंभीर भी हो सकता है। मुमकिन है भर्ती होना पड़ेगा।

गुड डॉक्टर: आपको फीवर तो नहीं आ रहा? रात में कुछ उल्टा-सीधा खा लिया था? अभी कुछ दिन खिचड़ी जैसा लाइट भोजन करें। पानी पीते रहें। दस्त अगर ज्यादा परेशान करें तो ही यह दवा लें। कोई परेशानी वाली बात नहीं है।

डॉ. अमितेश कुमार, सीनियर गैस्ट्रो कंसल्टेंट

मणिपुर: पेट्रोल पंप अनिश्चितकाल के लिए बंद किए

■ भाषा, इंफाल : मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में एक पेट्रोल पंप पर बम हमले के 2 दिन बाद मणिपुर पेट्रोलियम डीलर्स फ्रटर्निटी ने शनिवार से घाटी और उसके आसपास के इलाकों में सभी पेट्रोल पंप बंद करने का फैसला लिया है। यह बंद तब तक जारी रहेगा, जब तक उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं होती। एमपीडीएफ ने राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को लिखे पत्र में संगठन ने बम विस्फोट से हुए नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 बांग्लादेश में भारतीय हाई कमिश्नर किस राजनीतिक दल के अध्यक्ष तारिक रहमान से मिले?
A) अवामी लीग B) BNP C) जातीय पार्टी

2 इसरो के किस सौर मिशन ने सोलर स्टॉर्म के पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र पर प्रभाव को समझने में मदद की?
A) आदित्य-L1 B) चंद्रयान-3 C) मंगलयान

3 भारत में अमेरिका के नए राजदूत के रूप में किन्हें नियुक्त किया गया है?
A) एरिक गार्सेटी B) रिचर्ड वर्मा C) सर्जिओ गोर

4 ईरान में सरकार-विरोधी प्रदर्शनों के बीच स्वदेश लौटने का संकेत देने वाले पूर्व क्राउन प्रिंस कौन है?
A) हसन रूहानी B) अयातुल्ला खामेनेई C) रजा पहलवी

5 किस देश ने भारत में अपनी पहली राजनयिक नियुक्ति की है?
A) अफगानिस्तान (तालिबान सरकार) B) ईरान C) तुर्की

कल के जवाब

A1 C) चार A2 B) ओरेशनिक A3 A) IED डेटा प्रबंधन मंच A4 B) आंध्र प्रदेश A5 B) 28 जनवरी

लकी विनर्स



1. अनुष्का, नई दिल्ली
2. आनंद कुमार जैन, नई दिल्ली
3. प्रवीण कुमार झा, नोएडा

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

अंकिता हत्याकांड

VIP का नाम उजागर करने पर FIR दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून : अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित 'वीआईपी' का नाम उजागर करने के लिए पर्यावरणविद पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने गृह विभाग और डीजीपी को शिकायती पत्र सौंपा। इसके बाद डीजीपी ने देहरादून के एसएसपी को जांच सौंपी। उनके आदेश पर वसंत विहार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अंकिता भंडारी

डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने शुक्रवार को लिखे पत्र में कहा था कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में कुछ अज्ञात लोगों (जिनको वीआईपी के रूप में संदर्भित किया जा रहा है) पर एक स्वतंत्र अपराध में शामिल होने का आरोप लग रहा है। ऐसे में वीआईपी कहे जा रहे किसी अज्ञात शख्स से संबंधित इस स्वतंत्र अपराध की जांच पूरे न्याय सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है।

कांग्रेस बोली, छह महीने में पूरी हो सीबीआई जांच: महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने शनिवार को मांग की कि सीबीआई अंकिता भंडारी हत्याकांड की जांच बिना किसी दबाव के और निष्पक्ष तरीके से छह महीने के भीतर पूरी करे तथा मामले में सबूत नष्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

अमेरिका में तीन जगहों पर गोलीबारी, 6 मौतें

■ एपी, वेस्ट प्वाइंट (US)

अमेरिका के मिसिसिपी (Mississippi) राज्य के उत्तर-पूर्वी हिस्से में शनिवार को हुई सिलसिलेवार गोलीबारी की घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, यह वारदातें अलबामा सीमा के पास स्थित वेस्ट प्वाइंट कस्बे में तीन अलग-अलग जगहों पर हुईं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने कहा कि रात में हमारे लोगों को एक बड़ी त्रासदी का सामना करना पड़ा है। हिंसा के कारण कई निर्दोष लोगों की जान चली गई। हालांकि, उन्होंने संदिग्ध की पहचान उजागर नहीं की है। उन्होंने यह भी कहा कि जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि छह मौतें तीन अलग-अलग स्थानों पर हुईं, जो आपस में जुड़ी घटनाएं मानी जा रही हैं। जांच के सिलसिले में प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी। पीड़ितों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करने की अपील करते हुए कहा कि एजेंसियां मामले की गहन जांच में जुटी हैं।

आदित्य-L1 ने सोलर स्टॉर्म का रहस्य बताया

■ पीटीआई, बेंगलुरु: इसरो ने कहा है कि उसके सौर मिशन आदित्य-L1 ने यह समझने में अहम जानकारी दी है कि शक्तिशाली सोलर स्टॉर्म पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र को कैसे प्रभावित करते हैं। दिसंबर 2025 में प्रकाशित एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने अक्टूबर 2024 के बड़े स्पेस वेदर घटनाक्रम का विश्लेषण किया। इसरो के मुताबिक, सोलर स्टॉर्म के अशांत हिस्से ने पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र को असामान्य रूप से संकुचित कर दिया, जिससे कुछ उपग्रहों को कठोर अंतरिक्ष परिस्थितियों का सामना करना पड़ा।



बांग्लादेश: BNP अध्यक्ष से मिले भारतीय हाई कमिश्नर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बांग्लादेश में भारतीय हाई कमिश्नर प्रणय वर्मा ने शनिवार को बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के साथ मुलाकात की। बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी की ओर से तारिक रहमान की बतौर पार्टी अध्यक्ष नियुक्ति के एक दिन बाद वर्मा ने ये मुलाकात की। बैठक 40 मिनट चली। बीएनपी की ओर से इसे एक शिष्टाचार भेंट बताया गया। दरअसल, रहमान की नियुक्ति उनकी मां और पार्टी अध्यक्ष खालिदा जिया के निधन के कुछ दिन बाद की गई है। इस संबंध में शुक्रवार को एक बैठक में बीएनपी की स्थायी समिति ने तारिक रहमान को पार्टी अध्यक्ष नियुक्त करने को मंजूरी दी थी।

बीएनपी ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया।

लंदन में 17 वर्षों के निर्वासन के बाद तारिक रहमान 25 दिसंबर को ही बांग्लादेश लौटे हैं। तीन बार बांग्लादेश की पीएम रह चुकीं और बीएनपी की प्रमुख नेता खालिदा जिया का 30 दिसंबर को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था।

भारत में नियुक्त हुए तालिबान के पहले राजनयिक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने भारत में अपनी पहली राजनयिक नियुक्ति की है। तालिबान ने विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मुफ्ती नूर अहमद नूर को दिल्ली में चार्ज डी अफेयर्स बनाया है। वे काबुल से भारत दिल्ली पहुंच चुके हैं। 21 अक्टूबर को भारत ने काबुल में अपने टेक्निकल मिशन को एंबेसी का दर्जा दिया था। वहां चार्ज डी अफेयर के तौर पर भारतीय अधिकारी करण यादव को नियुक्त किया गया।

ट्रंप के करीबी सर्जिओ भारत पहुंचे

एक साल बाद अमेरिकी एंबेसी में एंबेसडर का पद संभाल रहे गोर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : भारत में करीब एक साल से खाली पड़े अमेरिकी राजदूत के पद को आखिरकार नया चेहरा मिल गया है। पूर्व राजदूत एरिक गार्सेटी (Eric Garcetti) के बाद अब अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के करीबी माने जाने वाले सर्जिओ गोर (Sergio Gor) दिल्ली पहुंच चुके हैं और अगले हफ्ते औपचारिक रूप से अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। गोर ऐसे समय में यह अहम पद संभाल रहे हैं, जब भारत-अमेरिका संबंध बीते कुछ समय से असहज दौर से गुजर रहे हैं।

दक्षिण एशिया की ज़िम्मेदारी

भारत में राजदूत की भूमिका के अलावा सर्जिओ गोर को दक्षिण और मध्य एशिया का विशेष दूत भी बनाया गया है। इस क्षेत्र में भारत के साथ-साथ पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देश शामिल हैं। कुछ देशों में अमेरिका का स्थायी राजनयिक प्रतिनिधि न होने के कारण यह जिम्मेदारी और भी अहम हो जाती है। गोर से उम्मीद की जा रही है कि वे पारंपरिक कूटनीतिक चैनलों से इतर भारत की बात सीधे अमेरिकी नेतृत्व तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

नाइजर से रिहा हुए झारखंड के मजदूर

■ आईएएनएस, रांची: पश्चिम अफ्रीकी देश नाइजर में हथियारबंद दहशतगर्दों की कैद में पिछले आठ महीनों से फंसे झारखंड के 5 मजदूर आखिरकार रिहा हो गए हैं।

झारखंड सरकार के राज्य प्रवासी कंट्रोल सेंटर ने भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के हवाले से शनिवार को इसकी आधिकारिक पुष्टि की। बगोदर प्रखंड के दोन्दलो गांव के फलजीत महतो, राजू महतो, संजय महतो, चंद्रिका महतो और मुंडरो गांव के उत्तम महतो कल्पतरु ट्रांसमिशन लाइन कंपनी के तहत नाइजर में काम कर रहे थे।

जॉइंट वर्किंग ग्रुप बना, कई राज्य शामिल

लाइव इवेंट और कॉन्सर्ट इकॉनमी के लिए सिंगल विंडो सिस्टम पर ज़ोर

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : देश में लाइव इवेंट उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बने जॉइंट वर्किंग ग्रुप की 2 बैठकों के बाद नए कदम उठाने की प्रक्रिया तेज हो गई है। सरकार और उद्योग को एक साथ लाने, जॉब के मौके बढ़ाने पर ग्रुप काम कर रहा है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर कहा है कि ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लियरेंस मैकेनिज्म तैयार करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्टेट नोडल ऑफिसर्स नियुक्ति करें। साथ ही प्री-अप्रूव्ड वेन्यू नोटिफाई किए जाएं। पर्यटन, स्पोर्ट्स, नगर निकायों के दायरे में आने वाले इन वेन्यू की मंजूरी के नियमों को सरल व पारदर्शी बनाया जाए। इवेंट्स के आयोजन के लिए किराये की दरों को तर्कसंगत रख सुविधाओं पर नियमित नजर रखी जाए।

देश में संगठित लाइव इवेंट्स बाजार का मूल्य 2024 में 15 प्रतिशत बढ़ोतरी के साथ 20,861 करोड़ था। लाइव एंटरटेनमेंट उपभोग में कुल मिलाकर 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, 5 लाख से अधिक लोगों ने लाइव इवेंट्स में भाग लेने के लिए अन्य शहरों की यात्रा की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी को दर्शाता है।



सरकारों को जोड़ने के लिए बनाई LEDC

मंत्रालय ने लाइव इवेंट्स डिवेलपमेंट सेल (LEDC) की स्थापना की है। यह केंद्र-राज्य सरकारों, उद्योग संघों और कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ सिंगल-विंडो के रूप में काम करेगा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के आदेश पर जुलाई 2025 में जॉइंट वर्किंग ग्रुप बना। इसमें कई राज्यों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। वर्किंग ग्रुप इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण, रोजगार, पर्यटन और सांस्कृतिक सॉफ्ट पावर के इंजन के रूप में कॉन्सर्ट अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए मिशन मोड में काम कर रहा है। इंडिया सिने हब प्लैटफॉर्म पर लाइव इवेंट उद्योग के लिए समर्पित ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लियरेंस मैकेनिज्म बनाने की प्रक्रिया चल रही है।

सोमनाथ पहुंचे पीएम, रोड शो जैसा नज़ारा

■ पीटीआई, वेरावल (गुजरात)

पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को 3 दिन के गुजरात दौरे पर सोमनाथ पहुंचे। वहां वह 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' और वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस सहित कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने सोमनाथ महादेव मंदिर के पास हेलीपैड पर पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। हेलीपैड से मोदी अपने काफिले के साथ मंदिर के पास वीवीआईपी सर्किट हाउस पहुंचे। सड़क के दोनों तरफ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और श्रद्धालु स्वागत करने के लिए जमा थे। पीएम मोदी ने X पर लिखा, 'सोमनाथ आकर वह धन्य महसूस कर रहे हैं। सोमनाथ हमारी सभ्यता के साहस का प्रतीक है। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब देशभर में वर्ष 1026 में सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले हमले के 1,000 साल पूरे होने पर स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है।'

रात को पीएम ने सोमनाथ मंदिर में ओंकार मंत्र का जाप किया। इसके बाद मंदिर परिसर में ड्रोन शो में शामिल हुए। इसमें करीब 3,000 ड्रोन के जरिये मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों को दर्शाया गया। रविवार सुबह वह 9:45 बजे 'शौर्य यात्रा' में शामिल होंगे। यात्रा सोमनाथ मंदिर की रक्षा में जान देने वीरों के सम्मान में निकाली जा रही है। रविवार दोपहर पीएम राजकोट में कच्छ और सौराष्ट्र इलाके के लिए वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेंगे।

ओंकार मंत्र का जाप कर मंदिर परिसर में ड्रोन शो में हुए शामिल, आज भी कई कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे

भारत के युवाओं में अद्भुत जोश-जज्बा : PM

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत के युवा अपनी बेजोड़ ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ मजबूत और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की प्रेरक शक्ति हैं। पीएम मोदी 12 जनवरी को 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' में युवा नेताओं को संबोधित करेंगे। वे दस प्रमुख राष्ट्रीय विषयों के बारे में पीएम मोदी के सामने अपनी बात रखेंगे।

फटाफट खबरें

हर उद्यमी मित्र को अलॉट होंगे 10 प्रॉजेक्ट

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** निवेशकों को बेहतर सुविधाएं दिलाने और उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए इन्वेस्ट यूपी ने नई व्यवस्था शुरू की है। इसमें हर सीएम उद्यमी मित्र को दस निवेश परियोजनाएं आवंटित की गई हैं। हर निवेश प्रस्ताव को 60 दिन के भीतर अंतिम चरण तक पहुंचाने का लक्ष्य होगा। इस व्यवस्था के शुरू होने के बाद उद्यमी को किसी भी सरकारी कार्यालय में जाने की जरूरत नहीं होगी।

सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में बरेली नंबर-1

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** सरकारी योजनाएं लागू करने और जनता की शिकायतों के समाधान के मामले में बीते महीने बरेली जिला सबसे आगे रहा। सीएम डैशबोर्ड की दिसंबर की रैंकिंग में 9.27 अंकों के साथ इसे पहला स्थान मिला। वहीं, लखीमपुर खीरी 9.26 अंक के साथ दूसरे, इतने ही अंक के साथ शाहजहांपुर तीसरे स्थान पर रहा। सोनभद्र 9.19 अंक के साथ चौथे और श्रावस्ती 9.13 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहा। बरेली डीएम ने बताया कि जिले में जनकल्याणकारी योजनाएं लागू करने और सरकारी परियोजनाएं पूरी करने के लिए लगातार मॉनिटरिंग हो रही है। वहीं, लखीमपुर खीरी की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि लखनऊ मंडल की IGRS रैंकिंग में भी यह जिला चार महीने से पहले पायदान पर है।

चारे की कमी दूर करने के लिए टास्क फोर्स

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** गोशालाओं में चारे की कमी दूर करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में टास्क फोर्स बनाई गई है। इसकी पहली बैठक 16 जनवरी को होगी। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी टास्क फोर्स में अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव पशुधन विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, नियोजन विभाग सदस्य होंगे। केंद्र सरकार के निर्देश पर सभी राज्यों में यह टास्क फोर्स बनाई गई है।

स्कूल के पते पर ले ली मदरसे की मान्यता

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** राजधानी के मड़ियांव में मदरसा हनफिया जियाउल कुरान की मान्यता स्कूल के पते पर ली गई थी। दस्तावेज में दर्ज पते पर बेसिक शिक्षा विभाग का स्कूल है, जबकि मदरसा दूसरी जगह था। उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की रजिस्ट्रार अंजना सिरोही के मुताबिक, मदरसे में स्वीकृत मानचित्र, कमरों के आकार और कक्षाओं की व्यवस्था में भी कई खामियां सामने आई थीं। इस पर मदरसे की मान्यता निलंबित कर दी गई है। इसी तरह नियमों की अनदेखी पर संतकबीरनगर के मदरसा कुल्लियातुल बनातिर रजविया एजुकेशन ऐंड वेलफेयर सोसायटी की मान्यता भी निलंबित की गई है।

ई-ऑफिस पर निष्क्रिय तो अटक जाएगा वेतन

सीएम दफ्तर से पत्र जारी, निशाने पर 44,694 अफसर-कर्मचारी

Anand.Tripathi@timesgroup.com

लखनऊ: अगले महीने प्रदेश के सरकारी विभागों के 44,694 अधिकारियों-कर्मचारियों का वेतन रुक सकता है। ये अफसर और कर्मचारी नियमित रूप से ई-ऑफिस का इस्तेमाल नहीं कर रहे। इस पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष, मंडलायुक्त और डीएम को पत्र लिखा है।

ई-ऑफिस व्यवस्था सभी कार्यालयों में अनिवार्य रूप से लागू है। इसके बाद भी तमाम अधिकारी और कर्मचारी ई-ऑफिस पर फाइलों का निस्तारण नहीं कर रहे। जानकारी के मुताबिक, 21 नवंबर 2025 से 20 दिसंबर 2025 के बीच करीब 58% अधिकारियों और कर्मचारियों ने ई-ऑफिस लॉग-इन का इस्तेमाल ही नहीं किया। इस पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए हैं कि अगर ये कर्मचारी जनवरी में भी ई-ऑफिस का इस्तेमाल नहीं करते हैं तो वेतन नहीं दिया जाएगा। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने सभी विभागों को पत्र जारी कर कहा है कि ई-ऑफिस पर काम करने के बाद ही कर्मचारियों का वेतन जारी किया जाए।

सबसे ज्यादा यूजर वाले विभागों का हाल

विभाग	लॉग-इन	सक्रिय	निष्क्रिय
PWD	10,895	4,815	6,080
सिंचाई	6,997	2,092	4,905
कृषि	9,298	4,677	4,621
राजस्व	6,765	2,981	3,784
ग्राम्य विकास	5,057	2,438	2,619
श्रम	3,429	1,747	1,682
आवास	2,591	973	1,618
एफएसडीए	3,004	1,468	1,536
चिकित्सा	1,970	517	1,453
बेसिक शिक्षा	1,620	459	1,161
माध्यमिक शिक्षा	1,543	512	1,031

ऊर्जा, धर्मार्थ कार्य विभाग सबसे पीछे

21 नवंबर से 20 दिसंबर के बीच ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करने के मामले में ऊर्जा विभाग, धर्मार्थ कार्य विभाग, कारागार, प्राविधिक शिक्षा, परिवहन, चिकित्सा शिक्षा विभाग सबसे पीछे रहे हैं। ऊर्जा विभाग में ई-ऑफिस के 75 यूजर हैं। इनमें से एक भी यूजर ने एक महीने तक लॉग-इन नहीं किया। ई-ऑफिस के सबसे ज्यादा 10,895 यूजर पीडब्ल्यूडी में हैं। इनमें 4815 कर्मचारियों ने ही 21 नवंबर से 20 दिसंबर के बीच ई-ऑफिस सॉफ्टवेयर पर लॉग-इन किया।

वेतन हुआ जारी तो तय होगी जिम्मेदारी

प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री की ओर से जारी पत्र में साफ कहा गया है कि ई-ऑफिस पर पूरे महीने काम न करने वाले कर्मचारियों को सैलेरी दी जाती है तो संबंधित कार्यालयाध्यक्ष-आहरण-वितरण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।

केशव प्रसाद मौर्य की गाड़ी से टकराई गाय, बचे

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** बरेली दौरे के बाद शनिवार को लखनऊ लौटने के लिए एयरपोर्ट जाते वक्त उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की गाड़ी के सामने अचानक एक गाय आ गई। काफिले में मौजूद रहे पूर्व विधायक बोहरन लाल मौर्य ने बताया कि ड्राइवर के मौके पर ब्रेक लगाने से बड़ा हादसा बच गया, हालांकि गाय को हल्की चोट आई। इसके बाद केशव प्रसाद मौर्य ने काफिले की दूसरी गाड़ी में बैठकर एयरपोर्ट तक का सफर तय किया और लखनऊ रवाना हुए।

आउटसोर्सिंग की सभी भर्तियों की जांच करेगा समाज कल्याण विभाग

कोर्स कोऑर्डिनेटर की भर्ती में हेराफेरी के बाद फैसला

NBT रिपोर्ट, लखनऊ

समाज कल्याण विभाग में आउटसोर्सिंग के जरिए अब तक हुई सभी भर्तियों की जांच होगी। इसमें देखा जाएगा कि भर्तियों में तय मानकों का पालन हुआ या नहीं। साथ ही सभी कर्मचारियों के दस्तावेज की जांच होगी। यही नहीं, आगे होने वाली सभी आउटसोर्सिंग भर्तियों में दस्तावेज सत्यापन के साथ पुलिस वेरिफिकेशन भी करवाया जाएगा। अभ्युदय कोचिंगों में आउटसोर्सिंग पर कोर्स कोऑर्डिनेटरों की भर्ती में हेराफेरी के बाद विभाग ने यह फैसला किया है।

समाज कल्याण विभाग के मंत्री असीम अरुण ने बताया कि आउटसोर्सिंग पर तैनात सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की भर्ती की जांच के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। जांच के दौरान यह देखा जाएगा कि तय चयन प्रक्रिया का पालन हुआ या नहीं। साथ ही अर्हता भी चेक करवाई जाएगी।

3000+ कर्मचारी

- **सहायक प्रबंधक** अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम में
- **अध्यापक** आउटसोर्सिंग पर हैं स्कूलों और कोचिंगों में
- **कंप्यूटर ऑपरेटर, प्रोग्रामर और चतुर्थ श्रेणी** के पदों पर भी मुख्यालय के कॉल सेंटर, छात्रवृत्ति योजना और मंडलीय कार्यालयों में तैनात हैं आउटसोर्सिंग कर्मचारी

यूपी पुलिस को मिला स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** यूपी पुलिस को नई दिल्ली में हुई 105वीं SKOCH समिट में महाकुंभ-2025 के इंटीग्रेटेड कमांड ऐंड कंट्रोल सेंटर (ICCC) और मेटा स्यूसाइडल अलर्ट के लिए स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड मिला। यूपी पुलिस की ओर से ICCC का अवॉर्ड इसके तत्कालीन प्रभारी IPS अमित कुमार और मेटा स्यूसाइडल अलर्ट का अवॉर्ड डीजीपी के जनसंपर्क अधिकारी ASP राहुल श्रीवास्तव ने ग्रहण किया। स्कॉच ग्रुप के चेयरमैन समीर कोचर ने अवॉर्ड दिया। इस दौरान फेसबुक (मेटा) के साउथ एशिया पैसिफिक के डायरेक्टर आदरणीय सत्य यादव भी मौजूद रहे।

महाकुंभ के कमांड सेंटर, मेटा स्यूसाइडल अलर्ट के लिए सम्मान

ICCC: महाकुंभ-2025 में बने ICCC के जरिए चैटबॉट, मास मैसेजिंग और ऐप-आधारित सपोर्ट से श्रद्धालुओं की रीयल-टाइम सहायता की गई।

मेटा स्यूसाइडल अलर्ट: मेटा की मदद से पुलिस मुख्यालय को आत्महत्या संबंधी पोस्ट का अलर्ट मिलता है। इसकी मदद से 1 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2025 तक 1805 लोगों की जान बचाई गई।

हर बूथ पर अपने वोट बढ़ा रही BJP: अखिलेश

सपा प्रमुख ने SIR प्रक्रिया पर उठाए सवाल, काटे गए नामों की लिस्ट चस्पा करने की मांग

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। अखिलेश ने शनिवार को प्रेसवार्ता में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) के तहत बनी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा फर्जी तरीके से वोट बढ़ाने की कोशिश कर रही है। भाजपा की विचारधारा वाले अफसरों को खास तौर पर उन बूथों पर भेजा जा रहा है, जहां पीडीए समाज का वोट बैंक ज्यादा है। आरोप लगाया कि सरकार ने हर बूथ पर अपने 200 वोट बढ़ाने और विपक्ष के वोट काटने के निर्देश दिए हैं।

मृत BLO के घरवालों को दो-दो लाख

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अखिलेश ने कई मृत BLO के परिवारीजनों को दो-दो लाख रुपये के चेक भी दिए।

अखिलेश यादव ने कहा कि SIR में वोटरों की संख्या कम दिख रही है, लेकिन पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट में ग्रामीण क्षेत्रों के वोटरों की कुल संख्या उत्तर प्रदेश की एसआईआर लिस्ट से ज्यादा आ रही है। सवाल किया कि जब पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव दोनों में एक ही बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) काम कर रहा है, तो SIR में ग्रामीण वोटरों की संख्या कम कैसे हो गई?

BLA की मौजूदगी में वोट काटने की मांग: अखिलेश ने कहा कि बीएलए की उपस्थिति में ही वोट काटे जाएं और इसकी लिस्ट भी चस्पा की जाए। चेतावनी दी कि कहीं गड़बड़ी हुई तो पीडीए प्रहरी और बीएलए FIR करवाएंगे। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को खास प्रोफार्मा देने का भी ऐलान किया, ताकि वे फर्जी वोटों की शिकायत आसानी से दर्ज करवा सकें। अखिलेश ने यह मांग भी उठाई कि वोटर लिस्ट को आधार कार्ड से जोड़ा जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के पास बूथ स्तर पर ऐसी मशीनें हैं, जिनसे नकली आधार कार्ड बनाए जा सकते हैं। यह भी कहा कि चुनाव आयोग SIR के बहाने NRC करवा रहा है।

कल अपने 100 दिन की कार्ययोजना बताएगी कांग्रेस

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के जन्मदिन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस आगामी 100 दिनों की कार्ययोजना को लेकर प्रदेशभर में व्यापक अभियान शुरू करने जा रही है। इसके लिए 12 जनवरी को राज्य के सभी मंडलों में प्रेसवार्ता होगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (प्रभारी-उत्तर प्रदेश) के निर्देश पर यह पहल की जा रही है। प्रेसवार्ता में पार्टी की रणनीति और अगले 100 दिनों के कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की जाएगी। इसके लिए मंडलवार वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

धान खरीद का 75% लक्ष्य पूरा

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** यूपी सरकार ने इस सीजन में 60 लाख टन धान खरीद का लक्ष्य तय किया है। सरकारी केंद्रों पर अब तक करीब 47.43 लाख टन धान की खरीद हुई है, जो लक्ष्य का 75% है। पश्चिम यूपी में 1 अक्टूबर 2025 से खरीद शुरू हुई थी, जो 31 जनवरी तक जारी रहेगी। इसी तरह पूर्वी यूपी में एक नवंबर 2025 से शुरू हुई खरीद 28 फरवरी तक चलेगी। खाद्य विभाग के अफसरों का मानना है कि इसी रफ्तार से धान आता रहा तो क्रय केंद्र बंद होने से लक्ष्य से कहीं अधिक खरीद हो जाएगी।



47.43 लाख टन की खरीद अब तक 60 लाख टन के मुकाबले

37.85 लाख टन खरीद 31 दिसंबर तक

9.57 लाख टन खरीद जनवरी के शुरुआती 10 दिनों में

28 फरवरी तक पूर्वी यूपी और 31 जनवरी तक पश्चिम यूपी में होगी खरीद

7,68,103 किसानों ने अब तक बेचा धान

₹11,127.75 करोड़ का भुगतान अब तक

सम्मानित होंगे ग्रामीण पर्यटन के चैंपियन

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर 25 जनवरी को स्टेट पर्यटन अवॉर्ड्स दिए जाएंगे। इसके लिए पर्यटन विभाग ने बेस्ट पर्यटन गांव, बेस्ट होम स्टे (ग्रामीण) और बेस्ट फार्म स्टे की श्रेणियों में आवेदन मांगे हैं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 20 जनवरी तक आवेदन होंगे।

ऑनलाइन होंगे आवेदन

बेस्ट पर्यटन गांव: https://forms.gle/JQ1AMKJ7uxBFz9Xs5

होमस्टे (ग्रामीण): https://forms.gle/4BNTq8cXZ5HIPjQYA

फार्म स्टे: https://forms.gle/ygaDtMyA2lcXLjUhFS

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 11-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFLP1 User: pratik.awasthi Time: 01-11-2026 00:26 Color:

तेलीबाग से पीजीआई तक एलिवेटेड रोड

मंडलायुक्त कार्यालय में पुलिस कमिश्नर की अध्यक्षता में मंडलायुक्त, DM और अन्य विभागों के अफसरों ने की बैठक

■ NBT न्यूज, लखनऊ: शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पटरी पर लाने के लिए मंडलायुक्त ने पुलिस, ट्रैफिक व अन्य विभागों के साथ शनिवार को बैठक की। मंडलायुक्त कार्यालय में आयोजित बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। ट्रैफिक के दबाव वाले चौराहों, तिराहों पर फ्लाइओवर, फुटओवर ब्रिज, एलिवेटेड रोड बनाने के निर्देश विभागों को दिए गए।

यातायात व्यवस्था सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित करने को लेकर पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जेसीपी कानून व्यवस्था ने ट्रैफिक व्यवस्था एवं ट्रैफिक पुलिस की समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार शहर के प्रमुख राजमार्गों, एलिवेटेड रोड, अन्य मार्गों और चौराहा, तिराहों को सिग्नल मुक्त बनाए जाने को लेकर सुधार के प्रस्ताव रखे गए। बैठक में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, डीएम विशाख जी, जेसीपी लॉ एंड ऑर्डर बबलू कुमार, डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

NBT ने लगातार उठाया है मुद्दा

कानपुर बाईपास से मछली मंडी तक फोर लेन

डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि बैठक में तय हुआ कि दुबग्गा बाईपास तिराहे से मछली मंडी तक रोड को फोर लेन बनाया जाएगा। लखनऊ सुल्तानपुर मार्ग पर एनएचएआई एवं एलडीए की ओर से यात्री वाहनों के पिक ऐंड ड्रॉप पॉइंट चिह्नित करते हुए बस-वे आदि संबंधी कार्रवाई कराई जाएगी।

इस रोड पर एलडीए ने जगह चिह्नित की गई। तेलीबाग से पीजीआई तक एलिवेटेड रोड और फुट ओवरब्रिज (एस्कलेटर) प्रस्तावित है।

चौराहों से 50 मीटर दूर करें ई-रिक्शा

मंडलायुक्त ने ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम को निर्देशित किया कि प्रमुख चौराहों पर ऑटो, ई-रिक्शा एवं सवारी वाहनों को 50 मीटर की दूरी पर सवारी उतारने व बैठाने दिया जाए। चौराहों पर नो-पार्किंग और नो-वेंडिंग जोन बनाए। सड़क बाधित कर दुकान लगाने वाले पटरी दुकानदारों को निर्धारित स्थान पर ही दुकान लगाई जाए। प्रत्येक बिंदु पर कार्रवाई के लिए सभी विभागों में आपसी समन्वय हो, इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाए।

ट्रैफिक को पटरी पर लाने के लिए हुए कई फैसले

18 हजार वाहनों के रजिस्ट्रेशन निरस्त

डीसीपी ने बताया कि बस अड्डे की वजह से कैसरबाग व आस-पास के मार्ग प्रभावित होते हैं। अक्सर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। बैठक में एआरएम परिवहन विभाग ने कहा कि कैसरबाग बस अड्डे पर आने वाली बसों में लगभग 50 बसें सीतापुर रोड की तरफ से आती हैं। कैसरबाग बस अड्डे के दबाव को कम करने के लिए जानकीपुरम में रोडवेज बसों के ठहराव की व्यवस्था की जा रही है। एआरटीओ ने बताया कि यातायात पुलिस की तरफ से दी गई रिपोर्ट के अनुसार 18,000 ऐसे वाहनों के रजिस्ट्रेशन सस्पेंड किए गए हैं, जिन्होंने पांच या पांच से अधिक बार यातायात नियमों का उल्लंघन किया।

दौड़ के जरिए युवाओं को करेंगे जागरूक, बदला रहेगा ट्रैफिक

■ NBT न्यूज, लखनऊ: युवाओं को स्वास्थ्य, खेल और सामाजिक समरसता के प्रति जागरूक करने रविवार सुबह मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। मैराथन दौड़ ग्रीन कॉरिडोर मार्ग पर कुड़ियाघाट से बबा घाट तक फिर वापस कुड़ियाघाट आकर संपन्न होगी। इस दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए तीन मार्गों का ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। डायवर्जन सुबह 7 से 10 बजे तक लागू रहेगा। इस दौरान कुड़ियाघाट चौराहा से वाहन प्रेरणा स्थल, पैलापुल के बजाए कुड़ियाघाट से बाये रूमीगेट, घंटाघर, कोनेश्वर तिराहा होकर गुजर सकेंगे। वहीं पैला पुल से वाहन ग्रीन कॉरिडोर से, कुड़ियाघाट के बजाए छदोईया, दुबग्गा तिराहा होकर गुजर सकेंगे।

सूरज की चमक से ठिठकी ठंड

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: शहर में पश्चिमी विक्षोभ के असर से ठंड में निखार आई। शनिवार को दिन में तेज धूप खिली, जिससे दिन का पारा सामान्य से 2.4 डिग्री चढ़कर 22.8 डिग्री दर्ज हुआ। हालांकि रेडिएटिव कूलिंग के कारण रात का तापमान सामान्य से कम रहा और 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि रविवार तक मौसम में कोई खास बदलाव नहीं होगा। शहर में सुबह हल्का कोहरा या धुंध छाई रहेगी। दिन के पारे में कोई खास बदलाव नहीं होगा, हालांकि रात का पारा चढ़ेगा। 12 जनवरी से ठंड में इजाफा होना शुरू होगा।

SC सिंह फिर बने स्मार्ट सिटी के GM

■ NBT न्यूज, लखनऊ : एससी सिंह फिर स्मार्ट सिटी योजना लखनऊ के महाप्रबंधक (GM) की जिम्मेदारी संभालेंगे। इससे पहले एससी सिंह स्मार्ट सिटी योजना में जीएम के पद पर 6 मार्च 2023 तक अपनी सेवाएं दे चुके हैं। बीते साल 27 नवंबर को स्मार्ट सिटी योजना के जीएम अजय कुमार सिंह की हार्ट अटैक से उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

लीकेज की मरम्मत के बाद भी आ रहा है दूषित पेयजल

■ NBT न्यूज, लखनऊ: उदयगंज स्थित हैवलक रोड, क्ले स्क्वॉयर, कलेक्टरेट सहित आसपास के इलाकों में दूषित और गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि योजना भवन के गेट के ठीक सामने पाइपलाइन में लीकेज की समस्या का गुरुवार को समाधान हो गया, लेकिन सुबह-शाम गंदे और बदबूदार पानी की समस्या जारी है।

क्ले स्क्वॉयर निवासी जयमल गौतम ने बताया कि सुबह-शाम एक से डेढ़ घंटे पानी की सप्लाई हो रही है, शुरुआत गंदे और बदबूदार पानी से होती है। योजना भवन के सामने महीनों से पाइपलाइन में लीकेज की समस्या थी, गुरुवार को पाइपलाइन की मरम्मत भी हो गई। पर गंदा पानी नल में आना बंद नहीं हो रहा। योजना भवन के निकट हैवलक रोड पर चाय का खोमचा संचालित करने वाले आकाश कुमार, कृष्णा साहू का आरोप है कि हर दिन शाम को 7 बजे से से 8 बजे तक सप्लाई होती है। नल में शुरुआत में गंदा पानी आता है फिर धीरे-धीरे साफ होने लगता है। गंदे पानी की वजह से इलाके में संक्रामक रोगों का खतरा मंडरा रहा है। पक्ष जानने के लिए संबंधित क्षेत्र के एक्सईएन उत्कर्ष राय, जेई के सीयूजी नंबर पर कई बार संपर्क किया, पर फोन रिसीव नहीं हुआ।

क्ले स्क्वॉयर, हैवलक रोड पर समस्या जारी

जनेश्वर एनक्लेव में वॉटर टैक्स वसूली का विरोध : जानकीपुरम विस्तार स्थित जनेश्वर एनक्लेव के आवंटियों ने जलकल विभाग की ओर से की जा रही वॉटर टैक्स वसूली पर विरोध जताया। शनिवार को आवंटियों के समर्थन में ग्रेटर लखनऊ जनकल्याण महासमिति ने जलकल विभाग के जीएम को ज्ञापन देकर वॉटर टैक्स की वसूली के लिए जनेश्वर एनक्लेव भेजे जा रहे कर्मचारियों पर रोक लगाने की मांग की। महासमिति के अध्यक्ष रूप कुमार और महासचिव विवेक शर्मा ने जीएम जलकल को बताया कि जब परिसर में जलकल विभाग की ओर से पानी की सप्लाई ही नहीं होती, तो वॉटर टैक्स किस बात का लगाया जा रहा। जलकल विभाग ने एनक्लेव परिसर में आवंटियों के लिए पानी का कोई इंतजाम भी नहीं किया, ऐसे में वॉटर टैक्स के बिल भेजकर आवंटियों को प्रताड़ित न किया जाए।

शहर में आज

- ऑल इंडिया कॉस्मेटोलॉजिस्ट एंड ब्यूटीशियन असोसिएशन की ओर से 24वीं नेशनल वार्षिक कॉन्फ्रेंस, होटल हयात रीजेंसी, गोमती नगर, सुबह 9:30 बजे।
- उप्र क्षत्रिय लोक सेवक परिवार महासमिति की ओर से क्षत्रिय पुरोधा श्रद्धांजलि समारोह, वृंदावन योजना-2, रायबरेली रोड, सुबह 10 बजे।
- लेट्स गिव होप फाउंडेशन की ओर से विवाहित महिलाओं के लिए आजीविका विकास के अवसर विषय पर कार्यशाला, उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर, सुबह 11:30 बजे।
- नाटक सागा ऑफ स्टोरीज का मंचन, अंतराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, गोमती नगर, 3 बजे।
- लखनऊ सिनेफाइल्स की ओर से फिल्म बर्न की स्क्रीनिंग, अनुराग लाइब्रेरी, डी-68, निराला नगर, शाम 4 बजे।
- क्लब ऑफ लखनऊ की मीटिंग, होटल रनवीर्स, निकट मैक्स हॉस्पिटल, गोमती नगर, शाम 6:30 बजे।

गोरखधाम छह घंटे लेट, उड़ानें भी प्रभावित

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: कोहरे का असर अब भी रेल व हवाई यातायात सेवाओं पर बना हुआ है। शनिवार को भी गोरखधाम एक्सप्रेस छह घंटे से अधिक की देरी से लखनऊ पहुंची। वहीं 15081 गोरखपुर-गोमतीनगर एक्सप्रेस नरवल रोड से रात 9:04 बजे रवाना हुई थी। इस ट्रेन को 63 किलोमीटर की दूरी तय करने में 3:30 घंटे लग गए। यात्री विकास कुमार की लखनऊ से रात 11:45 बजे दूसरी ट्रेन थी। यह ट्रेन भी छूट गई। नई दिल्ली-लखनऊ गोमती एक्सप्रेस शुक्रवार रात 45 मिनट अमौसी स्टेशन पर खड़ी रही। वहीं विमान 6ई-5264 मुंबई-लखनऊ 2:16 घंटा, 6ई-6937 मुंबई-लखनऊ 1:08 घंटा, 6ई-2172 दिल्ली-लखनऊ 1:16 घंटे की देरी का शिकार हुए।

बिजली गुल, पानी का भी संकट

■ NBT न्यूज, लखनऊ : लोकल फॉल्ट और मरम्मत कार्य के नाम पर शनिवार को शहर के विभिन्न इलाकों में सुबह से बिजली गुल रही। लोगों को बिजली के साथ पानी के संकट से जूझना पड़ा। अमीनाबाद, नजीराबाद, फैजुल्लागंज और न्यू आलमबाग आदि इलाकों में बिना सूचना बिजली सप्लाई बंद होने पर लोगों ने लेसा के इंजिनियर और कर्मचारियों की कार्यशैली को जिम्मेदार बताया।

न्यू आलमबाग उपकेंद्र से संचालित चित्रगुप्त पार्क में जम्पर उड़ने से सुबह नौ बजे से ढाई घंटे तक आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति ठप रही। अमीनाबाद उपकेंद्र से संचालित नजीराबाद बाजार में दोपहर 1:30 बजे बंद हुई बिजली आपूर्ति शाम 4:30 बजे चालू हो सकी, चंद मिनटों बाद फिर गुल हुई बिजली आपूर्ति शाम 5:30 बजे के बाद बहाल हुई। स्थानीय व्यापारी सुरेश छबलानी ने बताया कि पूर्व में किसी ने बिजली सप्लाई बंद होने की कोई जानकारी नहीं दी।

उपकेंद्र में फोन करने पर भी कोई समस्या का कारण नहीं बता रहा था। अमीनाबाद उपकेंद्र के कर्मचारियों ने बताया कि झंडेवाला पार्क के पास रखे ट्रांसफार्मर में तकनीकी समस्या आ गई थी। सहारा स्टेट के आसपास बिजली की आवाजाही जारी रही। इस संबंध लेसा सेंट्रल जोन के चीफ इंजिनियर रवि अग्रवाल का कहना है कि अमीनाबाद में बिजली आपूर्ति बाधित होने की जानकारी नहीं है।

एकमुश्त रकम जमा कर OTS का लाभ ले सकेंगे

■ NBT न्यूज, लखनऊ: बिजली चोरी के मामले और बिल के बकाएदार एक मुश्त रकम का भुगतान करके भी ओटीएस का लाभ ले सकेंगे। चार जनवरी से योजना का दूसरा चरण जारी है। यूपीपीसीएल प्रशासन के निर्देश पर मध्यांचल एमडी ने शुक्रवार को लेसा के सभी अधिकारियों को पत्र जारी करके ओटीएस के नए नियमों का लाभ बकाएदारों को दिलाने के लिए कहा है। नए नियमों के तहत बकाएदार उपभोक्ता ओटीएस में रजिस्ट्रेशन के दौरान किस्तें बनवाने के बाद भी अब नई सुविधा के तहत मूलधन और ब्याज में छूट का लाभ पा सकेंगे।

मिली सफलता KGMU में 11 महीने के बच्चे की हुई सर्जरी

सिर में भरा था पानी, सर्जरी कर दी नई ज़िंदगी

■ NBT न्यूज, लखनऊ: 11 महीने की उम्र में जब एक मासूम का सिर सामान्य से दोगुना हो चुका था और आंखें बंद होने लगी थीं, तब उसके माता-पिता की भी उम्मीदें टूटने लगी थीं। लेकिन किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) के डॉक्टरों ने जटिल शंट सर्जरी कर न सिर्फ बच्चे के सिर में भरे पानी (हाइड्रोसेफेलस) की समस्या को दूर किया, बल्कि उसे नई जिंदगी भी दी।

लखनऊ के जेल रोड निवासी विकास महतो अपने 11 माह के बेटे के इलाज के लिए बीते 11 महीनों से भटक रहे थे। गर्भावस्था के आठवें महीने में ही डॉक्टरों ने बच्चे के सिर में पानी होने की जानकारी दी थी। जन्म के बाद संक्रमण के कारण बच्चे को दो महीने तक आईसीयू में रखना पड़ा। निजी कारणों से समय पर इलाज नहीं हो सका। जिससे बच्चे का सिर असामान्य रूप से बड़ा हो गया और आंखें भी बंद होने लगीं। हालत गंभीर होने पर परिजन बच्चे को झलकारी बाई महिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) रेफर कर दिया गया।

पिडियाट्रिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. जेडी रावत ने बताया कि सामान्य तौर पर 11 महीने के बच्चे के सिर का आकार 43 से 47 सेमी होता है, जबकि केजीएमयू पहुंचने पर बच्चे के सिर का आकार 84 सेमी था। आंखों से जुड़ी समस्याएं भी शुरू हो चुकी थीं।

सर्जरी के बाद हालत स्थिर : डॉ. रावत ने बताया कि 5 जनवरी को बच्चे को केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में भर्ती कर तुरंत इलाज शुरू किया गया। 8 जनवरी को शंट सर्जरी की गई। ऑपरेशन के बाद बच्चा सफलतापूर्वक बेहोशी से बाहर आ गया। अगले ही दिन से उसे खाने-पीने की अनुमति दे दी गई। अब बच्चे के सिर में पानी धीरे-धीरे कम हो रहा है और उसकी हालत स्थिर है।

कम खर्च में बड़ा इलाज : पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के डॉ. राहुल जैन ने बताया कि यूपी में इस तरह का इलाज सरकारी स्तर पर सिर्फ केजीएमयू में उपलब्ध है। निजी अस्पतालों में इस सर्जरी का खर्च करीब दो लाख रुपये तक आता है, जबकि केजीएमयू में पूरे इलाज पर ₹10 हजार खर्च हुए।

डॉक्टरों की टीम : ऑपरेशन टीम में प्रोफेसर जेडी रावत, डॉ. प्रीति कुमारी, डॉ. आयुषी बग्गा और नर्सिंग स्टाफ संजय और संतोष शामिल थे। केजीएमयू की कुलपति प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद ने सफल सर्जरी के लिए पूरी टीम को बधाई दी है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

क्या होती है शंट सर्जरी?

शंट सर्जरी एक प्रक्रिया है जिसमें एक पतली, लचीली नली (शंट) को शरीर के अंदर एक हिस्से से दूसरे हिस्से में तरल पदार्थ (जैसे मस्तिष्क में भरे पानी) को निकालने के लिए किया जाता है, ताकि वहां दबाव कम हो सके। इसमें अतिरिक्त पानी को पेट में भेजा जाता है, जहां से पानी बाहर चला जाता है।

नवभारत टाइम्स। कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित)। रविवार, 11 जनवरी 2026

अब तीन अधिकृत प्रकाशकों की किताबों से ही होगी पढ़ाई

नियम के उल्लंघन पर 5 लाख रुपये के जुर्माने का भी किया प्रावधान

यूपी बोर्ड ने जारी की अधिकृत प्रकाशकों की सूची

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने कक्षा 9 से 12 तक के छात्र छात्राओं के लिए एनसीईआरटी किताबों को रियायती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए अधिकृत बुकसेलरों की सूची जारी कर दी है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह के मुताबिक शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए हाईस्कूल स्तर (कक्षा 9 व 10) और इंटरमीडिएट स्तर (कक्षा 11 व 12) की सभी प्रमुख विषयों की पुस्तकें निर्धारित दुकानों पर न्यूनतम मूल्य पर उपलब्ध होंगी। इसमें अंग्रेजी, हिंदी, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र सहित कुल 36 विषयों की 70 एनसीईआरटी आधारित पुस्तकें शामिल हैं। प्रदेश के सभी राजकीय, सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में केवल यूपी बोर्ड की ओर से अधिकृत प्रकाशकों की ही किताबों का इस्तेमाल होगा। किसी अन्य निजी या प्रिंटेड किताबें नहीं चलेंगी। यूपी बोर्ड ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर कोई दुकानदार निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर पुस्तकें बेचता पाया गया, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। नियम उल्लंघन की स्थिति में जुर्माना या स्कूलों की मान्यता निरस्त करने का भी प्रावधान किया गया है।

इनको मिली जिम्मेदारी

बोर्ड ने तीन प्रकाशकों को किताबों के लिए अधिकृत किया है। इनमें कक्षा 9 और 10 की किताब छापने और बांटने की जिम्मेदारी मेसर्स पायनियर, प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स आगरा, मेसर्स पीतांबरा बुक्स प्राइवेट लिमिटेड बिजौली झांसी को सौंपा गया है। कक्षा 11 की किताबें मेसर्स सिंघल एजेंसीज लखनऊ और कक्षा 12 की किताबें मेसर्स पायनियर, प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स आगरा उपलब्ध कराएंगी।

17 से 89 रुपये में पुस्तकें

सभी प्रकाशकों की ओर से छापी जाने वाली किताबों की कीमतें अन्य किताबों की तुलना में कम हैं। कक्षा 9 की किताबें 18 रुपये से लेकर 79 रुपये में मिल जाएंगी। इसी तरह दसवीं की किताबें 21 रुपये से शुरू होकर 78 रुपये में उपलब्ध होंगी। कक्षा 11वीं में 17 रुपये से लेकर 89 रुपये में किताबें मिल जाएंगी। इसी तरह बारहवीं में भी 19 रुपये से लगाकर 89 रुपये में किताबें छात्र छात्राओं को मिल जाएंगी।

सत्र परीक्षाओं के बीच कैसे होगा निपुण आकलन?

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: विभागीय अधिकारियों के अजब गजब आदेशों ने कन्फ्यूजन की स्थिति पैदा कर दी है। बेसिक स्कूलों में एक तरफ शीतकालीन अवकाश चल रहा है, दूसरी तरफ सत्र परीक्षाओं, वार्षिक उत्सव, गणतंत्र दिवस को लेकर निदेशक की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। आदेश में सभी आयोजन की तारीखें आपस में टकरा रही हैं। एक तरफ स्कूलों में दूसरी सत्र परीक्षाएं 24 जनवरी से 31 जनवरी तक होनी हैं। इसी बीच 26 जनवरी पर स्कूलों में बच्चों के लिए खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता कराने के भी आदेश जारी किए गए हैं, जिसकी तस्वीरें वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से अपलोड करनी हैं। इसके साथ ही 31 जनवरी से पहले पहले शिक्षकों को वार्षिक उत्सव भी कराना है। इन तमाम आदेशों के बाद शिक्षकों का तर्क है कि विभाग ने शिक्षकों को रोबोट बना दिया है, सारे आयोजन सारे काम एक साथ लिए जा रहे हैं।

सत्र परीक्षाओं, निपुण आकलन और गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर क्लैश हो रही तारीखें

दो महीने पढ़ाई रही ठप, परीक्षा में क्या लिखेंगे बच्चे: शिक्षक नेताओं का कहना है कि निदेशक की ओर से जारी आदेश के मुताबिक सत्र परीक्षाओं में दिसंबर माह तक पढ़ाए गए कोर्स से सवाल पूछे जाएंगे। पीएसपीएसए के प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह का कहना है कि बीते ढाई महीने से ज्यादा से शिक्षक पंचायत चुनाव के लिए बीएलओ ड्यूटी और एसआईआर का काम कर रहे हैं। ऐसे में उन स्कूलों में पढ़ाई बाधित रही। ये दोनों काम मार्च तक जारी रहेंगे। ऐसे में उन स्कूलों में परीक्षाएं, आयोजन कैसे संभव है। इसके अलावा 27 जनवरी से डीएलएड प्रशिक्षुओं की ओर से निपुण आकलन भी कराया जाना है। जब दो महीने से अधिक तक स्कूलों में पढ़ाई ठप रही, शिक्षक मौजूद नहीं रहे, तो निपुण आकलन में रिजल्ट कैसे अच्छा आएगा।

फटाफट खबरें

लाइब्रेरी ऑटोमेशन पर की चर्चा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन), सेक्टर-आई शाखा में सीबीएसई की ओर से कौशल शिक्षा के तहत लाइब्रेरी ऐंड इंफॉर्मेशन साइंस विषय के शिक्षकों के लिए क्षमता संवर्धन कार्यशाला कराई गई। इसमें लखनऊ क्षेत्र के 41 स्कूलों के शिक्षक शामिल हुए।

एरिजोना में जान्या को स्कॉलरशिप

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, महानगर कैंपस की छात्रा जान्या चौधरी को अमेरिका की एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी की ओर से उच्च शिक्षा के लिए 32 हजार अमेरिकी डॉलर की स्कॉलरशिप दी गई है। यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय अध्ययन अवधि के लिए है।

आज होगा विद्यार्थी विज्ञान मंथन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: विज्ञान भारती, अवध प्रांत की ओर से रविवार को जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, लखनऊ में विद्यार्थी विज्ञान मंथन का राज्य स्तरीय शिविर होगा। इसमें उत्तर प्रदेश के अलग अलग जिलों से चयनित कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थी भाग लेंगे।

समरसता भोज में हिंदू एकता पर जोर

■ NBT न्यूज, लखनऊ: शिव विहार कॉलोनी, विकास नगर में शनिवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। संयोजक अखंड शुक्ला ने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज में एकता, परस्पर प्रेम, सहयोग और स्वाभिमान को मजबूत करना है।

DIOS बोले... चुटकी भंडार में चलती रहेंगी कक्षाएं

■ NBT न्यूज, लखनऊ: हुसैनगंज इलाके में जर्जर भवन में चल रहे चुटकी भंडार स्कूल के मामले में डीआईओएस राकेश कुमार का कहना है कि फिलहाल भवन में कक्षाएं चलती रहेंगी और कोर्ट को हलफनामा दिया जाएगा। दरअसल इमारत जर्जर होने के संबंध में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने डीआईओएस और नगर निगम को हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इसे छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा के नजरिए से ठीक नहीं माना है।

हाईकोर्ट को दिया जाएगा हलफनामा, स्थिति से कराएंगे अवगत



हाईकोर्ट ने आदेश विनय कुमार पांडेय की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। डबल बेंच में मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति अवधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि नगर निगम, लखनऊ द्वारा जर्जर भवन को लेकर पूर्व में जारी नोटिस के बावजूद डीआईओएस ने अब तक कोई उचित सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की है। हाई कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि याचिका लंबित रहने के दौरान अगर जर्जर भवन या उसके किसी हिस्से को लेकर कोई आवश्यक कार्रवाई जरूरी हो, तो संबंधित प्राधिकरण बिना किसी बाधा के कार्रवाई कर सकते हैं। इस मामले विद्यालय की प्रिंसिपल ने बताया कि भवन के जर्जर होने के संबंध में लोक निर्माण विभाग और नगर निगम की रिपोर्ट के बारे में विद्यालय प्रबंधन को सूचित कर दिया है।

अल्मनाई मीट में छिड़े पुराने किस्से, ताजा हो गई यादें

■ NBT न्यूज, लखनऊ: डीएवी पीजी कॉलेज का परिसर शनिवार को एक अलग ही रौनक में नजर आया। यहां अवकाश के दिन छात्र जीवन वाले पुराने छात्र अपने मित्रों के साथ जुटे। डीएवी वेलफेयर असोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पुराने किस्सों की बयार छिड़ी तो उन पुराने और सुहाने दिनों की स्मृतियां जीवंत हो गईं। कई वर्षों बाद मिले पुराने छात्र फिर महाविद्यालय के छात्र बने तो अपनी कक्षाएं याद आ गईं। इस दौरान किसी प्रोफेसर की नकल उतारी तो किसी ने अपनी प्रेम कहानी का किस्सा सुनाया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन अपनी जड़ों से जुड़ने के लिए न सिर्फ प्रेरित करते हैं बल्कि यादों को तरोताजा कर देते हैं। मौके पर आनंद तिवारी, प्राचार्य राजीव त्रिपाठी, सुनील मिश्रा, मनोज राय, मनोज श्रीवास्तव, धीरज पांडे, अवनींद्र सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, दया शंकर पांडेय, चारु मिश्रा, बीरेंद्र श्रीवास्तव, अवनीश पाठक, मनीष मिश्रा, सोनू तिवारी, मनोज श्रीवास्तव, धर्मेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या पुरातन छात्र व शिक्षक उपस्थित रहे।

हिंदी के लिए विदेशी स्टूडेंट्स को मिला सम्मान

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की ओर से शनिवार को विश्व हिंदी दिवस पर संगोष्ठी व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें पहली बार हिंदी के लिए विदेशी छात्रों को सम्मानित किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने विदेशी छात्रों को सम्मानित किया। मौके पर विदेशी छात्रों ने हिंदी में गीत भी प्रस्तुत किए। डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि प्रवासियों ने अपनी बोली में हिंदी का सहज विकास किया है। गिरमिटिया मजदूरों ने अपनी भाषा को, अपनी बोली को, अपनी संस्कृति को नहीं छोड़ा। विभागाध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बताया कि हिंदी विभाग में विदेशी छात्रों के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है। इस साल हिंदी में बेहतर करने वाले विदेशी छात्रों को सम्मानित किया गया है। इसमें जोहन्ना होफमैन (जर्मनी), अन्ना नोविका (पोलैंड), खनिका सैदोवा (ताजिकिस्तान), आनंदा अबेसुंदरा (श्रीलंका), अंजना मुथु (श्रीलंका), कलनी पनागोडा (श्रीलंका), कंचना डी एलविस (श्रीलंका) को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एलयू के पूर्व कुलपति प्रो. अनिल शुक्ल, अपर पुलिस आयुक्त लखनऊ जितेंद्र कुमार दुबे मौजूद रहे।

'रोजगार पर काम कर रहा BBAU'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: आज सबसे बड़ी आवश्यकता रोजगार है, इसके लिए पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक और जीवनोपयोगी ज्ञान को भी बढ़ावा देना होगा। युवाओं में रोजगार तलाशने वाले के स्थान पर रोजगार देने वाले बनने की मानसिकता विकसित करनी होगी। इसके लिए बीबीएयू काम कर रहा है। ये बातें विवि के वीसी प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहीं। विश्वविद्यालय में शनिवार को 'विश्वविद्यालय दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम तीन दिन तक चलेंगे। मौके पर विवि में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार प्रो. केवी राजू ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि आने वाले बीस सालों में विश्वविद्यालयों की सफलता मापने का आकलन बदलने वाला है। देश के विवि को भी वैश्विक संस्थानों के मानकों पर आंका जाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालयों को अभी से तैयार होना होगा। कार्यक्रम में योजना आयोग के पूर्व सलाहकार प्रो. फुरकान कमर भी मौजूद रहे।

'मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियां बढ़ रहीं'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: एसएमएस कॉलेज लखनऊ में शनिवार को प्रिंसिपल कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व आईएएस व हरियाणा के सुशांत विवि के चांसलर जय शंकर मिश्रा ने कहा कि छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियां तेजी से बढ़ रही हैं। प्रबंधन संस्थानों में प्रवेश स्तर की तीव्र प्रतिस्पर्धा, कठिन शैक्षणिक ढांचा, असफलता का भय, करियर को लेकर अनिश्चितता छात्रों के मानसिक संतुलन पर गहरा प्रभाव डाल रही है। शिक्षण संस्थानों को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

चंडीगढ़ विवि में आयोजित एआई समिट में देश भर से आए छात्रों ने प्रस्तुत किए अपने मॉडल

एक्सिडेंट हुआ तो ऐप भेजेगा अलर्ट, मिलेगी मदद

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

कई बार एक्सिडेंट होने पर समय पर मदद न मिल पाने से लोगों की जान चली जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए हैदराबाद के दो छात्रों ने एक ऐप व डिवाइस बनाया है जो एक्सिडेंट होने पर अलर्ट भेजेगा। इसके बाद ऐप के सर्वर से एक्सिडेंट की लोकेशन पर मेडिकल फैसिलिटी व पुलिस को सूचना देकर मदद पहुंचाई जाएगी। एक्सिडेंट के महज 20 सेकंड में ही यह डिवाइस अलर्ट भेज देगा।

ऐप के सर्वर से एक्सिडेंट की लोकेशन पर मेडिकल फैसिलिटी व पुलिस की मदद पहुंचाई जाएगी

वहीं राह चलते लोग भी अंजान जगह पर एक्सिडेंट की फोटो खींच ऐप पर अपलोड करेंगे तो महज इतना करने से ऐप उसकी लोकेशन ट्रैक कर मदद भेज देगी। यह दो बीटेक छात्र मनोज व कुणाल ने शनिवार को चंडीगढ़ विवि में प्रस्तुत किया।

कानपुर रोड स्थित चंडीगढ़ विवि में शनिवार को एआई समिट का आयोजन किया गया। इस मौके पर देश भर से एआई के विशेषज्ञ शामिल हुए। इसमें देश भर से आए छात्रों ने एआई आधारित स्टार्टअप मॉडल प्रस्तुत किए जिसे काफी सराहा गया। इसमें भारत सरकार के क्वांटम टेक सेल के हेड केवीवी रेड्डी ने क्वांटम टेक्नीक के बारे बताया कि भारत अब क्वांटम कंप्यूटर बनाने पर काम कर रहा है। इससे पूरी दुनिया बदलने वाली है। इससे शहर के ट्रैफिक से लेकर एग्रीकल्चर, सोलर, डिफेंस समेत हर क्षेत्र में इनोवेशन को नई दिशा मिलेगी। नई दवा बनाने में महीनों का काम घंटों में कर सकेंगे। कार्यक्रम में चंडीगढ़ विवि के चांसलर सतनाम सिंह संधू व देश भर से आए विशेषज्ञ शामिल रहे।

मानसिक तनाव, एआई करेगा काउंसलिंग: दिल्ली की सिद्धि व चेन्नई की मान्या ने मानसिक रोगों से बचाने के लिए मनो साथी ऐप बनाया है। इसमें साइकाइट्रिस्ट के कंसल्टेशन के आधार पर एआई को ट्रेन किया गया है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य से जूझ रहे लोगों को एआई मुफ्त काउंसलिंग करेगा। साथ ही गंभीर मरीजों को कहां संपर्क करना है इसके बारे में भी बताएगा। चैटबॉट की मदद से कोई भी इस पर चैट कर समाधान हासिल कर सकेगा।

महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने ट्रॉमा सेंटर में बिना रजिस्ट्रेशन ब्लड बैंक चलाए जाने पर भी उठाया था सवाल

KGMU का हंगामा...फिर सामने आ रहा ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन में हुआ कारनामा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में हुए भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं का जिन्न एक बार फिर बोतल से बाहर आ गया है। केजीएमयू में शुक्रवार को हुए हंगामे के बीच उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने ट्रॉमा सेंटर में बिना रजिस्ट्रेशन ब्लड बैंक चलाने का दावा किया। इससे पहले पिछले महीने ही विधायक डॉ. आरके वर्मा और विधायक कमाल अख्तर ने भी केजीएमयू के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए जांच और कार्यवाही की मांग की थी। इस पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को जवाब देना है। 22 दिसंबर 2025 को जारी पत्र के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग को एक महीने का समय दिया गया है। राज्यसभा सांसद बृजलाल भी स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को बाकायदा पत्र लिखकर ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में भ्रष्टाचार और मनमाने तरीके से खरीद फरोख्त के लिए एचओडी डॉ. तूलिका चंद्रा को दोषी बताते हुए कार्यवाही की सिफारिश कर चुके हैं। हालांकि केजीएमयू प्रशासन विभाग के भ्रष्टाचार पर मौन है।



HOD पर तय मानक से ज्यादा महंगे उपकरण खरीदने का है आरोप

केजीएमयू में शुक्रवार को वीसी कार्यालय में हंगामा और तोड़फोड़ हुई थी।

हर महीने 50 लाख का होता था खेल



KGMU में ₹85 में हो रही थी पांच रुपये वाली जांच?

ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन में होने वाली खरीद फरोख्त के लिए केजीएमयू प्रशासन की तरफ से पिछले साल फरवरी में कमेटी बनी। कमेटी ने दस्तावेज की जांच और कीमतों का तुलनात्मक अध्ययन किया तो पता चला कि कई उपकरण और सामान काफी महंगी दर से खरीदे जा रहे थे। फरवरी 2025 के बाद खरीद की कीमतों पर लगाम लगी तो हर महीने 50 से 55 लाख रुपये तक की बचत होने लगी। वीसी को सौंपी गई रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले विभाग की एचओडी प्रो. तूलिका चंद्रा ही थीं और उनकी निगरानी में ही खरीद होती थी। पर्चेज कमिटी की रिपोर्ट के मुताबिक मरीज का ब्लड ग्रुप पता करने के लिए होने वाली जांच (एबीडी पैड ब्लड ग्रुपिंग) महज पांच रुपये में हो सकती है, लेकिन इसके 85 रुपये वसूले जा रहे थे। थैलेसीमिया और ल्यूकीमिया से पीड़ित मरीजों की एक्सटेंडेड फेनोटाइप ब्लड ग्रुपिंग 63 रुपये के बजाय 165 रुपये में करवाई गई। मुफ्त में मिल सकने वाले डिस्टिल्ड वॉटर की खरीद पर साल में 9.60 लाख रुपये खर्च किए गए। इतना ही नहीं, स्टोर में ब्लड बैग किट समेत कई उपकरण होने के बावजूद लाखों के नए उपकरण खरीदे गए।

मशीनें खरीदने के लिए फर्जी दस्तखत

विभाग में गड़बड़ियों का सिलसिला दस्तावेज में फर्जीवाड़े तक पहुंच गया। लाखों रुपये के उपकरण खरीदने के लिए फर्जी दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड कर दिए गए थे। यह फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद कार्यपरिषद ने फरेंसिक जांच करवाने का फैसला किया। फरेंसिक जांच रिपोर्ट में दस्तखत फर्जी होने की पुष्टि हो गई। यह फर्जी दस्तखत वाला दस्तावेज खुद एचओडी डॉ. तूलिका चंद्रा ने अपलोड किया था। हालांकि उन्हें संदेह का लाभ देते हुए कोई कार्यवाही नहीं की गई।

आरोप, खुलासा करने वालों का किया उत्पीड़न

फर्जी दस्तखत से लेकर मनमानी कीमतों पर खरीद का खुलासा विभाग की ही एक महिला डॉक्टर ने किया था। विभाग के एक पुरुष डॉक्टर ने कामकाज सुचारू रूप से चलाने में आरोप लगाने वाली महिला डॉक्टर की मदद की। आरोप है कि इसे लेकर एचओडी ने अधीनस्थ पुरुष डॉक्टर के खिलाफ छेड़छाड़ का आरोप लगा दिया। इन आरोपों को केजीएमयू की विशाखा कमिटी ने गलत पाया तो एचओडी ने महिला आयोग में अपील कर दी। दिलचस्प बात यह है कि एचओडी ने अक्टूबर 2025 में छेड़छाड़ का आरोप लगाया लेकिन अधीनस्थ पुरुष डॉक्टर ने जनवरी 2025 में ही ऐसा होने की आशंका जताते हुए वीसी को पत्र दे दिया था। सांसद बृजलाल ने अपने पत्र में इसका जिक्र करते हुए विभाग के भ्रष्टाचार की EOW से जांच करवाने की सिफारिश की है।

बढ़ाई गई वीसी कार्यालय की सुरक्षा

■ NBT न्यूज, लखनऊ: KGMU में शुक्रवार को हुए हंगामे के बाद कुलपति (वीसी) कार्यालय की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। धर्मांतरण मामले में गठित फैक्ट फाइंडिंग कमिटी की जांच अभी जारी है। इस बीच किसी भी तरह की अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। शिक्षक संघ की मांग पर शनिवार से वीसी कार्यालय में 20 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

केस न दर्ज करने पर शिक्षक संघ ने जताई नाराजगी

केजीएमयू के प्रवक्ता एवं शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. केके सिंह ने बताया कि शुक्रवार को अचानक बड़ी संख्या में लोग वीसी कार्यालय में घुस आए थे, जिससे स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई थी। उस समय बड़ी घटना हो सकती थी। इसे देखते हुए तुरंत सरकार से सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की गई थी, जिस पर कार्रवाई हुई है। डॉ. केके सिंह ने यह भी बताया कि इस मामले में चीफ प्रॉक्टर डॉ. आरएस कुशवाहा ने शुक्रवार को ही चौक थाने में उपद्रवियों के खिलाफ तहरीर दी थी। हालांकि, अभी तक इस संबंध में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। इसे लेकर शिक्षक संघ में नाराजगी है और आगे की रणनीति तय करने के लिए सोमवार को संघ की बैठक बुलाई गई है। सीएम और से मुलाकात की जाएगी। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि केजीएमयू प्रशासन की ओर से दी गई तहरीर पर जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

हंगामे के दौरान वीसी कार्यालय में तोड़फोड़ भी हुई थी, जिससे लगभग 20 से 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ है

HOD के पास पहुंची सप्लायर की लग्जरी गाड़ियां!



विभाग में हर महीने लाखों रुपये का खेल होने का खुलासा होने के बाद पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. तूलिका चंद्रा और उनके बेटे की लग्जरी गाड़ियों को लेकर भी सवाल उठने लगे। एचओडी डॉ. तूलिका चंद्रा और उनके बेटे ने कार बाजार से गाड़ियां खरीदने का दावा किया। हालांकि दिलचस्प बात यह है कि दोनों गाड़ियां उसी सप्लायर की थीं, जो विभाग में उपकरण और सामान सप्लाई करता है। इसे लेकर पीएमओ तक शिकायत हुई। पीएमओ से सीएम और सीएम कार्यालय से केजीएमयू से जवाब मांगा गया लेकिन अब तक इसे लेकर केजीएमयू प्रशासन की तरफ से तस्वीर साफ नहीं की जा सकी और न ही कोई कार्यवाही हुई।

पर्चेज कमिटी की रिपोर्ट पर कार्यवाही अभी होनी है। हालांकि कमिटी की सिफारिशों पर विभाग में खरीद का नया सिस्टम विकसित कर दिया गया है। ऐसे में अब मनमानी कीमतों पर खरीद नहीं हो सकेगी। एचओडी पर अपने विभाग के सप्लायर की गाड़ियों की खरीद को लेकर जो सवाल उठ रहे हैं, उसका जल्द ही जवाब दे दिया जाएगा। फर्जी दस्तखत मामले में संदेह का लाभ देते हुए HOD को बरी किया जा चुका है।

-डॉ. केके सिंह, प्रवक्ता, केजीएमयू

भ्रष्टाचार के मामले में केजीएमयू का फैसला स्वीकार होने के बावजूद विशाखा कमिटी की रिपोर्ट क्यों स्वीकार नहीं है? विशाखा कमिटी की रिपोर्ट में क्या खामियां हैं? डॉ. तूलिका चंद्रा से यह सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। यह कहते हुए फोन काट दिया कि मेरे पास समय नहीं है।

क्या महिला आयोग ब्लड बैंक की जांच कर सकता है?

महिला आयोग की एक सदस्य के मुताबिक आयोग किसी मेडिकल कॉलेज या यूनिवर्सिटी के ब्लड बैंक या उसकी अनियमितताओं की जांच नहीं कर सकता। आयोग का काम महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना और उनके खिलाफ होने वाले भेदभाव और हिंसा की जांच करना है।

राष्ट्रीय स्तर पर उठाएंगे मुद्दा : IMA

■ NBT न्यूज, लखनऊ: केजीएमयू में शुक्रवार को कुलपति कार्यालय में हुए हंगामे और तोड़फोड़ की घटना पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) ने विरोध जताया है। IMA ने चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। IMA उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार अस्थाना और सचिव डॉ. श्वेता श्रीवास्तव ने संगठन की ओर से जारी बयान में कहा कि इस तरह की घटनाएं निंदनीय हैं। उन्होंने कहा कि मामले को IMA राष्ट्रीय स्तर पर उठाएगा।

हंगामे और तोड़फोड़ पर IMA ने जताई नाराजगी



सोमनाथ मंदिर के 1000 वर्ष पूरे होने का जश्न!

दो घंटे पहले बंद, तीन घंटे लेट शुरू की PNG सप्लाई

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : गोमती नगर के विराजखंड में निर्धारित अवधि से दो घंटे पहले ही पीएनजी की सप्लाई बंद होने से लोग शनिवार को परेशान हुए। कई लोगों को होटलों का रुख करना पड़ा। इसको लेकर लोगों में ग्रीन गैस लि. के प्रति खासी नाराजगी है।

ग्रीन गैस लि. की टेक्निकल टीम ने रेडिएटर सिस्टम की मरम्मत को लेकर विराजखंड में शनिवार दोपहर 12 से 3 बजे तक पीएनजी की सप्लाई बंद करने की सूचना दी थी। निर्धारित अवधि में सप्लाई बंद होने को लेकर लोग अपने कामकाज कर रहे थे, लेकिन टेक्निकल टीम ने सुबह दस बजे ही पीएनजी सप्लाई बंद कर दी। निर्धारित अवधि से दो घंटे पहले ही पीएनजी आपूर्ति बंद कर दी और सर्विस दोबारा करीब छह बजे शुरू हुई। कई लोगों के घरों में नाश्ता व खाना नहीं बन पाया। जिन लोगों के पास एलपीजी या इलेक्ट्रिक चूल्हे का विकल्प नहीं था, उन्हें होटल से खाना व नाश्ता मंगाना पड़ा। ग्रीन गैस लिमिटेड के डीजीएम मार्केटिंग प्रवीण सिंह का कहना है कि पीएनजी सप्लाई दोपहर 12 से 3 ही रोकी जानी थी, लेकिन टेक्निकल फॉल्ट आ जाने से दो घंटे पहले बंद करनी पड़ी। फिलहाल अब पीएनजी आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

विराजखंड में 12 के बजाए 10 बजे ही बंद कर दी पीएनजी की आपूर्ति

नगर आयुक्त का अल्टीमेटम, दो दिन में हटाएं कतकी मेला

■ NBT न्यूज, लखनऊ: नगर आयुक्त ने शनिवार को मेला आयोजकों को अल्टीमेटम जारी करते हुए कहा कि कतकी मेला दो दिन में हटा लिया जाए। झूलेलाल घाट पर चल रहे मेला की निर्धारित 45 दिन की समय अवधि बीते 7 जनवरी को पूरी हो चुकी थी, इसके बाद भी आयोजकों की ओर से मेला नहीं हटाया गया। एनबीटी ने 10 जनवरी के अंक में मामले को प्रमुखता से उठाया था। 'मियाद खत्म होने के बाद भी चल रहा कतकी मेला' शीर्षक से प्रकाशित खबर का नगर आयुक्त गौरव कुमार ने संज्ञान लिया। उन्होंने मेला आयोजकों सहित संबंधित क्षेत्र के जोनल अधिकारी को 2 दिन में मेला स्थल को खाली कराने के लिए निर्देशित किया है। साथ ही नगर आयुक्त ने निर्धारित समय अवधि से अधिक मेला स्थल का उपयोग करने वाले स्टॉल संचालकों से शुल्क वसूली और गोमती नदी में गंदगी फैलाने वालों को चिह्नित करने का निर्देश दिया।

मियाद खत्म होने के बाद भी चल रहा कतकी मेला

NBT असर

एनबीटी ने मामले को प्रमुखता से उठाया था।

CITY MONTESSORI SCHOOL
LUCKNOW

CMS CITY MONTESSORI SCHOOL

GUINNESS RECORD HOLDER AS THE WORLD'S LARGEST SCHOOL

UNESCO

Gateway to the World's Brightest Futures

73 CMS students qualified in the prestigious **CLAT 2026** examination

22 of these secured All India Ranks below **4000** (photographs below)

Aryan Verma Aliganj Campus I **AIR 25** Reserved Category

Syed M. Fatehullah Mahanagar Campus **AIR 249**

Vaishnavee Yadav Mahanagar Campus **AIR 325** Reserved Category

Ashmi Verma Gomti Nagar Extn. Campus **AIR 368**

Mohammad Akbar Aliganj Campus I **AIR 783**

Pavani Vats Aliganj Campus I **AIR 998**

Kinzah Batool Aliganj Campus I **AIR 1212**

Katyayani Mishra Aliganj Campus I **AIR 1253**

Trisha Singh Aliganj Campus I **AIR 1266**

Achintya Misra Aliganj Campus I **AIR 1339**

Utkarsh Singh Gomti Nagar Campus I **AIR 1491**

Nivedita Singh Gomti Nagar Campus I **AIR 1705**

Siddharth Karan Aliganj Campus I **AIR 1743**

Pranjal Mishra Kanpur Road Campus **AIR 2106**

Rishi Raj Shukla Gomti Nagar Campus I **AIR 2232**

Arikta Singh Gomti Nagar Campus I **AIR 2324**

Ritika Kesarwani Aliganj Campus I **AIR 2489**

Garv Gupta Gomti Nagar Campus I **AIR 2639**

Moulik Srivastava Aliganj Campus I **AIR 3001**

Samarth Singh Gomti Nagar Extn. Campus **AIR 3381**

Nishka Dwivedi Gomti Nagar Extn. Campus **AIR 3802**

Anava Jain Aliganj Campus I **AIR 3988**

HIGHLIGHTS of 2025

5 CMS alumni selected in All India Civil Services **(UPSC)**

43 CMS students selected in **JEE Advanced**

152 CMS students selected in **NEET**

75 CMS students selected in top **Universities of the World, 54 with scholarships**

To see our top CLAT selections, scan QR code

CMS is now also in JANKIPURAM (KURSI ROAD)

CMS ADVANTAGE: Unprecedented global exposure | Teacher-Guardian Home Visit scheme | Free in-house JEE and NEET prep programme | www.cmseducation.org

डीएम ने सभी तहसीलों से मांगा चिह्नित जमीनों का ब्योरा

ग्राम समाज की ज़मीन पर अवैध कब्जे मिले तो नपेंगे जिम्मेदार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ में सरकारी जमीनों और जीएस (ग्राम समाज) लैंड पर अवैध कब्जे मिले तो जिम्मेदार अफसर नपेंगे। डीएम ने सभी तहसीलों से चिह्नित जमीनों और उसकी मौजूदा स्थिति का ब्योरा मांगा है। साथ ही टीमें बनाकर पूर्व में खाली करवाई गई जमीनों की औचक चेकिंग भी करवाई जा रही है। इसी आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

जिले में बीते सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व से जुड़े 286 प्रकरण आए थे। इनमें से ज्यादातर मामलों में अवैध कब्जे की शिकायत की गई थी। मोहनलालगंज में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए डीएम विशाख जी ने ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत सुनने के बाद संबंधित कानूनगो व लेखपाल को वहां से हटा दिया था। उसके बाद डीएम ने सभी तहसीलों में मौजूद जीएस लैंड के अलावा चिह्नित सरकारी जमीनों की रिपोर्ट मांगी है। जिन जमीनों की शिकायत सामने आई है, उनके बारे में भी संबंधित अधिकारियों से एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी गई है।

डीएम ने सभी तहसीलों के एसडीएम से एक सप्ताह में शिकायतों के निस्तारण के साथ ही उनके क्षेत्र की जीएस लैंड का भी ब्योरा तलब किया है। इसके अलावा राजस्व की टीमों ने पूर्व में कई इलाकों में सरकारी व जीएस लैंड को खाली करवाकर जिला प्रशासन का बोर्ड लगवाया था। उसकी मौजूदा स्थिति जानने के लिए भी टीमें बनाई गई हैं।

निगम ने 15 करोड़ की जमीन खाली करवाई

■ NBT न्यूज, लखनऊ: नगर निगम की टीम ने शनिवार को सरोजनीनगर तहसील के अमौसी, हरिहरपुर और बिस्ता क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया। अपर नगर आयुक्त पंकज कुमार के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में करीब 15 करोड़ रुपये की सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। टीम ने बिस्ता में तालाब के रूप में दर्ज खसरा संख्या 346 की 0.190 हेक्टेयर जमीन खाली कराई। वहीं, अमौसी में खसरा संख्या 430 और 358 की ग्राम समाज व 'नवीन परती' की कुल 1.061 हेक्टेयर भूमि पर की गई अवैध प्लॉटिंग और बाउंड्रीवॉल को ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा, सरोजनीनगर में खसरा संख्या 440 और 433 की शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को भी पूरी तरह हटवा दिया गया।

गाड़ी कट गई, अब रजिस्ट्रेशन कैंसिलेशन में HSRP का अड़ंगा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: गाड़ी को कटवाने के बाद वाहन स्वामियों के सामने रजिस्ट्रेशन कैंसिलेशन में पसीने छूट रहे हैं। कई वाहन मालिक परेशान हैं। कंडम गाड़ी कटवाने के बाद जब रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी) कैंसिल करवाने गए तो वहां पोर्टल पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) की डिमांड आ गई। अब वाहन मालिक परेशान हैं। गाड़ी का अस्तित्व खत्म होने के बाद एचएसआरपी कहां से ले आएं।

आवेदक हो रहे परेशान, भेजी गई रिपोर्ट

ट्रांसपोर्टनगर स्थित आरटीओ कार्यालय में पिछले एक सप्ताह में 10 से ज्यादा ऐसे वाहन मालिक परेशान होकर पहुंचे हैं। अधिकारी भी परेशान हैं। क्योंकि यह एचएसआरपी बुकिंग और उससे जुड़ी जानकारी प्राइवेट हो चुकी है। ऐसे वाहन जो अस्तित्व में नहीं हैं या कटवा दिए गए हैं, उनका पंजीयन निरस्त करवाना वाहन स्वामी की जिम्मेदारी होती है। इसके लिए ऑनलाइन प्रक्रिया है। अब वाहन मालिक एचएसआरपी कहां से लाएं। उनकी शिकायतें परिवहन विभाग मुख्यालय पहुंच गई हैं। वहां अपर परिवहन आयुक्त आईटी सुनीता वर्मा ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। एनआईसी को इस संबंध में सूचना भेजी गई है।

एलिवेटेड रूट पर दूसरा पोल भी लगा, जल्द खिचेंगे तार

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: कानपुर एक्सप्रेस-वे के एलिवेटेड रूट का काम पूरा करने के लिए पोल लगाने का काम तेज कर दिया गया है। शनिवार को दूसरा पोल भी लगा दिया गया। तीनों पोल लगाने के बाद जल्द ही तार खींचने की प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। दरअसल, लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे के बीच सरोजनीनगर में हाईटेंशन लाइन के पोल बाधा बन रहे थे। उन्हें हटवाकर अधिक ऊंचाई वाले पोल लगाए जा रहे हैं।

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे के बीच सरोजनीनगर में हाईटेंशन लाइन के पोल बाधा बन रहे थे

उन्हें हटवाकर लगाए जा रहे हैं अधिक ऊंचाई वाले पोल

निर्माण एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को दूसरा पोल भी लगा दिया गया है। तीसरे पोल को लगाने की प्रक्रिया चल रही है। तीनों पोल लगने के बाद तार खींचे जाएंगे। इसके लिए कानपुर रोड की ट्रैफिक को कुछ देर के लिए बंद करना पड़ेगा। तिहाना पोल खड़ा करने की प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही तार खींचने का काम शुरू किया जाएगा, ताकि राहगीरों को ज्यादा दिक्कत न हो। इसके लिए बिजली विभाग के साथ मिलकर प्लानिंग की जा रही है। अगले सप्ताह से एलिवेटेड रूट के बाकी बचे पैच का काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

व्यापारियों संग बैठक करेंगे अधिकारी: हाईडिल चौराहे पर डिवाइडर बनाने को लेकर एनएचएआई के अफसरों की सरोजनीनगर के व्यापारियों के साथ बैठक होनी थी, लेकिन किन्हीं कारणों से शनिवार को बैठक नहीं हो पाई है। अब सोमवार को एनएचएआई के अफसर बैठक कर इसका हल निकालेंगे। व्यापारी चौराहे को संकरा करने को तैयार नहीं हैं, जबकि एनएचएआई वहां डिवाइडर के साथ दो रास्ते बनाकर चौराहे को नया रूप देने का प्रयास कर रहा है, ताकि हादसे होने की संभावना न रहे।

जीवन साथी

दिल का रिश्ता



वधू चाहिए

जाति आधारित

अग्रवाल-बिसा

PQM4 H'some, B.Tech, MS CS, Agarwal Boy, 29/5'10", well edu Delhi fmly,wkg MNC Gurgaon, Seeks Veg Agarwal girl. Broker excuse. 9910466019, 7042095864

PQM4 Mnglk boy, 5'10"/Feb 87 Exec MBA from XLRI, MCA, AVP, MNC Bank Ggn, 45 LPA, Send BHP to 9953775535/ kkg231@gmail.com

SM4 Maglik Goel, Oct-86, 5'7", Never Married, B.Com, Veg + T.Totller, W.H. Mgr in Delhi, seeks Homely / Service Girl M.No. 9136164727, 8076065373.

ब्राह्मण

PQSM for a Punjabi brahmin boy MBA, born 95, 5'7", 10 LPA working in MNC automobile Co. in Gurgaon. Family settled in Gurgaon. Cont : 9810428160

BRAHMIN Engineering Boy 27/5'5", Working in MNC, Gurugram, 14 LPA, Sandhalaya Gotra, Seeks a Beautiful girl. Contact: 9278983731, 9355487077

BRAHMIN Boy 1974 Nvr Married pure Veg. MBA MCA own computer Inst. at Chennai seeks Nvr Married Brahmin girl 9245117765/9597785831

NI Brahmin Boy Reputed family 28/173 Athletic BS/ MS top US Univ wkg Top IT Co USA Green Card seeks PQM bride mridulanand@yahoo.com , All Hindus Welcome

B.TECH MS, Brahmin boy, July 96/5'6", Wkg MNC 45 LPA as Sr. Engr. Pref. gud looking & working girl. # 7011588060, 8349973939

B.COM Punjabi Brahmin boy Mar 89/6'2" Wkg with MNC at Mumbai. Staying with Parents. seeks Prof. Qual. Girl contact #9967406577 #9702945633

✔ **BTECH/MBA** MANGLIK BOY OCT91/5.9"WKG FMCG DELHI 15LPA SEEKS QUAL. GIRL 9911123452 hodmgp@gmail.com

S Delhi bsd High Status Br. family Sr Bureaucrats invite match for never married only son, h'some, 5'11"/ early forties, B.Tech/ MBA, Premier Institutes, wkg Ggn, Sr position, US bsd MNC. # 9810755641

PQM4 Brahmin boy , 1991 Born, Height 5'-11", Govt. job Working Delhi, Package 35+ Lac, CasteNo Bar. 98147-40466, 94643-85305

SM 4 Pb Brahmin fair Veg boy. MS(CS), 93 born/185 cms wkng as S/W professional in US on work permit. W/Apps : 9998160706.

B.TECH Brahmn boy 91/6' wkg MNC Noida from Lko based fmly, tech qualified, like minded working girl preferred #9453012981

SP MP based B.Tech (Mech) MS Sweden, 32/ 178 cm, Wkg MNC Mumbai. Father Ret Sr officer CPSU. Contact ashuklav@gmail.com .

DEC1996, 6', MBBS, MD -Emergency Medicine final year MGMC Jaipur, seeking suitable preferably medico match. 9829075408

PQ B'ful, tall slim girl for 6'4", Aug 97/ B.Tech+ M.Tech+ PGDBM Gaur Brahmin Bhardwaj boy wkg MNC GGM 36 LPA own house. # 9818335184

H'SOME 44/5'11" knkj B.Tech(C.S),M.B.A (London). properties Delhi NCR, Lko worked mnc, now self com-pany. Glint India tech-nol-ogies 108 noida 40LPA. never married. 9415143535

SM4 Gaur Brahmin Boy 5'5" 26.8.1994 wrkng in Merchant Navy 2nd Officers B.Sc Nautical Sc. B'ful Bride Req. living in Gurgaon. 9910956611

गूजर

CANADIAN PR Gurjar Boy 26/6' MS electrical engineer seeks beautiful prof. qualified Matched NRI/ Indian girl. Mob-9412835021

जाटव

SM4 smart wheatish Jatav boy 28/5'10", Central Govt. Class-1 Officer seeks working girl in Central or Delhi Govt Services. Call/Whatsapp: 9868942614

HINDU Jatav H'some boy 30/5'8" fair, B.Tech Manager IOCL 25 LPA, father Rtd. IAS from lucknow seeks fair, well edu. working girl #8004951010

कायस्थ

AFFLUENT Bengali Kayasth, 35 years, 5'4", Kota-educated Hygiene Executive Mngr; Father Senior teacher, seeks educated, cultured bride, 30-33 aged. Call +91 9872309952

SAXENA fair MCA 9/1985/5'9" Associate Director, MNC noida 42Lpa nvr'mrd young look fathr astt. directorRetd sek's fair'girl, erly'marg,caste#bar#9099556873

BTECH MTech IIT MADRAS, Saxena boy 30 yrs, 5'7" fair, Chief Engr MNC in Japan 60LPA seeks SM. Father Retd. Prof. 9028705245.Mrg Bur pl exc

29/5'10 B.TECH - IIT MBA-IIM Sr. Manager MNC 60 Lpa Father Govt. Officer Caste No Bar No dowry # 9340982702 , 6260051976

खत्री

UP Khatri boy /5'10"/Sr. SW. Engineer, M.Tech, (MNC Banglore). 25 Aug 1988 Sitapur UP born, never married, Vegetarian, No-alcohol, Non-smoker, Looking for suitable, well educated girl pref. born after 1991. (Pref. UP Khatri) M.: 6386324625

SUITABLE match for Delhi Born Khatri boy 02.06.93 5'10"/3:27pm Pilot in Airlines in India, Cast no bar. send profile W'ap/call: 9999429194

PQ match, prfbly Uk bsd, 4 Pb kh boy 5'10"/ hly qlfd, brit c'zen. Div,ls'less.Parents bsd in NCR.WA 9212449827

SQM4 Manglik Khatri Boy, 5'9" 1994, Hotel Mgmt, @ DLF Hospitality, 18 LPA, Simple Working Girl NCR Preferred. Contact:- 7347687763

क्षत्रिय

SM4 Smart KC NM Boy 84/5'11" PhD CS University Lecturer Kuala Lumpur 30LPA BTech CS preferred 17 AC Land (WA) 7505444490

सामान्य

अग्रवाल

SM4 H'Some Aggarwal NM Boy B.tech/32/5'10"/software Professional Wrkg with MNC (B'lore) 50 LPA, Seeks B'Ful Qlfd. Bride. Cont: 9035152789

AGARWAL MCA, 39/5'8", Smart, unmarried boy from Delhi, own 2 Home & Shop 12 LPA. Seeks unmarried b'ful girl. Contact: 8368200081

B.TECH (ECE) Agarwal Boy 30/5'10"/40+Lpa working in MNC Noida. Lucknow based reputed family. Father Doctor. Pref wrkng girl. Wts 9415005794

MBA Anshik Manglik Veg. Boy 28/ 6'/ Family Business, Faridabad Bsd Family, Seeks Slim, Edu. Homely Veg Girl. Pref. Delhi NCR # 9355611137

AGARWAL Boy 32/170cms/ 70 kg/ B.Tech IIT/ PHD USA/ research scientist UK / Girl in UK or willing to live in UK W/C 9897057620.

EDU wrkg/Non wrkg girl for h'some Agarwal/Jindal boy (Architect) Sep92/5'4" , Ansk Mglk Gurugram bsd involved in fmly buns Delhi 9837075254

VAISH Industrialist Boy April 96/5'10", MBA-ISB Hyd, B.Tech MNNIT Alld,Single child, Business family in Kanpur seeking graceful well educated family oriented Veg girl # 9161452796

H'SOME Jain/Goel 5'7"/68kg, BE (E&C) Engg Director / 1 Cr. PA US MNC, Lives in Noida, 21.5.74/4pm/Psp W: 9958606647, Email: jain1974s@gmail.com

HANDSOME AGARWAL GOYAL BOY 28YEARS 5'9" B.TECH CIVIL ENGINEER MBA

जाट

SM4 S.Delhi bsd boy 28/ 5'10" MBA(Symb) working as VP in Int'l Bank in Canada seek wkg professional of rptd/edu fmly. Avoid Panwar, Kadyan, Dalal. Whatsapp: 9810289462

JAAT, Dhillon Gotra boy,DOB 16-05-1995,6'2",fair, handsome, LLB, LLM, Advocate. Father in own business, Seeking suitable Jaat bride. Contact: 9810260308

JAT V'HandSome BOY 36/181, B.Tech (IIT), MBA (IIM). JOB IN MNC. Own BIG Income & Own Big Properties Gurgaon, Delhi. Phone NO: 0124-4075510.

कार्य आधारित

डॉक्टर्स

MD /MS M4 tall h'some V.fair 5'11",Sep 96,MD Chest,SR Delhi Govt Hosp, Anshik Manglik, Dr Delhite,own nursing home,prfd Del Ncr. 9810125573,9810175004

Doctor(U.P.):- 1/8/93,5'4" surgeon orthopaedic boy own hospital,father doctor,mother housewife, seeks doctor bride

9458704271,7017337989, 9412286706

धर्म आधारित

मुस्लिम

WELL settled, responsible and family oriented Sunni muslim boy 36,BTech professionally employed in Gurgaon seeks suitable match.Lucknow based family. Contact 7236008667 whatsapp 8400897061

सिख

SM4 Delhi based Khatri Sikh B'nessman Boy Dec. 1986/5'8" Graduate, Never Married, no drink Looking Wrkg./Homely Girl. Contact:- 9999727923

जनरल

कास्ट नो बार (जाति का कोई बंधन नहीं)

SEEKS tall,b'ful PQ wrkg girl good Indian values for fair h'some Mathur boy,July96/5'11" MBA Symbiosis,Mgr MNC in Delhi/NCR. Wt/App 9899991911

SM4 Delhi Ncr bsd Srivastav boy Jan 1990/ 5.6"LLB & LLM from UK, CEO of rptd International firm # 9810920102

PB Khatri 1978 born Widower boy B.Tech MBA Own Honda showroom very Good income looking Good Life Partner caste no bar. Call : 9818227342

SM4 Del NCR Boy 1992/5'5" MBA Wkg. MNC GGN Non Smoker Teetotaller Parents Retd. Govt. Servt. Seeks edu. girl Mob. 9711727138

BE/MBA(IIMC) jatav h'sme boy Del bsd 42/5'9" wrkg. MNC,(USA)81.60 LPA #9818266787 E. singh.amar.dda@gmail.com

UK bsd clean shaven Sikh IT Prof. 37/5'11", wkg for a reputed MNC.Holds master degree UK. Seeking compatible match. # 9810832349

SHARMA 29/5'10" Never married, Delhi based self employed boy. Seeks for suitable match. Send details W'App: 8448153541

Bride for 1989 born, VAISHYA, very handsome, 5'9", brilliant Engineer, Masters from USA, Holder of Green Card on criterion of extraordinary ability, worked for a decade in corporates, planning own global operations, father - ex senior bureaucrat, mother - practicing medical professional, settled in Delhi/NCR. Looking for a smart and decent looking girl, educated and settled or willing to settle anywhere, from decent family. Caste no bar.

Contact 7011171604, 9810047653 pkgirs84@gmail.com

दहेज निषेध / आध्यात्मिक

GUPTA, 40, 5'6", B.Sc. Unmarried,Business, looking for- Educated, divorce/ widow, Hindu(Any Caste) 9811540411

दूसरी शादी

PQM4 h'some 5'11" Brahmin boy 23.3.90, 10:53 am working in Senior position in hospitality sector, based in Middle East. Legally divorced, short marriage issueless. WA- 9958601515, 9643783231

AGGARWAL boy, 31/5'10", IIT-CS, MNC, affluent. Innocent 15-day divorce. Seeks educated girl (unmarried/ divorcee), good family. Caste no bar. Ph: 9211815029

AGG MCA Noida 45/5'7" well settled Divorcee Issueless seeks b'ful homely cultured educated lady WA BHP first 9811301065

SM4 Goel Fair Slim divorce Boy Oct88 H 6'2"Wkg MNC Gurgaon Pkg 60Lac PA Seeks Prof Qlyfd Partner WAPP 9810183191

SM4 NM 43/ 5'8"/ B.Com (H) & MBA/ I'less Divorce Boy/ Wrkg MNC/ S.Del Bsd Fmly. Seeks Edu. B'Ful Veg. Bride. No Dowry # 8076177950

JAIN groom, 37, Noida, divc, no issue, well - settled, 5'10", CS, family finance business, Veg, father CA, Seeks veg, issueless girl. Ph: 9717259666.

I'LESS mutually divorced Kayastha boy, M.Tech, IIT Delhi, 43/5'8", Wkg in IT Company, 50 LPA, seeks simple qlfd girl. 9958572716

PQM Khatri Div. I'Less Corporate Lawyer Wkg Dubai. 1989/187cm.Parents Well Stld Delhi.9871334433 Caste no bar Em: uneeluppal@gmail.com

वधू चाहिए - भाषा आधारित

पंजाबी

SM for Fair, H some Jan 96/175 MSc Data Science wkg. with Bank as AVP Data analytics in Singapore. NCR-based family seeks Bful / smart prof. N.veg girl working in Singapore or ready to relocate to Singapore Bio/Pic to sethiakashdeep@gmail.com WApp 9810652912

SM4 Punjabi Khatri H'some 22.04.1997/6'3" Masters of Computers Application, Software Engineer in MNC Gurgaon. Contact: 9810161525

PQSM 4 Punjabi Arora only son Nov'91/ 5'9". MBA (ISB), CFA. Working as Vice President (IT), CTC 72 LPA. Delhi based prof. Family # 9810027300

PBI B'ful W/NW girl below 45 for Pb. Khatri never married 49/177/90 LPA status Delhi fmly. Photo must. 9899477131. Email: matri1623@hotmail.com

H'SOME Punjabi Boy Marine Engr in MNC, 03/2000/5'9" Chandigarh Based Family. Seeks B'Tul qlfd. girl w'tup - 9416352020

NVR MRRD PNJBI KHATRI,H'SM 54yrs,6'1" B.TECH (mech) (ENGG.INDUSTRY) SEEKS NVR MRRD GUD LKNG ED.GRL NT ABV 45yrs,D'CENT FMLY

leomatch71@yahoo.in

W/ap:7838908220

Dual MS from USA Punjabi Brahmin Boy, Jan'94/ 5'11" Slim, Fair, Smart, High income US-client consultancy from India. Parents engineers, factory in Noida. **Seeks Tall, Slim, B'ful, Highly-edu career oriented girl below 30 yrs.** (All Upper Caste Welcome) W'App: **981-811-3610** No brokers please

वधू चाहिए - राष्ट्रीयता आधारित

एनआरआई/ ग्रीन कार्ड

US Citizen Hindu Khatri boy, never married 1988/5'-10", Doctorate in Nursing from USA. Income 1.50 crore annually. Preferred Software Or Medical profession girl. Caste no bar. 7901792488

AUSTRALIAN Citizen Gurjar boy 29/5'10" MS Software Developer seeks b'ful NRI, India Girl, Upper Caste no bar, Mob-8412835021

PUNJABI Mnglk Boy 31/5'9", MS (USA), H-1B Visa I-140 Approved, also Canada PR, Wrkg Software Engineer in Big Tech, Family Delhi Based Seeks Qlfd Girl in USA/Canada WhatsApp +918368469736

US Citizen Hindu PB Mnglk Ahuja Boy 35/ 5'10"/ MA JD Wkg as Attorney at law Seeks W/ Edu. Girl from US (status no bar) W'App: 0015166432021

UK Indian mature gent handsome very fair seeking young fair Lady ready for Friendship/ Life Partner. whatsapp + 447745025602

UK-SETTLED British Citizen, 32yrs, handsome CA, 5'11", Hindu boy looking for a professionally qualified working girl. 9910646423



वर चाहिए

जाति आधारित

अग्रवाल-बिसा

QM for very beautiful slim fair 5'4" July 93 born B.Tech MBA premier institution 30 lac pa NCR parents retd class 1 officer 9205108949 9410943342

ब्राह्मण

PQM4 SAN. Brahmin Girl 44/5'4" Fair Smart Slim M.Sc Ph.D (Microbiology) M.Ed E: paramount356@gmail.com #6398652991, 9258959606.

MBA, Working, सारस्वत ब्राह्मण कन्या हेतु उम्र 37 हाइट 5'4", शाकाहारी ब्राह्मण परिवार, दिल्ली- NCR में वर चाहिए, सम्पर्क करें 8459652269.

SEEKS s'ble Brhmin groom for an IIT & ISB-educated-girl 32/5'4" , Class 1/2 govt officer / pvt job (25L+)from an elite fmly. 9599429330, 9151777051.

GAUR Brahmin, 38/5'3", fair, double Master (Gold medals), residing & wrkg in Mumbai, upper middle class, Seeking professional, All Brahmins accepted (M) 9820342572

SM4 Gaur br. Dec-91 ,B.Tech, MBA Wkg in Google at GGN at Sr. Position. H'some Pkg Looking W'stld upper Cast boy from Edu. Fmly 9810477400 9411641089

MBA, CFM, CFA L2 (ICFAI), N/M, PQM for Career oriented August 81/5'3', Investment Manager. Contact:9650813611, 9650839012. Divorcee Excuse.

GIRL working under ministry of corporate affairs seeks a Govt.Officer groom, any brahmin 38 to 42, Bengali , U.P. Connect :+91 85738 14491

SUITABLE Match for Sanadya Brahmin girl August 1989/5'2" presently working in MNC Pune Contact 08085744702

MBA HR, MSC PGD in Food GLP, PGD in GC, b'ful Br. girl Vats 5'3"/2000, single child, Parents Retd Off, C.Govt, ONGC affl urnt fmly, seeks Edu well setld boy. 8077581932

जैन

SM4 Digamber Jain/Agrwl Singhal girl 5'4"/94,PhD Asst. prof. NMMIS (MAHA)Seeks Equl/Prof Qlfd boy Fthr Retr. C-1 Offr. Govt 9680904905

कायस्थ

CA Kayasth Mnglk Aug'92 5'2" Girl, Sr. Associate in Big 4 in Ggn Seeks Well Qlfd Boy Prefd. C.A / MBA/ IT Indus. Cont: 9451991529,7043917919

SAXENA smart girl never married Feb 87/5'3 MTech w'king MNC B'lore seeks qlfd Boy Early marriage family based at UP. Upper Cast No Bar. Contact 7014173697

SM4 Srivastava 5'1"/1997, Fair Girl, Post Grad. Working Asst. Manager in Govt Bank seeks suitable match, pref. lucknow 9415769685, 8858623833

LOOKING PG Dr. IT Engg. boy for kayastha Dr. Girl 32 yrs fair slim MDS PL excuse SC, ST & OBC. Contact/WA: 9007323504, 9673308946

SM4 Mathur Girl Oct'96, 5'4" M.TECH (CS) Lead Engineer, MNC Noida, Delhi Based Reputed Family, Pref. Delhi/ NCR Mathur. Cont: 9354144748

खत्री

V B'ful fair slim conv.edu LLB Corp Lawyer MNC(36/157cm/ 7.6.95/4:58 am Delhi) 32Lpa,Pbi Biz Fam Ggn seek H'sum W.stld Biz/prfl. W'ap/call 9958789508.

MBA, fair, b'ful 47/5'3"/43 LPA Nvr married, looks younger, VP in MNC, open to relocate sujayaca@gmail.com 9415018928.

SM for khatri divorcee Bful girl 34/5.6 BEngg working in reputed company in sweden MNC (with 6 years old daughter 9779585355(W)

क्षत्रिय

SUITABLE match for 28/5'1"/ MBA/ High income Kshatriya girl from Lucknow, Father Senior Civil Servant from very reputed family, Proposals expected from settled Business families /Civil servant Caste no bar Contact 7275829933 (Whatsapp)

कुशवाहा

BBA LLB & Masters in Consultancy edu girl seeks Prof Qlfd match July'98/5'8" wrkg in reputed Co. Bangalore as Project Manager #7379189746

bharat matrimony

Biggest Matrimony Service for Indians

भारत की सबसे बड़ी विवाह सेवा

अभी ऐप डाउनलोड करें

पंजीकरण मुफ़्त है!

25 साल से भारतीयों की नंबर 1 पसंद

समुदाय के आधार पर

अग्रवाल

MBA B'Ful NM Mittal Girl Wkg MNC (18.01.95, 6:41 PM, Delhi) 5'2"/ Ggn Based Edu. Family, Seeks Edu. Well Stld Groom. Contact: 9999891283

PQM / Medico/non medico for July 89, 5'6",Garg, Gynaec girl (permanent job in Govt hospital Delhi NCR) from reputed well qualified family. CASTE NO BAR. Delhi NCR boy preferred. 9818959359, 9354107585

B.TECH MBA Top B-School Sept'98/5'3" Very Fair, B'Ful, Wrkg MNC (Gurgaon), High Pkg. Seeks Prof. Qlfd. H'Some tall boy. W'App: 9999090779

AGGRAWAL Beautiful Girl, 28, 5'3", B.Tech, MBA, Working in Deloitte, Reputed Family of Delhi NCR Seeks Handsome Boy. Contact: 9410047478

राजपूत

RAJPUT family seek alliance of girl, 29yrs, 5'7", fair, b'ful, M.Com., working, Qualified & settled boy. 9999950218 ak9999950218@gmail.com

LOOKING an alliance for Nov 93 born Kumauni Rajput Girl, 5'2", fair, working in Sydney. Contact: 9884968850

SMF Cultured Rajput Girl BCA MCA 5'4" working with Deloitte, 25LPA Gurgoan seeks reputed rajput fmly Delhi+Ncr. 9136366969.

कार्य आधारित

डॉक्टर्स

SM4 PUNJABI GIRL, DEC 94 BORN, HEIGHT 5'5", DOCTOR GIRL MD MEDICINE, NOW DOING (NEPHRO), BROKER EXCUSE # 9582889808

SM4 Baniya Girl,Aug. 95,5'4", MD Derma (Gold Medalist), doing Aesthetic Fellowship, Slim b'ful,Prfd IAS/IPS/Medico from Delhi/ NCR # 9818226484

SUITABLE match for Nair south indian Brahmin beautifulgirl31/5'6",Non Mangalik Doctor(MS Obstetrics & Gynecology). Marriage bureau excuse.WhatsApp9713088665, 9826098665, 9826038324

MD/MS BRAHMIN M4 M B B S , M S OPTHALMOLOGY (Studying)GARHWALI BRAHMIN GIRL 1995/5'3" FROM A DOCTOR'S FAMILY 9411536600 7983038946

MATCH for Very b'ful, fair, MS (ENT) 5'2", 30 years, family oriented, well-estb, Only daughter, NCR based Rajput B'ness family Seeks boy from rptd fmly pref. Civil Services, Doctor, Armed forces. Open to all upper caste. # 9711987523

MD/DM/IAS/ALLIED M4 Khatri slim pretty 5'4" /1991, MD Medicine Pulmonary, pursuing DM from AIIMS. Educated Chandigarh Family. W'App: 9888844858

आईएएस/अलाइड सर्विसेज

GARG Girl, 30years, 5'3", Fair, smart, Metropolitan Magistrate (Delhi), Affluent family, Father ex-IRS, Seeking boy: same profession / bureaucrat / MNC / lawyer, Well-settled in Delhi NCR, Upper caste, Contact: 9899091191, 9990294217

REQUIRED Civil Servant/ Delhi based renowned professional or leading businessman for IAS Officer 36 yrs. tall, beautiful, mutually divorced, North Indian, Hindu issueless girl from well-settled business family. Only whatsapp: 9654422022.

SM Beautiful slim Jat Sikh IRS officer girl 35/5'4", well established family of Punjab. Cell:9872504277

Brahman Officer Posting Rajasthan

1991/5'3" suitable match from Officers of Central/State/PSU/MNC Upper cast no bar, marriage bureau excuse

9425014457, 7566662294

धर्म आधारित

हिंदू

31 yrs, 5'3", Beautiful Bengali Brahmin girl, Practising Law in Delhi. Seeking well-settled Brahmin/Kayastha Groom from Delhi/NCR with 24 /LPA .Contact: 8969780065

मुस्लिम

SEEKING Sunni Syed/Sheikh groom under 32 frm DelhiNCR/ Lko family for Delhi-based, Girl Fair 28,5'6 MBA Pvt job, Mob 9871529097, 9560330903

SUNNI Sheikh family Lucknow invites proposal for Doctor MBBS 34/158 girl from educated family. WhatsApp 9140388295 Send Biodata.

SUNNI, Ansari/fair girl 5'2" /1993, M.Sc, B.Ed wrkg PGT (Physics) in Govt School seeks Govt job/IT/MBBS/- B'nss/wel setled boy pref. up&ncr contact 9319938716.

SUNNI Very fair, slim n' B'ful, Del bsd Ansari (No bar) grl 32/5'3",MBA Jamia wkg MNC Gurgaon, 16 LPA, well edu family sks PQ wkg match. Call: 8595026071

SUNNI Ansari family of Lucknow Invites Proposal for Daughter 28Y/5.5 Fair Beutiful Convent Educated MD Path from AIIMS WApp 97213 66654

ANSARI fair & b'ful Wkg Finance Asstt 2003/5'3" Hijabi Namazi Lucknow based needs well settled, family oriented boy, Mo: 7860246786

SUNNI Sheikh Siddiqui girl, 5'3"/ 1996 smart, convent-edu, MBBS MD Medicine, affluent family. Seeking MD/MS / DM/ MCh doctor, Civil Servant or Businessman. # 9839901213

ALLIANCE for Shia Sayed Girl from h'ly respected Delhi Based fmly 26/5'7" pursuing MSc from London, Father Retd. Marine Captain Mother Senior Civil Servant Seeks Prof. Qlfd well settled boy. # 8800705008

सिख

SM4 Ramdasia Sikh girl ,34 yrs, 5'4".PhD, Asst. Prof in Private organ . Father Retd bureaucrat. WA : 8146521035 Bureau excuse .

सामान्य

कास्ट नो बार (जाति का बंधन नहीं)

B'FUL Aggarwal well-settled BTech 1984/5'7.5", senior executive MNC, high package. Divorcee, I'less. Alliance invited. Phone/WA 9537243234.

MBA Del based Bengali girl, 35/ 5'6.5", pursuing Ph.D (fellowship), NET cleared, seek well qlfd, wkg India/Abroad. # 9871291030,9958659166

SM4 July 1995 / 5'4" b'ful Rajput Highly Qlfd divorcee girl wkg in Banking sector Bhilai city bsd affluent fmly Upper caste only #7067997224

WELL Educated B'ful Vaish Girl 21-6-89/5'5" B.Tech (Bio-Tech), MBA Mkt doing Free lance, Seeks well Edu. Boy, Govt. Job Pref. # 9810332990

एससी/एसटी

Ph.D. DU Kanojia Girl, 31/ 5'4",seeks Well Educated Stld. Govt MNC Preferred. Delhi Based Boy Cont: 9868077057, vidyakanojia13@gmail.com

दूसरा विवाह

B.TECH (CS), slim, Fair Brahmin girl, Divorcee I'less 1987/5'3",S/W Engg. in MNC NCR, Father Retd Govt service, Caste no bar. # 8015797180

PQM4 33/5'7"MD Smart B'Full convent educated, Khatri girl. S.R Renowned hospital. Recently Divorced, short marriage. No issue. 9871290090

KAYSTH 37/5'7" Sr. ofcr Govt bank, fair, slim widow with 10 yr daughter. Seek bachelor/divorci, bank ofcr frm North India pref. Cast no bar # 8081729867

BE MBA Girl 44/ 5'3" B'ful Lks young. Div (Mrg only for 6 days)wkg MNC Fthr Rajput Def Pnsn, Mthr. Dr. PB Sngh Stn NCR fmly, Girl ready to relocate CNB. W'app 9871653278

वर चाहिए - भाषा आधारित

बंगाली

SM4 Bengali Brahmin girl 32/5'7" MA (English), only Child, preferable from Allahabad, own house at Allahabad # 9839929222

SM4 B'ful Girl, Nov 1991/ 5'1", MBA, Wrkg Pvt Concern Delhi Seek Eng/S.Eng /CA/ Govt Officer / Bank Officer / MNC /PSU. : 9205853983

पंजाबी

SM4 Bful punjabi girl 1995/ 5.5 Ft,27 LPA, MBA wkg in Gurgawa, Father buzinmn, Brahmin, agarwal accept, 9837270704, cal 11am-11pm

PUNJABI Brahmin 26/5'4" B.A B.Ed Beautiful Convent Educated, Father Retired Bank Officer lucknow based. # 9450455791 , (W) 8299689634

B'FUL, very fair Pb. khatri girl, never married, 78 born, 167, Visiting Prof. DU, Status Del family. Ph: 9899477131. Email: matri1623@hotmail.com

वर चाहिए - राष्ट्रीयता आधारित

एनआरआई/ ग्रीन कार्ड

B.DES. (Amity Univ) & Dip in Civil Const. Desgn (Aus) B'Ful NM girl 29Yrs./ 5'6"/ Wrkg in Melborn (Aus), Well stld Delhi bsd B'ness Khatri Fmly, Seeks well settled Prof. Qlfd match frm India/ Australia . Call/ W'App 9810038182

PROF qualified match For Agarwal 29/3/95/5'3" B.Tech M.S. (USA) Very fair Beautiful Girl. Contact-9335910899 (W.A.)

GRAD. US Citizen Hindu PB Ahuja Graduate girl July'94/ 5'8" Seeks for Well Edu. Boy frm US only (status no bar) Only W'App: 0015166432021

SINGAPORE citizen, Kayasth, b'ful girl, 28/5'9", wrkg as Public Health professional in Singapore, well- Edu. family settled in Singapore, seeks compatible match, pref'bly wrkg Singapore/ overseas. WhatsApp +65 97864867

SM for Sept'92 5'5" Brhmn NM girl Wrkg & Stld Toronto, Seeks well-edu groom stld in Canada, Prefer Delhi-NCR bsd fmly # 95609 39059

BFUL Punjabi girl CA, Wrkg abroad UK, 90 LPA,35/5'2, seeks Mglk/N Mglk wrkg in Dubai/UK 9837270704, cal 11am-11pm

Qualified, Elegant, Well Placed, Cultured Family.

1986 Born, 5'4", 50 kgs, C.S. & Fin. Plg. Head of MNC, Non- Consummated Marriage, Flexible Brahmin looking for an Equal Match.

Caste No Bar

SUDHIR BHATT

9920099889 / 9619101019 / 20

sudhirmatrim@gmail.com

love quote



Love distills desire upon the eyes; love brings bewitching grace into the heart."

— *Euripides*

सलाह

पाठकों को किसी भी विज्ञापन पर कार्य करने से पहले उन्हें पूरी तरह से पूछताछ करने की सलाह दी जाती है। यह अखबार विज्ञापनदाताओं द्वारा दिए जाने वाले उनकी स्थिति, आयु और दूल्हे/दुल्हन की आय की जिम्मेदारी नहीं लेता है। इस मामले में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 11-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG5 User: cci Time: 01-11-2026 00:19 Color:

ऑनलाइन गेम में हारा ₹40 लाख तो रची अपहरण की कहानी

खतरनाक शौक

- पुलिस ने बिजलीकर्मी को बरेली से बरामद किया
- लोन वसूली के लिए न्यूड फोटो वायरल करने की दी गई धमकी

■ NBT न्यूज, आलमबाग : ऑनलाइन गेमिंग की लत और पैसा कमाने की चाहत ने एक बिजलीकर्मी को कर्ज के दलदल में धकेल दिया। अलग-अलग मोबाइल ऐप से करीब 40 लाख रुपये का लोन लेकर गेम में हारने के बाद वह घबरा गया। इसके बाद अपने ही अपहरण की झूठी कहानी बनाकर परिवार को गुमराह कर फरार हो गया। परिवारीजनों की सूचना पर कृष्णा नगर पुलिस ने गुमशुदगी की धारा में मुकदमा दर्ज कर 72 घंटे के भीतर लापता बिजलीकर्मी को बरेली से सकुशल बरामद कर मामले का खुलासा कर दिया।

गेम के लिए ऐप से लिया लोन

पूछताछ में रजनीश ने बताया कि वह कई महीनों से ऑनलाइन गेमिंग खेल रहा था। लगातार नुकसान होने पर उसने कई ऐप के माध्यम से लोन लिया, लेकिन वह रकम भी गेम में हार गया। लोन कंपनियां लगातार रिकवरी के लिए दबाव बना रही थीं। उसे धमकी दी जा रही थी कि भुगतान न करने पर उसकी न्यूड फोटो/वीडियो वायरल कर दी जाएगी। इसी डर में उसने खुद को अगवा दिखाया। इसके बाद पहले दिल्ली और फिर बरेली चला गया। पुलिस ने बिजलीकर्मी की काउंसलिंग कर उसे घरवालों को सौंप दिया है।

150 सीसीटीवी की जांच की

कृष्ण नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह के अनुसार, राम बिहार कॉलोनी पारा रोड निवासी सुनील ने 6 जनवरी को थाने में शिकायत दी कि उनके भाई रजनीश इंद्रलोक विद्युत विभाग कार्यालय में सहायक पद पर कार्यरत हैं, उनका अपहरण हो गया है। शिकायत में यह भी बताया गया कि रजनीश ने फोन कर अपहरण की बात कही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो टीमें गठित कीं। पुलिस ने करीब 150 सीसीटीवी कैमरों और सर्विलांस की मदद से जांच की।



ATM में छेड़छाड़ कर रुपये निकाले

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : गुडम्बा इलाके में बायोटेक पार्क के पास स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक के एटीएम में छेड़छाड़ कर ग्राहक के खाते से हजारों रुपये निकाल लिए गए।

शाखा प्रबंधक मनीष चतुर्वेदी की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक कुर्सी रोड स्थित एटीएम बूथ के डिस्पेंसर से छेड़छाड़ की गई थी। 6 जनवरी सुबह 7:52 बजे एक ग्राहक ने 15 हजार रुपये निकालने का प्रयास किया, लेकिन नकद नहीं निकला। ग्राहक के जाने के बाद सुबह 8:46 बजे उसके खाते से 15 हजार रुपये निकाल लिए गए। सीसीटीवी फुटेज में आरोपित कैद है। पुलिस का कहना है शिकायत के आधार पर आरोपित की तलाश की जा रही है।

फटाफट खबरें

मेट्रो स्टेशन की पटरी पर गिरे बुजुर्ग

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर : अमौसी मेट्रो स्टेशन पर शनिवार दोपहर एक बुजुर्ग प्लेटफॉर्म से गिरकर रेल पटरी पर घायल हो गए। घायल की पहचान गौरी-बिजनौर रोड निवासी एसबीआई से रिटायर्ड महेश शर्मा (67) के रूप में हुई है। वह मेट्रो से चारबाग जा रहे थे। घटना के बाद सुरक्षा कर्मियों ने मेट्रो कुछ देर रोक दी और उन्हें पटरी से उठाकर बाहर किया। सूचना पर पुलिस ने उन्हें लोकबंधु अस्पताल भेजा।

ACP ने व्यापारियों से सुरक्षा पर की चर्चा

■ NBT न्यूज, आलमबाग : क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर कृष्णा नगर एसीपी रजनीश वर्मा और कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह ने शनिवार को बाराबिरवा में व्यापारियों के साथ चौपाल आयोजित की। चौपाल में सीसीटीवी लगाने, अतिक्रमण न करने, साइबर अपराध से बचाव, प्रभावी गश्त, यातायात व्यवस्था और संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने जैसे मुद्दे पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने व्यापारियों से संवाद कर सामुदायिक पुलिसिंग मजबूत करने पर जोर दिया। व्यापारियों ने समस्याएं रखीं, जिनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

अवैध तमंचा बरामद, युवक गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, लखनऊ : मड़ियांव पुलिस ने अवैध तमंचे बरामद कर ठाकुरगंज निवासी कार मैकेनिक मो. कामरान को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी शिवानंद मिश्र के अनुसार, मो. कामरान को मड़ियांव पुल के नीचे से पकड़ा। उसके पास से अवैध तमंचा और चार कारतूस बरामद हुए, जिनमें दो 9 एमएम प्रतिबंधित बोर के हैं।

माल में युवती से रेप, आरोपित गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, माल : माल इलाके में शुक्रवार रात खेत में काम कर रही युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि आट के मडौरीरा गांव निवासी दुर्गेश कनौजिया रात करीब 11:30 बजे खेत में पहुंचा और युवती से छेड़छाड़ शुरू की। विरोध करने पर उसने पीड़िता से दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर आरोपित धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता घर पहुंची तो परिवारीजनों को घटना बताई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को पकड़ लिया है।

विदेशी मुद्रा बरामद, दो चोर गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, लखनऊ : मानकनगर पुलिस ने चोरी के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर विदेशी मुद्रा समेत अन्य सामान बरामद किया है। थाना प्रभारी अजीत कुमार के अनुसार, समर विहार कॉलोनी निवासी जतिंदर सिंह के घर 3 जनवरी को चोरी की गई थी। पुलिस ने शनिवार सुबह कानपुर निवासी सावर सिंह और अक्षु सिंह को गिरफ्तार किया। इनके पास से यूएस और सिंगापुर डॉलर के नोट, घड़ी, अंगूठी, 5 हजार रुपये और चोरी में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है।

नहर में गिरा कांच की बोतलों से लदा डीसीएम

■ NBT न्यूज, राजाजीपुरम : आगरा एक्सप्रेसवे के जीरो प्वाइंट के पास गुरुवार को कांच की बोतलों से लदा डीसीएम अनियंत्रित होकर सर्विस रोड के किनारे छोटी नहर में पलट गया। हादसे में चालक नहर के अंदर वाहन के साथ फंस गया। हालांकि, मौके पर मौजूद राहगीरों व पुलिस ने चालक को बचा लिया। डीसीएम चालक प्रदीप यादव गोरखपुर से एटा की ओर जा रहा था। जीरो प्वाइंट के पास सर्विस रोड अत्यधिक संकरी है। इसी वजह से डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गई।

पार्षद के घर के बाहर मिले जानवर के अवशेष

■ NBT न्यूज, राजाजीपुरम : शीतला देवी वॉर्ड से भाजपा पार्षद अनूप कमल सक्सेना के घर राजाजीपुरम सेक्टर-13 के बाहर शनिवार को जानवर के अवशेष मिले। कमल सक्सेना मेयर सुषमा खर्कवाल के साथ गुजरात के दौरे पर हैं। पार्षद ने इसकी सूचना तालकटोरा पुलिस को दी। पुलिस ने सीसीटीवी चेक किए तो कुत्ते जानवर के अवशेष खींचकर लाते हुए नजर आए हैं। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे के मुताबिक सेक्टर-13 में डंपिंग यार्ड है। वहीं से कुत्ते मृत जानवर का सिर व धड़ उठा लाए थे।

एयरपोर्ट पर हैंडबैग से मिले दो कारतूस

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर : अमौसी एयरपोर्ट पर दुबई जा रहे एक यात्री के हैंडबैग से .32 बोर के दो जिंदा कारतूस मिले हैं। सीआईएसएफ ने स्क्रीनिंग में कारतूस दिखाई देने पर यात्री को हिरासत में ले लिया। यात्री ठाकुरगंज निवासी मो. फुरकान ने बाद में उसने शस्त्र का वैध लाइसेंस दिखाया, जिसके बाद उसे यात्रा की अनुमति दे दी गई। कारतूस पुलिस को सौंप दिए गए हैं।

स्वास्थ्य शिविर बीपी, एनीमिया की हुई जांच

■ NBT न्यूज, लखनऊ : कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना द्वारा एसजीपीजीआई में स्वास्थ्य सेवाओं में सामाजिक सुरक्षा विषय पर व्यापक स्वास्थ्य जागरूकता एवं निवारक जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक डॉ. आरके धीमान ने किया। ईएसआई के सीएमओ डॉ. राजेश कुमार ने सामाजिक सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर में बीपी, एनीमिया (खून की कमी), महिलाओं के स्वास्थ्य सहित कई रोगों की मुफ्त जांच, परामर्श व दवाएं दी गईं।

दीये से घर में लगी आग, मासूम की मौत

इंदिरानगर के तकरोही इलाके की घटना, बच्चों को सुलाकर दंपती गए थे सब्जी खरीदने

मंदिर में जल रहा था दीया, पहले परदे में लगी आग

■ NBT न्यूज, चौक : इंदिरा नगर सुगामऊ इलाके में शुक्रवार रात घर में लगी आग से बेड पर सो रही मासूम बच्ची की मौत हो गई। साथ में सो रही बड़ी बहन घर से निकली और आस-पड़ोस के लोगों से मदद की गुहार लगाई। परिवारीजनों के मुताबिक घर में मंदिर में जल रहे दीये से परदे में आग लगी थी। इसके बाद आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना के समय माता-पिता सब्जी लेने गए थे। घर पर दोनों बच्चे अकेले थे।

इंदिरा नगर के तकरोही में सुगामऊ स्थित वृंदा कॉलोनी सुमित पत्नी शिल्पी, बड़ी बेटी पंखुड़ी और छोटी अविका (5) के साथ रहते हैं। वह प्राइवेट वाहन चालक हैं। बड़ी बेटी पंखुड़ी कक्षा-2 की छात्रा है, जबकि अविका-केजी की छात्रा थी। सुमित ने बताया कि शुक्रवार रात पत्नी ने दोनों बेटियों को सुला दिया था। इसके बाद रात 9 बजे सुमित अपनी पत्नी शिल्पी के साथ मंडी में सब्जी खरीदने चले गए। घर के दरवाजे वह भिड़ा कर ही गए थे। उन्होंने बताया कि पत्नी ने पूजा की थी। मंदिर में दीया जल रहा था। उसी दीये से परदे में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

पंखुड़ी ने बताया कि आग की लपटों से उसकी आंख खुल गई। उसने अविका को जगाने का प्रयास किया, पर वह उठी नहीं। पंखुड़ी मदद मांगने के लिए घर से बाहर भागी। आस-पड़ोस के लोगों ने आग बुझाना शुरू किया। इसी बीच सुमित पत्नी के साथ घर पहुंचे। आग बुझाने के बाद सुमित घर के अंदर दाखिल हुए। देखा तो अविका काफी झुलस गई थी। वह उसे लेकर लोहिया संस्थान लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने अविका को मृत घोषित कर दिया।

अविका (फाइल फोटो) के पीछे बने मंदिर में जल रहे दीये से घर में लगी आग।

बड़ी बहन का रो-रोकर बुरा हाल

मासूम अविका की मौत से पूरा परिवार स्तब्ध है। बड़ी बहन पंखुड़ी का रो-रोकर बुरा हाल है। वह बार-बार एक ही बात कह रही थी कि अविका को काफी जगाने का प्रयास किया। पर वह उठी नहीं। वहीं मां शिल्पी का कहना था कि काश वह बच्चों को घर पर अकेला छोड़कर न जाती। इस घटना से इलाके में मातम सा माहौल है।

ऐसे रहें सुरक्षित

- दीपक/अगरबत्ती हमेशा स्टील/पीतल की थाली में रखें
- दीपक के आसपास पर्दा, बेडशीट, कागज, प्लास्टिक न रखें
- पूजा के बाद दीया बुझाकर ही बाहर जाएं
- घर खाली छोड़ना हो तो दीया/मोमबत्ती, इलेक्ट्रिक स्विच हर हालत में बंद करें।
- मंदिर के आसपास लकड़ी की दीवार, कपड़ा, सजावट कम रखें।
- दीया हमेशा स्थिर जगह पर रखें, हवा वाली जगह पर नहीं
- पंखे/खिड़की के सामने रखने से लौ फैल सकती है।
- माचिस/लाइटर बच्चों की पहुंच से दूर रखें
- घर में एक छोटा फायर एक्सटिंगुइशर जरूर रखें
- किचन और पूजा स्थान पर छोटी बाल्टी में पानी जरूर रखें।
- ढीले प्लग, ओवरलोड मल्टी-प्लग, पुराने तार बदलवा दें।

फायर-सेफ्टी ट्रेनिंग दें

- आग लगे तो छिपने के बजाय तुरंत बाहर भागें।
- मदद के लिए जोर से आवाज लगाना है।
- 112/101 पर कॉल करना सिखाएं।

'गीज़र ऑन करके सीधे न नहाएं, बाथरूम में वेंटिलेशन का रखें ध्यान'

■ NBT न्यूज, लखनऊ : बदायूं में शुक्रवार को गैस गीजर से नहाते समय रेयान (4) की मौत हो गई, जबकि उसका भाई अयान (11) अस्पताल में भर्ती है। इस घटना के बाद एक बार फिर गीजर के इस्तेमाल और सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। खासतौर से गैस गीजर के इस्तेमाल में। विशेषज्ञों के अनुसार, बंद बाथरूम में गैस गीजर चलाने से कार्बन मोनोऑक्साइड गैस बन सकती है। इससे ऑक्सीजन की कमी हो जाती है, जो जानलेवा साबित हो सकती है। विशेषज्ञों के मुताबिक सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो गीजर नुकसानदायक नहीं है। बस थोड़ी सी सतर्कता जरूरी है।

बदायूं में गैस गीजर से नहाते समय बच्चे की हो गई थी मौत

इलेक्ट्रिक गीजर हो तो...

विशेषज्ञों के अनुसार गैस गीजर के अलावा इलेक्ट्रिक गीजर के इस्तेमाल में भी सावधानी बरतनी चाहिए। सुरक्षित इस्तेमाल के लिए इलेक्ट्रिक गीजर की अर्थिंग और वायरिंग की भी नियमित रूप से जांच करवाते रहें। डॉक्टर के मुताबिक गीजर का इस्तेमाल गलत नहीं, लेकिन लापरवाही नुकसानदायक हो सकता है।

ऐसे रहें सुरक्षित

वेंटिलेशन : बाथरूम में एग्जॉस्ट फैन (Exhaust Fan) का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। खिड़की को पूरी तरह खुला रखें ताकि जहरीली गैसें बाहर निकल सकें।

उपयोग के बाद बंद करें : पानी गर्म होने के बाद गीजर को तुरंत बंद कर दें। नहाते समय गीजर को चालू रखने की गलती कभी न करें।

CO_2 डिटेक्टर लगवाएं : घर में कार्बन मोनोऑक्साइड डिटेक्टर (CO Detector) जरूर लगवाएं। यह गैस लीक होने या ऑक्सीजन कम होने पर अलार्म के जरिए आपको सचेत कर देता है।

लौ के रंग पर नजर : गैस गीजर की लौ हमेशा नीली होनी चाहिए। यदि लौ पीली दिखाई दे, तो इसका मतलब है कि गैस ठीक से नहीं जल रही और खतरनाक कार्बन मोनोऑक्साइड बन रही है।

नियमित मेंटिनेंस : गीजर के सुरक्षित इस्तेमाल के लिए साल में कम से कम एक बार गीजर की प्रोफेशनल से सर्विस जरूर कराएं।

गीजर की फिटिंग : यदि संभव हो तो गैस गीजर को बाथरूम के बाहर लगवाएं। केवल गर्म पानी का पाइप अंदर लाएं। यदि अंदर है, तो वेंटिलेशन का इंतजाम रखें।

सही तरीका : नहाने से 10-15 मिनट पहले गीजर ऑन करें। पानी बाल्टी में निकालें और उसके बाद ही स्नान करें।

लगातार इस्तेमाल से बचें : गीजर को बहुत लंबे समय तक लगातार ऑन न रखें। जरूरत के मुताबिक पानी गर्म करके स्विच ऑफ कर दें।

विशेष सावधानी: बच्चों और बुजुर्गों को अकेले बाथरूम में न भेजें, क्योंकि उन्हें गैस के कारण होने वाले चक्कर या सांस की तकलीफ का एहसास देरी से हो सकता है।

गुनगुने पानी से ही नहाएं

केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत के मुताबिक, गैस गीजर के इस्तेमाल में सबसे अधिक जोखिम तब होता है जब बाथरूम छोटा हो और उसमें वेंटिलेशन की व्यवस्था न हो। ऐसे में गैस गीजर से पानी गरम होने के बाद गीजर बंद करें और खिड़की/एग्जॉस्ट/वेंट खुला रखें। उन्होंने सलाह दी कि गीजर का पानी सीधे न इस्तेमाल करें, बल्कि बाल्टी में पानी निकाल लें और पानी गुनगुना होने पर ही नहाएं।

काकोरी में SBI के खाताधारकों से ₹2 करोड़ से ज्यादा हड़पे

■ NBT न्यूज, काकोरी : काकोरी कस्बा स्थित भारतीय स्टेट बैंक (SBI) से जुड़े एक ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक ने 2 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की फरार हो गया। घटना के बाद नाराज और पीड़ित खाताधारकों ने थाना दिवस पर थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी। पुलिस के समझाने के बावजूद कई खाताधारक मेहनत की कमाई जाने से भावुक होकर रोने लगे। उन्होंने बैंक शाखा के अधिकारियों व कर्मचारियों पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया।

ग्राहक सेवा केंद्र संचालक ने 131 लोगों को लगाया चूना

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि केस दर्ज कर लिया है। आरोपित की तलाश की जा रही है। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर के मुताबिक, बैंक की अधिकृत एजेंसी जीरो मास प्राइवेट लिमिटेड के यूपी हेड ईशान की तहरीर पर 131 लोगों की तरफ से धोखाधड़ी समेत कई गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

जानकारी के अनुसार, बैंक शाखा के पास संचालित ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन नरेंद्र कुमार करता था। कस्बे में सुविधा के कारण बड़ी संख्या में खाताधारक उसी केंद्र पर नकद रकम जमा करते थे।

आरोप है कि संचालक ने कई ग्राहकों की जमा धनराशि खातों में जमा नहीं की और रकम हड़प ली। कुछ मामलों में खातों से धोखे से रकम निकाल ली गई। खाताधारकों द्वारा बार-बार पूछताछ करने पर आरोपित टालमटोल करता रहा। इसके बाद कुछ दिन बाद केंद्र अचानक बंद हो गया और संचालक फरार हो गया। घटना की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में पीड़ित खाताधारक एकजुट होकर बैंक शाखा पहुंचे और लिखित शिकायत दी। खाताधारकों का आरोप है कि यह पूरा खेल बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों की जानकारी के बिना संभव नहीं, इसलिए बैंक प्रबंधन जिम्मेदारी से नहीं बच सकता। इसी मामले को लेकर शुक्रवार शाम 7 बजे पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के साथ खाताधारकों की जिलाधिकारी से बैठक हुई, जहां डीएम ने एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पीड़ितों ने थाने जाकर पुलिस से की ठगी की शिकायत।

सार्वजनिक स्थानों पर पी शराब, 1,171 लोगों का चालान

■ NBT न्यूज, लखनऊ : पुलिस ने शुक्रवार रात सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इसके अलावा नशे में हुड़दंग कर रहे सात आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की।

पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर पूरे शहर में चला अभियान

पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर के निर्देश पर शुक्रवार देर शाम 8 से रात 10 बजे तक अभियान चलाया गया है। अभियान के दौरान शहर के 195 स्थानों पर चेकिंग कर 1,171 लोगों का चालान किया गया है। सभी आरोपित दुकानों के बाहर, पार्कों और दुकानों में बैठकर शराब पी रहे थे। इसके अलावा उनके 89 वाहनों का भी चालान किया गया है। नशे में हुड़दंग कर रहे 7 आरोपितों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस आंकड़ों के मुताबिक पश्चिम जोन में सबसे अधिक 433 लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते मिले। इसके अतिरिक्त दक्षिण जोन में 311, मध्य जोन में 161, पूर्वी में 151 और उत्तरी में सबसे कम 151 लोगों का चालान काटा गया।

प्रॉपर्टी कारोबारी को ऑफिस में संदिग्ध हालात में लगी गोली

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार इलाके में प्रॉपर्टी कारोबारी को शनिवार शाम उनके ऑफिस में सिर में गोली लग गई। पुलिस का कहना है कि कारोबारी ने पिस्टल से सिर में खुद को गोली मारी है। पुलिस का कहना है कि कारोबारी कई दिनों से तनाव में थे। पिस्टल लाइसेंसी है या नहीं इस बारे में पता किया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक तनाव में खुद को मारी गोली

मूलरूप से मध्यप्रदेश के रहने वाले अभिषेक दत्त गोमतीनगर विस्तार स्थित ग्रीनवुड अपार्टमेंट में पत्नी और बच्चों के साथ रहते थे। वह प्रॉपर्टी का कारोबार करते हैं। गोमतीनगर विस्तार में सेक्टर-4 स्थित एक मॉल के तीसरे माले में उनकी कंपनी का ऑफिस है। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार के मुताबिक शनिवार को अभिषेक अपने ऑफिस में बैठे हुए थे। इसी बीच शाम 5 बजे उनके ऑफिस से गोली चलने की आवाज आई। ऑफिस में मौजूद उनका साला वैभव मौके पर पहुंचा। उसने देखा कि अभिषेक के सिर से खून निकल रहा था। पास में ही पिस्टल पड़ी हुई थी। साले ने इस संबंध में पुलिस को घटना की सूचना दी। साला लोगों की मदद से अभिषेक को गोमतीनगर विस्तार स्थित एक निजी अस्पताल में ले गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। हालांकि उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक अभिषेक के काफी रुपये प्रॉपर्टी में फंसे हुए हैं। जिसके चलते वह कई दिनों से तनाव में थे।

जस्ट डायल से फंसाते थे, ठगी के आरोपित अरेस्ट

■ NBT न्यूज, आलमबाग : कृष्णा नगर पुलिस और साइबर सेल ने दिल्ली से दो अंतरराज्यीय ठगों, मोहित जोशी और गुलबीर को गिरफ्तार किया है। ये शातिर 'जस्ट डायल' से डीलरों के नंबर निकालकर उन्हें सस्ते इंटीरियर डेकोरेशन सामान का लालच देते थे।

कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पीके सिंह के मुताबिक आरोपित फर्जी बिल और ट्रैवल एजेंसी की रसीदें भेजकर एडवांस पैसे जमा करा लेते थे। कृष्णा नगर के एक पीड़ित से इन्होंने 1.65 लाख ठगे थे, जबकि देशभर में अब तक करीब 1 करोड़ रुपये की ठगी कर चुके हैं। इनके पास से 16 डेबिट-क्रेडिट कार्ड, 5 सिम और 3 मोबाइल बरामद हुए हैं।

ज़मीन के नाम पर करोड़ों की ठगी का आरोप

■ NBT न्यूज, लखनऊ : जमीन दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए बड़ी संख्या में फौजियों और आम नागरिकों ने शनिवार को डीसीपी साउथ कार्यालय पहुंचकर भू-माफिया और कथित हिस्ट्रीशीटर निर्दोष यादव व उसके भाई संतोष यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पीड़ितों का कहना है कि आरोपियों ने प्लॉटिंग के नाम पर लोगों से बड़ी रकम वसूल ली, लेकिन न तो प्लॉट का कब्जा दिया गया और न ही रकम वापस की गई।

फौजियों ने डीसीपी से की भूमाफिया के खिलाफ शिकायत

पीड़ित फौजी अरविंद सिंह ने बताया कि अर्जुनगंज-सरसवां इलाके में हो रही प्लॉटिंग को आरोपियों ने अपनी जमीन बताकर प्लॉट देने का झांसा दिया। आरोप है कि प्लॉट बुकिंग और भुगतान आरोपियों और उनके करीबियों के खातों में कराया गया। इसके बाद कब्जा नहीं दिया गया। अरविंद सिंह का दावा है कि करीब 50 फौजी और 50 से अधिक आम लोग पीड़ित हैं, जिनकी गाढ़ी कमाई वर्षों से फंसी हुई है। पीड़ितों ने डीसीपी कार्यालय में लिखित शिकायत देकर आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ितों का आरोप है कि जिस जमीन का सौदा कराया गया, वह आरोपितों की नहीं थी। बाद में पता चला कि एक ही जमीन कई बार कई लोगों को बेची गई। फर्जी दस्तावेजों के सहारे सौदे किए गए। जब पीड़ितों ने विरोध कर अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों का कहना है कि निर्दोष यादव पर सुशांत गोल्फ सिटी थाने में जमीन और पैसा हड़पने के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस कार्रवाई के दौरान उसे जिला बदर भी किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद वह फिर लोगों से जमीन के नाम पर ठगी कर रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

कई पीड़ितों ने प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ शिकायत की है। जांच एसीपी गोसाईंगंज को सौंपी गई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। - निपुण अग्रवाल, डीसीपी साउथ

तीन सौ मीटर तार चोरी, चार पर FIR

■ NBT न्यूज, काकोरी : आरडीएसएस योजना उपकेंद्र के तहत मलहा गांव में बिजली लाइन बिछाने के दौरान सरकारी काम में बाधा डालने और तार चोरी करने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार देर रात केस दर्ज किया।

अतिरिक्त इंस्पेक्टर सोबरन सिंह के अनुसार गांव निवासी योगेंद्र नाथ शुक्ला ने बिजली संयोजन के लिए विभाग में निर्धारित धनराशि जमा की थी। इसके बाद कार्यदायी संस्था की टीम 11 केवी लाइन बिछाने मौके पर पहुंची। शुक्रवार को लाइन के अंतिम पोल पर तार जोड़ने के दौरान गांव निवासी केशव राम, उसकी पत्नी तथा बेटे अंकित व सुभाष मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों से मारपीट कर भगा दिया। अवर अभियंता नितिन चौधरी ने बताया कि शनिवार को जब स्टाफ दोबारा काम करने पहुंचा तो पता चला कि शुक्रवार रात तीन सौ मीटर एल्युमिनियम तार चोरी कर लिया गया है। इस मामले में चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है।

युवती की मांग में भरा था सिंदूर, मिले दो सुइसाइड नोट

■ NBT न्यूज, लखनऊ

तालकटोरा थानाक्षेत्र में शनिवार को सूर्यकांत (40) और दीपाली (25) ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से कटकर जान दे दी। घटना स्थल से दो सुइसाइड नोट भी मिले हैं। परिवारीजनों ने तीन पूर्व युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

ट्रेन से कटकर युवक और युवती ने दी जान

थाना प्रभारी कुलदीप दुबे के मुताबिक घटना स्थल पर दो फोन, आधार कार्ड, दो बैगों में कपड़े और दो सुइसाइड नोट मिले हैं। दीपाली ने सुइसाइड नोट में लिखा कि मम्मी-पापा मुझे माफ कर देना, मैं आप लोगों को हर्ट नहीं करना चाहती थी। मुझे मेरा प्यार मिल गया था। दूसरे सुइसाइड नोट में सूर्यकांत ने पत्नी सविता के लिए लिखा कि मुझे माफ कर देना, मेरा पहला प्यार तुम ही हो। हादसे के सूचना पाकर दीपाली के पिता अमरेंद्र, मां बबिता, भाई हर्ष व अन्य परिवारीजन, एडीसीपी धनंजय कुमार कुशवाहा, एसीपी चौक राजकुमार सिंह, थाना प्रभारी तालकटोरा कुलदीप दुबे और सूर्यकांत के पिता उमाकांत, भाई चंद्रकांत पहुंच गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

शॉर्ट कट के चक्कर में स्थानीय लोग टूटी दीवाल से निकलकर रेलवे ट्रैक पार करते हैं। शनिवार को लोगों ने दीपाली और सूर्यकांत को रेलवे ट्रैक के आस-पास घूमते देखा था। जलालपुर फाटक से वंदे भारत ट्रेन का सिग्नल होने पर दोनों रेलवे ट्रैक पर लेट गए। स्थानीय लोग उन्हें आवाज लगाते रहे, लेकिन दोनों ने लोगों की आवाज को अनसुना कर दिया था।

प्रेमी युगल की आत्महत्या की सूचना पर पुलिस ने मौके पर की जांच पड़ताल।

सूर्यकांत ने पत्नी को भेज दिया था मायके

सूर्यकांत की पत्नी सविता घर में कपड़े सिलाई का काम कर घर के खर्चों में मदद करती है। परिवारीजनों ने बताया कि 8 जनवरी को सूर्यकांत ने पत्नी और बेटे को निशातगंज में स्थित ससुराल छोड़ दिया था। इसके बाद सूर्यकांत अपनी पत्नी से मोबाइल फोन के जरिए बातचीत करता रहा। थाना प्रभारी ने बताया कि युवती की मांग में सिंदूर भरा हुआ था। पुलिस के अनुसार दोनों ने शादी कर ली थी। घटनास्थल से मिले बैग में कई जोड़ी कपड़े मिले हैं। दीपाली और सूर्यकांत कहीं जाने की फिराक में थे। फुटेज में दोनों आलमनगर स्टेशन पर करीब ढाई घंटे टहलते नजर आए हैं।

अनहद नाद में डूबी शहरवासियों की शाम

कस्तूरी फेस्टिवल में कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां।

■ NBT न्यूज, लखनऊ: संगीत नाटक अकादमी का संत गाडगे महाराज सभागार शनिवार को मौन और साधना से भर उठा। मौका था एहसास संस्था द्वारा आयोजित कस्तूरी फेस्टिवल अनहद नाद : दिव्य निनाद का। कार्यक्रम की शुरुआत में मंच पर बैठे धनंजय और निशीथ ने जैसे ही सुर छेड़े, सभागार में ठहराव उतर आया। "मैं पहुंची मझधार, कैसे लागे पार" की पहली पंक्ति के साथ श्रोताओं की सांसें लय में बंध गईं।

इसके बाद कबीर की वाणी पवन चले हउ जाना पाले गूंजी। "सांसों की माला पर" और "शिव कैलाशों के वासी" ने भावों को और गहरा किया। "मन लागो यार फकीरी में" तक पहुंचते-पहुंचते सभागार ध्यान की अवस्था में डूब गया। यह गायन नहीं, साधना का अनुभव था।

धनंजय-निशीथ के बाद मंच पर ऋषिराज कुलकर्णी आए। उन्होंने एक अनोखे वाद्य मल्टी-परकशन और हैंडपैन पर प्रस्तुति दी। उनकी प्रस्तुति में लय और मौन का सुंदर संतुलन दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि यह उनका उत्तर प्रदेश में पहला कार्यक्रम है। यहां की सहज हिंदी से वे खासा प्रभावित हैं।

कार्यक्रम का समापन बांसुरी वादक अजय प्रसन्ना की प्रस्तुति से हुआ। उनकी बांसुरी की स्वर-लहरियों ने सभागार को स्थिरता से भर दिया। श्रोता जाते समय तक मौन में डूबे रहे। कार्यक्रम में नवनीत सहगल, वंदना सहगल समेत कई और संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

'ज्ञानरंजन ने यथार्थ को आधार बनाया'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: प्रसिद्ध कथाकार एवं साहित्यिक पत्रिका 'पहल' के संपादक ज्ञानरंजन की स्मृति में शनिवार को इप्टा के कैसरबाग स्थित बलराज साहनी सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। लखनऊ के साहित्यकारों और विभिन्न साहित्यिक-सांस्कृतिक संगठनों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी और हिंदी साहित्य में उनके योगदान को स्मरण किया।

इस अवसर पर जन संस्कृति मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कौशल किशोर ने कहा कि ज्ञानरंजन ने आजादी के बाद के सामाजिक यथार्थ को अपनी कहानियों का आधार बनाया। मौके पर नलिन रंजन, रीता चौधरी, राजेश श्रीवास्तव, भगवान स्वरूप, परमानंद मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश की टीम सेमीफाइनल में

नैशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में राजस्थान को हराया, तमिलनाडु से होगी भिड़ंत

सिटी स्पोर्ट्स

■ NBT न्यूज, लखनऊ: नैशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में शुक्रवार रात को यूपी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में जगह बनाई। जहां चैंपियनशिप की दावेदारी के लिए यूपी के सामने तमिलनाडु की चुनौती होगी। इससे पहले उत्तर प्रदेश पुरुष टीम ने रोमांचक क्वार्टर फाइनल में राजस्थान के खिलाफ मुकाबला जीता और सेमीफाइनल में पहली बार अपना स्थान सुरक्षित किया।

चेन्नै के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित 75वीं सीनियर नैशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में यूपी ने राजस्थान को 93-90 स्कोर से हराने में सफलता हासिल की। टीम के मुख्य कोच अभिनव सिंह पुंडीर व सहायक कोच प्रदीप तोमर की देखरेख में खिलाड़ियों ने यह सफलता हासिल की। वहीं टीम की जीत में कप्तान सत्यजीत जायसवाल एवं हर्ष ढागर के नेतृत्व में प्रिंस त्यागी, कुनाल सिंह, दिग्विजय सिंह और श्रेयांश राज सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यूपी बास्केटबॉल असोसिएशन सचिव दिलीप सिंह ने यूपी टीम को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि नैशनल चैंपियनशिप में महिला टीम लीग मुकाबले में महाराष्ट्र से हारकर बाहर हो चुकी है। अब पुरुष टीम पर सबकी निगाहें टिकी हैं।

क्वार्टर फाइनल में यूपी ने राजस्थान को 93-90 स्कोर से हराया।

UP ज्यूडिशियल चैंपियन

■ NBT न्यूज, लखनऊ: बीकेटी स्थित सार क्रिकेट ग्राउंड पर जज और एडवोकेट के बीच तीन मैचों की श्रृंखला का फाइनल मुकाबला शनिवार को हुआ। जिसमें यूपी ज्यूडिशियल लायंस और यूपी एडवोकेट स्पोर्ट्स ट्रस्ट (UPAST) एकादश के बीच खेला गया। इसमें यूपी ज्यूडिशियल लायंस ने UPAST को 25 रन से हराया और चैंपियन बना।

UPAST ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करते हुए यूपी ज्यूडिशियल को बैटिंग का न्योता दिया। यूपी ज्यूडिशियल से सनी कर्दम ने ताबड़तोड़ नाबाद 76 रन की पारी खेली और टीम को 20 ओवर में 190 रन तक पहुंचाया। टीम के कुल 8 विकेट गिरे। UPAST से संदीप रावत ने चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट झटके।

जवाब में UPAST की पूरी टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 165 रन ही बना सकी। इससे पहले मुख्य अतिथि जज प्रकाश कुमार सिंह ने मैच का उद्घाटन किया। अंत में उन्होंने विजयी टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

फायरबॉल्स, खानदान-ए-अवध जीते

■ NBT न्यूज, लखनऊ: केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार को अधीर दुबे क्रिकेट टूर्नामेंट में खानदान-ए-अवध क्लब ने केवीसीएन को 54 रन से हरा दिया। खानदान-ए-अवध ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 183 रन का टोटल बनाया। जवाब में केवीसीएन आठ विकेट खोकर 129 रन ही बना सका। दूसरे मैच में फायरबॉल्स मास्टर्स ने 20 ओवर में दो विकेट पर 200 रन बनाए। जवाब में स्मैश क्रिकेट क्लब को फायरबॉल्स मास्टर्स ने 166 रन पर रोक दिया।

सुनीता को तीन कांस्य पदक

■ NBT न्यूज, लखनऊ: गाजियाबाद के मोदीनगर में खेली जा रही उत्तर प्रदेश वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के यूथ, जूनियर एवं सीनियर महिला वर्ग में शनिवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम की प्रशिक्षु सुनीता वर्मा ने अपने शानदार प्रदर्शन से चमक बिखेरी। सुनीता ने 58 किग्रा भारवर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए तीन कांस्य पदक अपने नाम किए। केडी सिंह के उपक्रीड़ाधिकारी अरविंद सिंह कुशवाहा ने बताया कि सुनीता राज्य और नैशनल स्तर पर पहले भी कई पदक जीत चुकी हैं। उनकी इस जीत पर आरएसओ डॉ अतुल सिन्हा, जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव रजीत सिंह समेत कई लोगों ने बधाई दी।

पैरामाउंट क्लब ने दर्ज की जीत

■ NBT न्यूज, लखनऊ: अयान अहमद (78* रन, 5 विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत शनिवार को पैरामाउंट क्रिकेट क्लब ने बीबीडी कॉलेज के खिलाफ 121 रन से जीत दर्ज की। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता स्टेडियम पर 40 ओवर के खेल में पैरामाउंट ने पहले बैटिंग करते हुए सात विकेट पर 275 रन बनाए। अंश चौधरी ने 98 रन जोड़े। जवाब में बीबीडी कॉलेज की टीम 29.5 ओवर में 154 रन पर सिमट गई। पैरामाउंट से प्लेयर ऑफ द मैच अयान ने 5.5 ओवर में 26 रन देते हुए पांच विकेट झटके। शिव और मो. रहीस को दो-दो सफलता मिली।

अनुशासनहीनता पर तीन खिलाड़ियों पर कार्रवाई

■ NBT न्यूज, लखनऊ: दो अलग-अलग मामलों में क्रिकेट असोसिएशन लखनऊ (सीएएल) ने तीन खिलाड़ियों पर मैच प्रतिबंध की कार्रवाई की है। सीएएल पीआरओ अभिजीत सरकार के अनुसार अनुशासन समिति की बैठक में मामले की विस्तृत जांच के बाद यह फैसला लिया गया।

सीएएल ने मैच खेलने पर लगाया प्रतिबंध

पहले मामले में हिमांशु सिंह और अतीत वर्मा को नियमों के उल्लंघन का दोषी पाया। जिसमें दोनों खिलाड़ियों को एक ही टूर्नामेंट में सीएएल की ओर से न खेलकर दूसरी टीम का प्रतिनिधित्व करते पाया गया। जिसके चलते दोनों खिलाड़ियों को 11 जनवरी से शुरू हो रहे सुबोध मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में खेलने का प्रतिबंध लगा। वहीं, दूसरे मामले में शौर्य सिंह को मेजर शहीद अमेन त्रिपाठी क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान मैदान पर अनुशासनहीनता करते पाया गया। सीएएल ने शौर्य को बीबीडी लीग ए डिवीजन के दो मैचों का प्रतिबंध लगाया। खिलाड़ियों को ऐसी गलती दोबारा न करने की भी चेतावनी दी।

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

स्मृति
शशि प्रभा
(15.12.1948 – 11.01.2023)
कभी ना भूल पायेंगे
स्मृतियां तुम्हारी
सभी परिवार के सदस्य,
सहकर्मी

स्कूलों में युवा, पराक्रम दिवस मनेगा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ मंडल के सभी माध्यमिक स्कूलों में इस साल परीक्षा पे चर्चा 2026 कार्यक्रम को जन आंदोलन की तरह मनाने की तैयारी है। कार्यक्रम 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस से शुरू होकर तक पराक्रम दिवस 23 जनवरी तक चलेगा। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि इस अवधि में विद्यालयों में दिवसवार विविध रचनात्मक एवं शैक्षिक गतिविधियां कराई जाएंगी। बताया कि विद्यालयों को सभी गतिविधियों के फोटो, विडियो व सेल्फी निर्धारित हैशटैग के साथ गूगल ट्रैकर और माई जीओवी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है।

सोमनाथ मंदिर स्वाभिमान पर्व मनाया

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: सोमनाथ मंदिर की सहस्राब्दी स्मृति और सोमनाथ मंदिर पुनर्निर्माण की 75वीं वर्षगांठ को सोमनाथ मंदिर स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाया गया। भाजपा लखनऊ महानगर के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन किया। वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह ने चारों धाम मंदिर विराम खंड में, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने सुजानपुर कैंट के प्राचीन अमरनाथ मंदिर और हनुमान मंदिर में पूजन किया। नीरज सिंह ने कहा कि यह पर्व हमें याद दिलाता है कि भारत की सभ्यता किसी एक कालखंड तक सीमित नहीं है, बल्कि पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ने वाली जीवंत चेतना है।

'रिटेल ट्रेड पॉलिसी हो लागू'

■ NBT न्यूज लखनऊ: उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में शनिवार को प्री-बजट चर्चा का आयोजन किया गया। इस चर्चा में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ व्यापारी, उद्योगपति, चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं कर विशेषज्ञ शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि आयकरदाताओं को उनके द्वारा जमा किए गए कर के अनुपात में कम से कम दस लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा एवं जीवन बीमा दिया जाना चाहिए। देश में ई-कॉमर्स के बढ़ते प्रचलन के कारण रिटेल सेक्टर का व्यापार लगातार प्रभावित हो रहा है, इसलिए सरकार को तुरंत रिटेल ट्रेड पॉलिसी और ई-कॉमर्स पॉलिसी लागू करनी चाहिए।

फटाफट खबरें

गरीब, जरूरतमंद को बांटे कंबल

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर: केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एएसजी लखनऊ इकाई द्वारा शनिवार को गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे गए। सीआईएसएफ के वरिष्ठ कमांडेंट अनूप कुमार के नेतृत्व में सीआईएसएफ कर्मियों ने चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के आसपास क्षेत्रों में अभियान चलाया। इस दौरान सरोजनीनगर स्थित वृद्धाश्रम सहित झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंदों को कंबल बांटे।

'सच्चे प्रहरी होते हैं समाजसेवी'

■ NBT न्यूज, मोहनलालगंज: किसान यूनियन भानु गुट के प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा ने शनिवार को मोहनलालगंज ब्लॉक परिसर में तहरी भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक सभागार में समाजसेवियों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित करने के साथ हुई। इस अवसर पर ऋषि मिश्रा ने कहा कि समाजसेवी समाज के सच्चे प्रहरी होते हैं। उनकी जागरूकता से समाज में फैली कुरीतियों का अंत संभव हो पाया है। कमजोर व वंचित वर्ग को न्याय दिलाने में समाजसेवियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश द्विवेदी, अखिलेश द्विवेदी, विमल सिंह, उमेश गुप्ता, विजय जायसवाल, मनोज यादव, अनुपम मिश्रा, योगेन्द्र तिवारी सहित अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

पं. श्रीराम शर्मा का वाङ्मय स्थापित

■ NBT न्यूज, लखनऊ: देवा रोड स्थित बाबा कॉलेज ऑफ नर्सिंग के पुस्तकालय में शनिवार को चिनहट, पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों के वाङ्मय की स्थापना की गई। यह काम गायत्री ज्ञान मंदिर, इंदिरा नगर के विचार क्रांति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत किया गया। मौके पर उमानंद शर्मा ने बताया कि वाङ्मय की स्थापना का यह 456वां कार्यक्रम था। इस अवसर पर आरके वाजपेई, वीके श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य डॉ. अर्चना चौहान, अनुभव सक्सेना, अनुपमा सक्सेना, कमल सक्सेना मौजूद रहे।

दिव्यांगों को दी ट्राइसाइकल

■ NBT न्यूज, लखनऊ: स्वास्थ्य जागरूकता श्रृंखला के तहत गोमतीनगर के विशालखंड में ममता चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 65वां कंबल एवं कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन रक्षा मंत्री व सांसद राजनाथ सिंह की प्रेरणा से हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं व बुजुर्गों को चश्मा, दिव्यांगों को ट्राइसाइकल, वीलचेयर, बैसाखी, छड़ी और कान की मशीन वितरित की गई। साथ ही हजारों जरूरतमंदों को कंबल दिए गए। ट्रस्ट द्वारा नेत्र जांच शिविर भी लगाया गया। कार्यक्रम को पार्षद रामकृष्ण यादव व उनकी टीम ने सफल बनाया।

विलादत पर सजी महफिलें

■ NBT न्यूज, चौक: हजरत इमाम हुसैन की मासूम बेटी जनाबे सकीना की विलादत के सिलसिले में कर्बला अजमतुद्दौला मेंहदीगंज में एक महफिल का आयोजन किया गया। महफिल का आगाज कारी मोहम्मद जव्वाद ने तिलावते कुराने पाक से व संचालन हसन आबिद ने किया। महफिल को खिताब करते हुए मौलाना रजा हुसैन ने शहजादी सकीना की अजमत बयान की। इसके बाद शायर अंजुम गढ़ौरी, मुजम्मिल अब्बास, अब्बास अली दानिश, इजहार हुसैन, कम्बर नकवी, सरवर दबीरी, अयान रिजवी, कासिम रजा, फुरकान हुसैन, फरमान लखनवी, फरमान अब्बास और कामिल रिजवी ने अपने कलाम पेश किए।

बच्चों की आंख, दांत की हुई जांच

■ NBT न्यूज, पीजीआई: तेलीबाग के गांधी नगर 'ए' ब्लॉक में स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज में शनिवार को बच्चों व उनके अभिभावकों के लिए निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सैकड़ों बच्चों और अभिभावकों की आंखों व दांतों की जांच की गई। आंखों की जांच के लिए डॉ. अखिलेश पांडेय और दांतों के परीक्षण के लिए डॉ. अखिलेश दास मौजूद रहे। विद्यालय की प्रिंसिपल अर्चना सिंह और मैनेजर अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि इस कैंप का उद्देश्य बच्चों व अभिभावकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था।

मजदूरों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

■ NBT न्यूज, लखनऊ: मोबाइल हेल्थ यूनिट ने शनिवार को निर्माण स्थलों पर कार्यरत कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत टीम ने शहर के ओमेक्स ग्रांड, शालीमार वन वर्ल्ड, शालीमार गैलेंट, अमौसी एयरपोर्ट, एल्डिको आईआईएम रोड आदि की साइट पर काम कर रहे रजिस्टर्ड मजदूरों का 45 मानकों के आधार पर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष कुमार, अपर श्रमायुक्त लखनऊ क्षेत्र कल्पना श्रीवास्तव व अन्य मौजूद रहे।

संगठन को मजबूत करने पर जोर

■ NBT न्यूज, लखनऊ: वृंदावन कॉलोनी, सेक्टर-6 में शनिवार को प्रगतिशील ब्राह्मण कल्याण समिति का वार्षिक समागम हुआ। इसमें संगठन को मजबूत करने और सदस्य संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही तहरी भोज भी हुआ। इस अवसर पर कैंट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने वृंदावन कॉलोनी में भगवान परशुराम की प्रतिमा लगवाने के लिए क्षेत्रीय विधायक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष एपी मिश्रा, महासचिव शिवप्रकाश मिश्र ने संगठन को मजबूत करने और इसकी सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया। रमाशंकर त्रिपाठी, कृपाशंकर शुक्ल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के संयोजक प्रणव अग्निहोत्री थे। मीडिया प्रभारी अतुल मिश्रा ने बताया कि प्रगतिशील ब्राह्मण कल्याण समिति को स्थापित हुए 14 वर्ष हो गए हैं।

नौ दिवसीय महोत्सव शुरू

■ NBT न्यूज, लखनऊ: आधुनिक भारत के राष्ट्र नायक स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती पर शनिवार से निराला नगर स्थित श्रीराम कृष्ण मठ में नौ दिवसीय महोत्सव शुरू हुआ। महोत्सव की शुरुआत पारम्परिक रीति रिवाजों के साथ हुई। उत्सव 18 जनवरी तक चलेगा। इस अवसर पर अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानंद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद पर रामकृष्ण परमहंस गहरी छाप छोड़ी और वे उनके शिष्य बन गए। सत्संग के बाद विशेष पूजा, चण्डी पाठ, भक्तिगीत और मंत्रोच्चार किया गया।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

प्रॉपर्टी
बिक्री के लिए
कानपुर

2-BHK NEW FLAT for Sale at 7th Floor, Park Facing in KDA Signature Green, Vikas Nagar, Kanpur Contact - 7388616167

लखनऊ

1248 sqft LDA North facing main divider 24 MT road near patrakar crossing Gomti Nagar Lko plot for sale. Brij property-9415019850, 7706056789

MAHANAGR 100 ft wide Rd V. primeloc for comm purpose front facing 2500 sft 2nd flr & roof 2500 sft for sale 5 Cr only price. 9452512968, 9838949087

आवास चाहिए

REQUIRED on Lease/ Rent for Automobile S/Room 2000sqft floor area (Front 40 ft) on GF/UGF with Parking space on Sitapur Road from Daliganj Railway crossing to Galla Mandi Petrolpump # 9611115551

किराये के लिए
लखनऊ

HAZRATGANJ (3 Park Road Gated Colony) 1BHK Fully Furnished Flat with 2 AC, Fridge, Gas, RO, Washing Machine Etc. # 9450641395

ELDECO-REGALIA IIM Road Lucknow, Gated society 3 BHK GF, Park & East facing, car parking (Rent 25000 negotiable) Ph: 9140735472

SPACE available 800 Sq. Ft. for Rent ideal for Coaching/ Banks/ Store at Hazratganj, Lucknow in front of Zoo. Contact: 9369847771

FORTUNA TOWER
Office Space for Rent
In Lucknow at Fortuna Tower 2nd Floor, 10, Rana Pratap Marg Near Dainik Jagran Chauraha
Area 6000 sqft
• LDA Approved
Call- 9369821734 9044777385
Email : office@citymall.co.in
Current Occupant: ICICI Bank, GAIL, Green Gas, L&T, Idea Cellular

ऑटो
प्री ओन्ड व्हीकल्स
टोयोटा

INNOVA Crysta 2.8 Z first owner driven (20th Dec 2016 model) done 201000 km Cherry Red colour excellent condition for Rs 1100000. Mob. 9235666802

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
अकादमिक
सामान्य

REQUIRED - PGT, TGT, PRT, NTT (All Subjects)& Accountant, at Rameshwaram I.A. Lucknow CV Email at hrriastp2023@gmail.com Call 9219933461

CATHEDRAL SCHOOL
Lucknow
CBSE Affiliation no. 2130036
E-mail- cathedralschoollucknow@yahoo.com
Requires
Qualified, trained & experienced Teachers with fluency in English are required for the post of:
PRT, PGT MATHS, PGT COMP, PTI, MUSIC (Pref'bly Female)
Interested candidates may mail their CV to the above email address or submit it in school office before 15th Jan 2026.

WE ARE HIRING!!!
Required Faculty
Required faculty members for AICTE Approved PGDM in Artificial Intelligence and Data Science Course.
Educational Qualifications
MCA/M.tech./ M.Sc in Computer Science with minimum, 60% Marks from Affiliated Institute/ AICTE Approved Institute. Apply within 07 days, interested candidate may send their Resume to our E-mail Id: iem_lko@rediffmail.com
Institute of Environment & Management, Lko.
Mob: 7985764060, 9450650965

शिक्षक

REQD Female B.Ed/ trained Teachers for Hindi Maths Fine Arts Pre Primary Librarian Office Asst / IT staff St. Anjani's Public School, F-Blk Rajaji Puram Lko Email cv: recruitmentsaps7@gmail.com , 05224021180

CHIRANJIV Bharati School, Sec- M, Aashiana, Lucknow English TGT (IX-X) & English PGT (XI-XII). Apply Urgently. CV: cbslucknow@gmail.com

REP. Eng. Med. Harsingar International School near Gudamba Thana Kursi Road, Lko. Req. Exp. Principal (F) & PRT Teacher's(F). # 9984942771

प्रशासन
प्रबंधक

URGENT requirement in APC channel, rtd. Navy / Army person, no target, age 55 to 60 + fixed income- 20K-65K, Gate no- 3, Alambagh/Ashiana Lko. 9118177301

विपणन, विज्ञापन और बिक्री
Tele Caller

REQUIRES Experienced Telecaller for Solar Power Plants, Experience 1 to 4 years Call- 9721304582, 99885 12576

अन्य रिक्तियां
पार्ट टाइम जॉब

MNC req. Developer Manager Retired & Business person, Housewife can join. Salary 30K-75K, Gomtinagar. free medical cover, foreign trip. # 9795061355

टेंडर और नोटिस
सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

सूचना
[illegible]

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

HEALTH & WELLNESS TIMES interact

आस्था मैटरनिटी एवं लेप्रोस्कोपी सेंटर
आस्था I.V.F.
लखनऊ में महिलाओं के उन्नत स्वास्थ्य और मातृत्व के लिए एक भरोसेमंद नाम



डॉ. सुमिता अरोड़ा
MBBS, MD (obs & gyne), FMAS
• एडवांस्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
• प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
• IVF/ICSI विशेषज्ञ
• 30+ वर्षों का अनुभव

हमारी प्रमुख सेवाएँ:
एडवांस्ड लेप्रोस्कोपिक एवं हिस्टेरोस्कोपिक सर्जरी
प्रसूति एवं स्त्री रोग
IVF/ ICSI
अब आस्था IVF के साथ: माँ बनने का सपना होगा सच!
हमारी उन्नत फर्टिलिटी सेवाएँ:
IUI & IVF (ICSI)
PGT (प्री इम्प्लांटेशन जेनेटिक टेस्टिंग)
डोनर प्रोग्राम एवं फर्टिलिटी प्रिजर्वेशन
पुरुष बांझपन
अंडे और शुक्राणु फ्रीजिंग
पता: सेक्टर- H, पकड़ी पुल के पास, आशियाना (LDA कॉलोनी), लखनऊ
0522-4070369, +91 7408427722

TRAVEL DESTINATION TIMES interact

HAJJ 2026
Dep.: May 2026 LKO → JED
Arrived: June 2026 JED → LKO
32-33 DAYS SHIFTING PACKAGE
SHARING BASIS 4 PAX IN A ROOM

HOTEL IN MAKKAH	HOTEL IN MADINAH	MUALLIM	750,000/- PER PAX ALL TAX INC.
5- Star ANJUM OR HILTON 50 MTR.	MIRAGE TAIBA OR SIMILOR 200 MTR.	Zone 3 Category B VIP Muallim	

Note: As per MOMA govt. of india Guidelines. Complete their booking on or before Jan 2026.
IATA
HIND TOURS & TRAVELS
Approved by:
Ministry of Minority Affairs (Haj Cell), Government of India and Ministry of Hajj, Kingdom of Saudi Arabia
B-51/52, Tej Kumar Plaza, Hazratganj, Lucknow
Call/Whatsapp: +91-9936749998, 9936263483
Landline: 0522-4588855, Email: htt.lko@hotmail.com

TIMES interact

[illegible]
ROL sample ad 5 lines

CD Sample ad 5 cm x 3 cm

CATEGORY » SERVICE
Publication:
TOIL+KNP+ TOILC+ALLVAR+ ETL+NBTL

Scheme	Cost ROL	Cost CD
1	₹1,400	₹6,150
4+1	₹5,600	₹24,600
7+2	₹9,800	₹43,050
10+3	₹14,000	₹61,500
19+6	₹26,600	₹1,16,850
25+8	₹35,000	₹1,53,750

Above packages are excluded of GST
ROL COST is for 5 lines, extra line 20%
CD Cost on minimum size - 3 x 5 cm

Contact - LUCKNOW: Kuldeep Tiwari 9044122662 Anurag Nautiyal 8840945902
KANPUR: Anoop Dixit 7860802468
ALLAHABAD: Amit Kumar Srivastava 9044075051
VARANASI: Nitesh Arora 9559983838
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha 9415019274

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 11-01-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG7 User: vivek.kumar4 Time: 01-10-2026 21:27 Color:

गुजरात सरकार

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री भूपेन्द्रभाई पटेल
माननीय मुख्यमंत्री, गुजरात

Vibrant GUJARAT REGIONAL CONFERENCES
Regional Aspirations, Global Ambitions



कच्छ और सौराष्ट्र

11 और 12 जनवरी, 2026

क्षेत्रीय आकांक्षाएँ, वैश्विक महत्वाकांक्षाएँ

प्रमुख क्षेत्र

- सिरेमिक्स
- MSMEs
- इंजीनियरिंग
- स्टार्टअप्स
- मिनरल्स
- पेट्रोकेमिकल्स
- फिशरीज़
- टेक्सटाइल
- पोर्ट्स और लॉजिस्टिक्स
- कौशल विकास
- पर्यटन और संस्कृति
- कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण
- ग्रीन एनर्जी इकोसिस्टम
- मशिनरी और इक्विपमेन्ट
- ब्लू इकोनॉमी

सम्मेलन की मुख्य विशेषताएँ

- उद्घाटन समारोह
- क्षेत्र-विशिष्ट सेमिनार
- कंट्री सेमिनार
- पैनल डिस्कशन्स
- सीईओ राउन्ड टेबल सम्मेलन
- स्टार्टअप सम्मान समारोह
- B2B / B2G मीटिंग्स
- विशेष दौरे
- औद्योगिक दौरे
- क्षेत्रीय MSME सम्मेलन
- क्षेत्रीय पुरस्कार (MSMEs / आर्टिज़न)
- ट्रेड शो / प्रदर्शनी
- रिवर्स बायर-सेलर मीटिंग
- उद्यमी मेला
- विक्रेता विकास कार्यक्रम
- सांस्कृतिक कार्यक्रम
- समापन सत्र

वाइब्रेंट गुजरात रीजनल एक्ज़ीबिशन

11 से 15 जनवरी, 2026 | सुबह 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक

माननीय प्रधानमंत्री

श्री नरेन्द्र मोदी जी

द्वारा शुभारंभ

गरिमामय उपस्थिति

श्री भूपेन्द्रभाई पटेल
माननीय मुख्यमंत्री, गुजरात

श्री हर्ष संघवी
माननीय उपमुख्यमंत्री, गुजरात

11 जनवरी, 2026, रविवार | 12:30 बजे | मारवाड़ी युनिवर्सिटी, राजकोट, गुजरात

''वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस से गुजरात के औद्योगिक उत्कर्ष की नई दिशा खुलेगी।''
- श्री हर्ष संघवी, माननीय उपमुख्यमंत्री, गुजरात

भागीदार देश: Japan, Rwanda, South Korea, Ukraine

सीधा प्रसारण: CMOGuj CMOGuj CMOGujarat CMOGujarat vibrantgujarat vibrantgujarat vibrant_gujarat vibrantgujarat

भागीदार संस्थाएँ: icbc, JETRO, US-INDIA, U.S.-India Business Council, THE WORLD BANK, ACMA, IACC Indo-American Chamber of Commerce, UBC, kotra, FEBI, AMCHAM

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in